निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार 29 जनवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 252 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित



धनबाद की जमुनिया नदी का औचक निरीक्षण करती केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की टीम

# पिछले एक दशक में 25 करोड़ नागरिक गरीबी से बाहर आए : राष्ट्रपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र बुधवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन लोकसभा में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। राष्ट्रपति मुर्मू ने सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने विकसित भारत-जी राम जी कानून 2025 का भी जिक्र किया जिसका राजग के सांसदों ने स्वागत किया। वहीं विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया। बता दें कि भारत का आर्थिक सर्वे 29 जनवरी को पेश किया जाएगा, जिसके बाद 1 फरवरी को केंद्रीय बजट 2026-27 पेश किया जाएगा। वित्त मंत्रालय के द्वारा तैयार आर्थिक सर्वे 2025-26 (अप्रैल-मार्च) के लिए इकोनॉमी की स्थिति और अलग-अलग मानकों के साथ-साथ अगले वित्त वर्ष के बारे में जानकारी देता है। यह सत्र 65 दिनों में 30 मीटिंग तक चलेगा। यह 2 अप्रैल को खत्म होगा। दोनों सदन 13 फरवरी को ब्रेक के लिए बंद हो जाएंगे और 9 मार्च को फिर से शुरू होंगे ताकि स्टैंडिंग कमेटियां अलग-अलग मंत्रालय और विभागों के अनुदान की मांगों की जांच कर सकें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार की पॉलिसी के हिसाब से सुरक्षा बलों ने माओवादी आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। सालों से देश के 126 जिलों में डर और अविश्वास था। माओवादी विचारधारा ने कई पीढ़ियों का भविष्य अंधेरे में धकेल दिया। इसका सबसे ज़्यादा नुकसान युवाओं, आदिवासियों और दलितों को हुआ। आज माओवादी आतंक की चुनौती सिर्फ 8 जिलों तक ही सीमित है। इनमें से 3 जिले ऐसे हैं जो गंभीर रूप से प्रभावित हैं। इस एक साल में माओवादियों से जुड़े लगभग 2000 लोगों ने सरेंडर किया है। इससे लाखों नागरिकों की जिंदगी में शांति लौट आई है। वह दिन दूर नहीं जब हमारे देश से माओवादी आतंक पूरी तरह खत्म हो जाएगा।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार की विकासशील सोच और नीति



की वजह से देश के हर बड़े एरिया में महिलाएं तेजी से आगे बढ़ी हैं। इसी दिशा में कुछ महीने पहले देश ने एक और बड़ा मील का पत्थर हासिल किया जब नेशनल डिफेंस एकेडमी से महिला कैडेट्स का पहला बैच पास आउट हुआ। इससे यह भरोसा और पक्का हुआ है कि देश के डेवलपमेंट और एम्पावरमेंट में 'नारी शक्ति' सबसे पहले आती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि गांव के इलाकों में रोजगार और विकास के लिए जी राम जी कानून बनाया गया है। इस नए सुधार से गांवों में 125 दिन की रोजगार गारंटी मिलेगी। एनडीए-बीजेपी सांसद ने तारीफ में मेजें थपथपाई, वहीं विपक्षी सांसद ने खड़े होकर अपना विरोध दर्ज कराया और कानून वापस लेने की मांग की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने हमेशा बराबरी और सोशल जस्टिस पर जोर दिया। हमारा संविधान भी हमें इसके लिए प्रेरित करता है। देश के हर नागरिक को बिना किसी भेदभाव के उनके पूरे अधिकार मिलने चाहिए। मेरी सरकार सच्चे सोशल जस्टिस के लिए प्रतिबद्ध है। इसी का नतीजा है कि पिछले एक दशक में 25 करोड़ नागरिक गरीबी से बाहर आए हैं। सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबी को दूर करने की मुहिम को और तेजी से आगे बढ़ाया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि साल 2026 के साथ, हमारा देश इस सदी के दूसरे स्टेज में एंटर कर चुका है। भारत के लिए, इस सदी के पहले 25 साल का अंत कई सफलताओं, गर्व करने वाली उपलब्धियों और असाधारण अनुभवों से भरा रहा है। पिछले 10-11 सालों में भारत ने हर सेक्टर में अपनी नींव मजबूत की है। यह साल विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा का एक बड़ा बेस है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस मनाया। बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पूरे देश ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और आदिवासी समुदाय के लिए उनके योगदान को याद किया। सरदार पटेल की 150वीं जयंती से जुड़े कार्यक्रम ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को और मजबूत किया। पूरा देश गवाह बना कि कैसे भारत रत्न भूपेन हजारिका की जयंती के जश्न ने देश को संगीत और एकता की भावना से भर दिया। जब देश अपने पूर्वजों के योगदान को याद करता है तो नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है जो विकसित भारत की हमारी यात्रा को और तेज करती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मुझे संसद के इस सत्र को संबोधित करते हुए बहुत खुशी हो रही है। पूरे देश में वंदे मातरम के 150 साल पूरे हो रहे हैं। इस महान प्रेरणा के लिए देश के लोग बंकिम चंद्र चटर्जी को नमन कर रहे हैं। मैं सभी सांसदों को बधाई देती हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी की हत्या कर फरार चल रहे पति ने दी जान

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद फरार चल रहे साहेब अंसारी का शव बरामद हुआ है। 24 जनवरी को साहेब अंसारी ने अपनी ही पत्नी की गोली मार कर हत्या कर दी थी और उसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। साहेब अंसारी को रांची की डोरंडा पुलिस 24 जनवरी से तलाश रही थी लेकिन वह पुलिस को नहीं मिला। बुधवार की सुबह साहेब अंसारी का शव उसके घर के पास स्थित एक कमरे से बरामद किया गया है।

### इमली पेड़ से लटकी मिली युवक की लाश

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र में एक युवक की इमली के पेड़ से लटकी लाश बरामद की गई। उसका शव महुआडांड़-डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पर बहराटोली मोड़ के पास मिला। मृतक की पहचान राजदंडा गांव निवासी देवानंद लकड़ा (21) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि युवक ने सुसाइड किया है।

### हाइवा की टक्कर से युवक की मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** निरसा थाना क्षेत्र के ईसीएल मुगमा एरिया अंतर्गत चापापुर टू कोलियरी मार्ग पर बीती रात एक सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक मिथुन कुंभकार की मौके पर ही मौत हो गई। मिथुन सोनवाद पंचायत के कोड़ाडंगाल निवासी था। देर रात 11 से 12 बजे के बीच वह अपने घर लौट रहा था, तभी एक अज्ञात हाइवा वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### दो हाथियों की आपसी भिड़ंत में एक की मौत

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थिति में एक हाथी की मौत हो गई है। वन विभाग के अनुसार सागरकाट्ठा और रोंमारा गांव के बीच आपसी संघर्ष में एक हाथी की मौत हो गई है। हालांकि, इस घटना ने तब पेचीदा मोड़ ले लिया जब मृत हाथी का टूटा हुआ दांत मौके से गायब पाया गया। वन विभाग द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार झींकपानी थाना क्षेत्र में दो नर हाथियों के बीच हिंसक भिड़ंत हो गई। इस लड़ाई में एक हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मृत्यु हो गई।

### डोंगा घाट से किशोर का शव बरामद

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बरिडीह क्षेत्र स्थित बजरंग चौक के पास डोंगा घाट से घटना के 48 घंटे बाद बुधवार को 11 वर्षीय बालक अंकुश कालिंदी का शव बरामद किया गया। अंकुश 26 जनवरी को पानी में डूब गया था। बुधवार को एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को बरामद किया।

# विमान हादसे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार समेत पांच लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बारामती के पास बुधवार को सुबह एनसीपी नेता और राज्य के डिप्टी सीएम अजित पवार का चार्टर प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस खबर के आने के बाद हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक यह हादसा उस समय हुआ जब अजित पवार का प्लेन बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग करने जा रहा था। इस हादसे में विमान पर सवार डिप्टी सीएम अजित पवार समेत सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि 66 साल के अजित पवार मुंबई से बारामती चुनाव प्रचार के लिए जा रहे थे। उन्हें वहां जिला परिषद चुनाव से जुड़े एक कार्यक्रम में हिस्सा लेना था। डीजीसीए के एक अधिकारी ने भी अजित पवार के निधन की खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार भीसीआर एविएशन के भीटी-एसएसके लियरजेट 45 एयरक्राफ्ट में सवार थे। अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम



अजित पवार, 2 और लोगों (एक पीएसओ और एक अटेंडेंट) और 2 क्रू ( पीआसी + एफओ) के सदस्यों के साथ प्लेन में थे। यह चार्टर प्लेन 8 बजकर 45 मिनट पर यह चार्टर लैंडिंग के समय क्रैश हो गया। जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग, प्रशासन और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गईं। यह पता नहीं चल सका है कि विमान हादसे किस वजह से हुआ। मौके से जो तस्वीरें सामने आई हैं उनमें साफ देखा जा सकता है कि विमान में भयंकर आग लगी है। तेज धुआं उठ रहा है। जो वीडियो सामने आया है उसमें अजित पवार का विमान खेत में क्रैश हुआ है। यह चार्टर प्लेन पूरा जलकर राख हो गया है। सूत्रों से पता चला है कि बारामती पहुंचने के तीन-चार किमी पहले ही यह विमान क्रैश हो गया। सूत्रों से पता चला है कि अजित पवार ने एक दिन पहले ही मुंबई में कैबिनेट बैठक में हिस्सा लिया था। इसके बाद वे पुणे में अगले महीने होने वाले जिला परिषद चुनावों के सिलसिले में बारामती के लिए निकले थे।

### झारखंड में शोक की लहर, राज्यपाल व सीएम हेमंत ने जताया दुख

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** महाराष्ट्र के बारामती में चार्टर्ड प्लेन हादसे में डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन पर झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा समेत तमाम नेताओं ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बारामती विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन पर गहरा दुख जताते हुए हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। राज्यपाल ने ईश्वर से शोकाकुल परिवारजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संदेश में कहा है कि महाराष्ट्र के बारामती में प्लेन क्रैश में डिप्टी सीएम अजित पवार समेत अन्य लोगों के आकस्मिक निधन का अत्यंत हृदयविदारक समाचार मिला। अजित जी का आकस्मिक निधन महाराष्ट्र की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। मरांगबुरु दिवंगत अजित समेत अन्य की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों, पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों को दुख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

# पड़हा राजा सोमा मुंडा हत्याकांड का खुलासा, छह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** खूंटी के चर्चित पड़हा राजा सोमा मुंडा हत्याकांड का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह हत्या किसी तात्कालिक विवाद का नतीजा नहीं बल्कि जमीन कारोबार से जुड़े लंबे समय से चल रहे विवाद और सुनियोजित साजिश का परिणाम था। हत्या की पूरी योजना पहले से बनाई गई थी जिसे शूटरों और सहयोगियों की मदद से अंजाम दिया गया है। खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि इस हत्याकांड में शूटर समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व में भी आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपी जमीन खरीद फरोख्त के कारोबार में सक्रिय थे और सीएनटी/गैरमजरुआ जमीन से जुड़े लेन-देन को लेकर सोमा मुंडा से उनका विवाद चल रहा था। इसी विवाद में सोमा मुंडा को रास्ते से हटाने की साजिश रची गई। साजिश के तहत हथियार, मोटरसाइकिल और शूटरों की व्यवस्था की गई थी। बता दें कि 7 जनवरी 2026 को सोमा मुंडा जब अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से खूंटी जा रहे थे तभी घात लगाए बैठे अपराधियों ने उनका पीछा किया। जमुवादाग तालाब के पास देसी पिस्टल से गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थे। खूंटी एसपी ने बताया कि यह पूरी तरह से सुनियोजित हत्या थी। जिसमें जमीन कारोबार से जुड़े आर्थिक लाभ के लिए साजिश रची गई। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने एसआईटी गठित कर तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल कॉल डिटेल्स और गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी शुरू की। जांच के दौरान हत्या में प्रयुक्त देसी पिस्टल, चार जिंदा गोलियां, दो मोटरसाइकिल और अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में 44 वर्षीय दानियल सांगा, 20 वर्षीय सुमित दाल सांड, 20 वर्षीय मार्कुस सांगा, 25 वर्षीय रोशन मिंज, 35 वर्षीय संदीप खलखो और 32 वर्षीय संतोष दाल सांड शामिल हैं।

# मारपीट और हंगामे के विरोध में नर्सों ने किया कामकाज का बहिष्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान एक बार फिर अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में है। अस्पताल में कार्यरत नर्सों ने कामकाज बंद कर दिया है। नर्सों का आरोप है कि ड्यूटी के दौरान मरीज के परिजनों द्वारा उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज और हंगामा किया गया, जिसके बाद उन्होंने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया। नर्सों के अनुसार मेडिसिन ए2बी वार्ड में शाम लगभग चार बजे मरीज हसीब अंसारी के अटेंडेंट के साथ विवाद हुआ। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात नर्स अनुपमा कुमारी तिर्की के साथ कथित रूप से मारपीट की गई। नर्स अनुपमा तिर्की का कहना है कि आरोपी अटेंडेंट खुद को कांग्रेस नेता और स्वास्थ्य मंत्री का आदमी बताकर धमकी दे रहा था और उसी ने उनके साथ ज्यादती की। घटना के बाद जब नर्स अनुपमा तिर्की ने रिम्स प्रबंधन से शिकायत की तो उनका आरोप है कि प्रबंधन ने कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ही डांट दिया। इससे नर्सिंग स्टाफ में रोष और असुरक्षा की भावना और गहरी हो गई। नर्सों का कहना है कि ड्यूटी के दौरान वे खुद को पूरी तरह असुरक्षित महसूस करती हैं। घटना से आक्रोशित नर्सों ने रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के बाहर आंदोलन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान वे डायरेक्टर और डिप्टी सुपरिटेंडेंट को मौके पर बुलाने और अपनी सुरक्षा की गारंटी देने की मांग करती नजर आईं। नर्सों का स्पष्ट कहना है कि जब तक उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, वे काम पर वापस नहीं लौटेंगी।

# नगर निकाय चुनाव : मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी स्थित बिरसा कॉलेज में बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं, विशेषकर युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। रैली का नेतृत्व कॉलेज के प्राचार्य चंद्रकिशोर भगत ने किया। रैली की शुरुआत प्राचार्य चंद्रकिशोर भगत ने छात्र-छात्राओं को गुलाब का फूल देकर की। उन्होंने कहा कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव की घोषणा हो चुकी है और ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। उन्होंने कहा कि कॉलेज के छात्र-छात्राएं समाज का जागरूक वर्ग हैं, जो परिवार, गांव और समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इस अवसर पर शिक्षक राजकुमार




गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका सबसे अहम होती है। एक-एक वोट से ही सरकार और जनप्रतिनिधियों का चयन होता है। इसलिए समाज में मतदान को लेकर जागरूकता फैलाना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से बिना किसी भय और प्रलोभन के मतदान करने की अपील की। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सोमारी कुमारी, फुलमनी टोप्पो, अनीता कच्छप, मनोज कुमार सहित कई विद्यार्थियों ने कहा कि मतदान उनका संवैधानिक अधिकार है और वे समाज में मतदाता जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी लाइन हाजिर

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** हुसैनाबाद थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सोनू कुमार चौधरी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मंगलवार को थानेदार सोनू कुमार चौधरी का पत्नी के साथ एक रील्स वायरल हुआ था। रील्स वायरल होने के बाद थाना प्रभारी के खिलाफ जांच बिठाई गई थी। जांच रिपोर्ट आने के बाद हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी को लाइन हाजिर किया गया है। वहीं पाटन अंचल में तैनात इंस्पेक्टर चंदन कुमार को हुसैनाबाद का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं इंस्पेक्टर सुरेश मंडल को पाटन का नया इंस्पेक्टर बनाया गया है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने कार्रवाई की पुष्टि की है।


# पलामू में मिनी मोबाइल फैक्ट्री का पर्दाफाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू पुलिस ने पांकी में 'मिनी मोबाइल फैक्ट्री' का पर्दाफाश किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से मोबाइल फोन को रीफर्बिश्ड व असेंबल कर बाजार में बेचनेवाले एक संगठित गिरोह का चौंकाने वाला खुलासा किया है। कार्रवाई में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें पांकी थाना क्षेत्र के खाप सरौना निवासी विकल्प कुमार सिंह (30 वर्ष) तथा पांकी निवासी रंजीत कुमार (24 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस ने उन दोनों की निशानदेही पर छापामारी की। जहां से भारी मात्रा में मोबाइल, मदर बोर्ड, बॉडी, चार्जर, बैट्री एवं ई-वेस्ट सामग्री बरामद की गई है। पलामू



एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पांकी थाना क्षेत्र के खाप सरौना गांव निवासी विकल्प कुमार सिंह के घर में जियो व सैमसंग कंपनी के कीपैड मोबाइल अवैध रूप से तैयार कर बाजार में बेचे जा रहे हैं। सूचना के आलोक में लेस्लीगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर विकल्प कुमार सिंह के घर पर छापा मारा गया। घर के प्रथम तल के एक कमरे में बड़ी संख्या में पुराने मदर बोर्ड, जियो व सैमसंग के कीपैड मोबाइल, मोबाइल बॉडी सहित रिपेयरिंग का सामान बरामद किया गया। मौके की स्थिति देखकर यह मिनी मोबाइल फैक्ट्री जैसा सेटअप प्रतीत हो रहा था। पूछताछ के दौरान विकल्प कुमार सिंह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इस संबंध में पांकी थाना कांड संख्या-08/2026, दिनांक 27 जनवरी 2026 के तहत धारा 318(2)/ 318(4)/ 349/ 338/ 336(3)/ 3(5) बीएनएस-2023, ट्रेडमार्क अधिनियम 1999 की धारा 103/104 तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन, पुअनि. रविंद्र साय, अनुप टोपनो, सअनि प्रमोद कुमार राय तथा आरक्षी शंकर राम, अक्षय कुमार रजक,अर्जुन सिंह और अभिषेक कुमार पासवान शामिल थे।



## संक्षिप्त समाचार

### कड़ी मशक्कत से ढाई घंटे बाद नीचे उतरा, बोला- ठंड लग रहा था, इस वजह से ऊपर चढ़ गया

**नालंदा,एजेंसी।** नालंदा में एक युवक 132 केवी हाईटेंशन लाइन के पोल पर चढ़ गया है। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना हिलसा थाना क्षेत्र के कामता हॉल्ट के पास की है। युवक उच्च दबाव वाली बिजली लाइन पर करीब ढाई घंटे कर बैठा रहा। वह कुछ बोल नहीं रहा था, सिर्फ हाथों से इशारे कर रहा था। स्थानीय लोग और पुलिस टीम को उसे नीचे उतारने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। युवक की पहचान कटिहार जिला के परसोई गांव निवासी जितेंद्र के दौर पर हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि उसे ठंड लग रही थी, इसलिए बिजली के पोल पर चढ़ गया था। घर का पता भूल गया हूं, इसलिए पिछले एक महीने से नालंदा में रह रहा हूं। वहीं, हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतित हो रहा है। वह अपना नाम-पता सही से नहीं बता पा रहा है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। प्रत्यक्षदर्शी निर्देश कुमार ने बताया कि मेरे खेत पर पटवन का काम चल रहा था। उसी को देखने पहुंचा था। युवक आसपास घूमते हुए दिखा। अचानक पोल पर चढ़ने लगा। हमलोगों ने नीचे उतरने का इशारा भी किया। उसे रोका भी, लेकिन वो ऊपर चढ़ता चला गया। पोल के सबसे ऊपरी हिस्से पर जाकर बैठ गया। काफी मशक्कत के बाद उसे उतारा गया है।

### आरा-छपरा मार्ग पर नीलगाय बनी मौत का कारण, बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**आरा, एजेंसी।** कोईलवर थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-छपरा मुख्य सड़क पर मनभावन मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क पार कर रही नीलगाय से टकराने के बाद बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहाँ गांव निवासी भुअर यादव के पुत्र चंदन कुमार है। वहीं, बाइक पर सवार दूसरा युवक सन्नी कुमार, जो चंदन का रिश्तेदार बताया जा रहा है, इस हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों युवक बाइक से आरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क पार कर रही नीलगाय बाइक के सामने आ गई। तेज रफ्तार के कारण बाइक सवार संभल नहीं पाए और नीलगाय से टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को तत्काल कोईलवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने चंदन कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं सन्नी कुमार की स्थिति नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कोईलवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

### बगहा पुलिस ने 74 लीटर शराब किया जब्तःभैरोगंज में तस्कर गिरफ्तार,



**बगहा, एजेंसी।** बगहा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। भैरोगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 74 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्करी में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक रामानंद कुमार कौशल ने बताया कि भैरोगंज थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि जुड़ा चौक होते हुए नूनिया पट्टी की ओर एक मोटरसाइकिल से भारी मात्रा में देशी शराब ले जाई जा रही है। इस सूचना पर वरीय पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद भैरोगंज थानाध्यक्ष सीता केवट के नेतृत्व में एक पुलिस दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध स्थान पर घेराबंदी की और वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल को रोका गया। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल से 74 लीटर देसी शराब बरामद हुई। मौके से ही शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। भैरोगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ बिहार उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब्त शराब और मोटरसाइकिल के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपी से पूछताछ के आधार पर इस मामले में अन्य संभावित संलिप्त लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक रामानंद कुमार कौशल ने दोहराया कि जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी या बिक्री में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बदलते मौसम से अस्पतालों में मरीजों की बढ़ी भीड़,

# वायरल बुखार, सर्दी-खांसी के मामले बढ़े




**पटना, एजेंसी।** मौसम में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ बढ़ गई है। दिन में धूप और सुबह-शाम ठंड के चलते ओपीडी में मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इनमें सबसे ज्यादा बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं प्रभावित हो रहे हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि दिन में हल्की गर्मी और सुबह-शाम के समय कनकनी महसूस की जा रही है। ऐसे में कई लोग ठंड को लेकर लापरवाह हो रहे हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

**वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम के बढ़े मरीज :** सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी क्लीनिकों तक में वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी, एलर्जी, सांस के मरीज, बदन दर्द, जोड़ों के दर्द और हृदय रोग से पीड़ित अस्पताल पहुंच रहे हैं। मौसम का यह परिवर्तन श्वास, ब्लड प्रेशर और हृदय रोगियों के लिए अधिक घातक साबित हो रहा है।

पिछले एक सप्ताह से वायरल बुखार का प्रकोप तेजी से फैला है। यह बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी को अपनी चपेट में ले रहा है। बुखार उतरने के बाद भी अधिकांश मरीजों को कमजोरी, खांसी और गले में तेज दर्द की शिकायत है।

**बदलते मौसम को लेकर क्या कहते हैं डॉक्टर? :** गार्डिनर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार सिन्हा ने बताया कि, 'मौसम में लगातार उतार चढ़ाव देखा जा रहा है, जिससे मरीजों की संख्या में काफी बढ़ी है। बदलते मौसम में लोग काफी लापरवाही बरतने लगते हैं। लोग ठंडा और पंखा का इस्तेमाल करने लगते हैं। इसी टेंपरेचर वेरिएशन के कारण सर्दी खांसी और वायरल फीवर जैसी समस्याएं हो रही है। मौसम के उतार-चढ़ाव के समय लोगों को बेहद सावधानी बरतनी चाहिए।'

**ठंड में बढ़ जाती है ब्रेन हेमरेज की समस्या :** IGIMS के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि, 'बदलते मौसम में ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर नियमित नहीं होने से ब्लड फ्लेक्चुएट होता है। इससे ब्रेन हेमरेज की समस्या काफी अधिक हो जाती है।'

**हृदयरोगी बरतें विशेष सावधानी- कार्डियोलॉजिस्ट :** आईजीआईएमएस के कार्डियोलॉजी विभाग एचओडी डॉ. विष्णु देव प्रसाद ने बताया कि, 'इस मौसम में हृदयरोगियों को बेहद ही सावधानी बरतनी चाहिए। इस मौसम में ऐसे लोग खान-पान को लेकर सावधान रहें। पर्याप्त मात्रा में पानी पियें और फास्ट फूड से बचें। उन्हें इस मौसम में बेहद ही सतर्क रहना चाहिए।'

**एलर्जी और खान-पान पर ध्यान देना जरूरी- फिजिशियन :** आईजीआईएमएस के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. भीम राम ने बताया कि, 'मौसम के उतार चढ़ाव के दौरान घर से बाहर निकलने से पहले बच्चे, बूढ़े और महिलाएं एलर्जी से बचने के लिए मुंह पर मास्क लगाकर निकलें। नियमित रूप से पानी का सेवन करें और खान-पान में विटामिन सी युक्त संबंधित फलों का जरूर सेवन करें। अक्सर व्यायाम करने से पहले अपने शरीर अथवा रूम के टेंपरेचर को मेंटेन रखे।

**शिशुओं का रखे बेहद ख्याल :** पटना एम्स के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीत ने बताया कि, 'वायरल फीवर उन लोगों को अधिक प्रभावित करता है जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है। ऐसे में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन कर प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत रखना चाहिए।' उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में शिशुओं की देखभाल सबसे जरूरी है, क्योंकि वे अपने शरीर का तापमान नियंत्रित नहीं कर पाते। पेरेंट्स सोते समय शिशु के तापमान का विशेष ध्यान रखें। मौसम को लेकर लापरवाही बरतने वाले लोग ही सबसे ज्यादा बीमार पड़ते हैं।

# पटना के होटल में ब्रिटिश अधिकारी की मौत

**पटना,एजेंसी।** राजधानी पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में रिटायर्ड ब्रिटिश अधिकारी की संदिग्ध मौत हो गई है। मृतक की पहचान अजय कुमार शर्मा के रूप में हुई है, जो इंग्लैंड में बिजली विभाग में अधिकारी रह चुके थे। वो सेवानिवृत्ति होने के बाद भारत आए थे और पिछले 9 दिनों से यानि 18 जनवरी से होटल के कमरा नंबर 103 में ठहरे हुए थे।

ब्रिटिश अधिकारी की संदिग्ध मौतः घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया गया है। होटल कर्मियों के अनुसार, अजय कुमार शर्मा 18 जनवरी की रात करीब 10 बजे होटल पहुंचे थे और लगातार उसी कमरे में ठहरे हुए थे। कमरे का किराया 1500 रुपये प्रतिदिन था।

अजय कुमार शर्मा ने मंगाया था फ्रूट्सः होटल के कर्मचारी अमित कुमार ने बताया कि रविवार को मृतक किसी काम से बाहर गए थे और शाम 4 बजकर 28 मिनट पर वापस होटल लौटे। कमरे में जाने के बाद उन्होंने फोन कर बताया कि उन्हें खाना खाने का मन नहीं है और केवल फल मंगा देने को कहा। इसके बाद होटल की ओर से केला और संतरा उनके कमरे में पहुंचा दिया गया।

अगले दिन नहीं आया कोई कॉलः अमित कुमार ने बताया कि रात करीब 9 से 10 बजे के बीच मृतक ने एक बार फिर कॉल कर वाई-फाई की स्थिति के बारे में पूछा था। उन्हें बताया गया कि नेटवर्क में थोड़ी समस्या है। इसके बाद कोई कॉल नहीं आया। अगली सुबह से उनके कमरे में किसी तरह की गतिविधि नजर नहीं आई। न तो बाहर आने-जाने की हलचल थी और न ही किसी तरह का फोन आया।होटल वालों ने बुलाई पुलिसः दोपहर करीब 3 बजे जक्कनपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा खोलकर जांच की गई, जहां अजय कुमार शर्मा का शव बरामद हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर सदर एएसपी अभिनव भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने होटल के कर्मचारियों और मालिक से पूछताछ की। साथ ही होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए और रिसेप्शन पर मौजूद एंट्री-एग्जिट रजिस्टर की भी जांच की गई।

# पूर्व सिविल सर्जन के घर पिस्टल की नोक पर लूटपाट

**जमुई,एजेंसी।** अहले सुबह बेखौफ बदमाशों ने बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी है। हथियार से लैस करीब पांच बदमाशों ने पूर्व सिविल सर्जन विजयेंद्र सत्यार्थी के घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया और पिस्टल का भय दिखाकर लूटपाट की। इस दौरान पहले उन्हें और उनकी पत्नी पुष्पम सत्यार्थी को बेहोशी का इंजेक्शन लगा दिया। उसके बाद बाथरूम से बाहर निकले पुत्र विक्रम सत्यार्थी को भी बदमाशों ने इंजेक्शन देकर बेहोश कर दिया।

बेहोशी की हालत में मिले तीनोंः घटना की जानकारी सुबह करीब 8:30 बजे तब हुई, जब पड़ोसी घर खुलवाने पहुंचे और तीनों को अचेत अवस्था में पाया। सूचना मिलते ही झाझा विधायक दामोदर रावत सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। तीनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है।

जानकारी देते हुऐ पीडित डॉक्टर विक्रम सत्यार्थी ने बताया कि सुबह हमलोग उठे ही थे कि पांच हथियारबंद नकाबपोश ताला तोड़कर घर में घुस गए। बंदूक की नोंक पर मां-पापा और मुझे बंधक बना लिया। लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद हम सभी को सुई लगा दिया, जिससे हम बेहोश हो गए।

हत्या की सुपारी लेने का दावाः डॉ। विक्रम सत्यार्थी ने बताया कि बदमाशों ने धमकाते हुए कहा कि आपके घर में 80 लाख रुपये है, हमें किसी ने बोला है। साथ ही तीनों की हत्या की सुपारी मिली है। पिस्टल दिखाकर हमें जबरदस्ती इंजेक्शन लगा दिया। उसके बाद क्या हुआ, हमें याद नहीं। सुबह उठकर हमलोग हॉल में बैठ थे, तभी पांच लोग हथियार लेकर आ धमके।

# मायके जाने से रोकने पर नवविवाहिता ने लगाई फांसी

### ससुराल में पंखे से लटकती मिली लाश, 5 महीने पहले ही हुई थी अंतरजातीय शादी



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में नवविवाहिता की लाश ससुराल में पंखे से लटकी हुई मिली। 5 महीने पहले ही अंतरजातीय शादी हुई थी। महिला को मायके जाने नहीं दिया जा रहा था, इसी से नाराज होकर उसने सुसाइड कर लिया। मृतका शिम्पी कुमारी है। जिसका मायका हसनगंज थाना क्षेत्र के तारापुर मंबे गांव में है।

मृतका की सास चंद्रिका देवी ने बताया कि घर में मैं और बहू मौजूद थे। परिवार के अन्य सदस्य काम से बाहर गए हुए थे। दोपहर में खाना बनाने के बाद बहू को आराम करने के लिए कहा। शिम्पी बार-बार मायके जाने की बात कर रही थी, लेकिन उसे समझाया गया कि फिलहाल कोई खास जरूरत नहीं है। इसके बाद बहू अपने कमरे में चली गई और मैं सत्संग में चली गई।

जब मैं सत्संग से लौटकर आई तो बहू दिखाई नहीं दी। कमरे में जाकर देखा गया तो शिम्पी फंदे से लटकी हुई थी। उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद घटना की जानकारी मायके वालों को दी गई। घटना बनमनखी नगर परिषद के वार्ड-3 में विशाल बजरंगबली मंदिर के पास की है।

मृतका के पिता अरुण सिंह ने बताया कि बनमनखी नगर परिषद वार्ड-3 निवासी अजित चौधरी से बेटी की शादी कराई थी। शादी के बाद से वो ससुराल में ही रह रही थी। अब वो हमारे बीच नहीं, मुझे अब भी यकीन नहीं हो रहा। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ शैलेश प्रीतम और बनमनखी थाना अध्यक्ष संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पूर्णिया त्नस्ब्द्ध भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से कई अहम साक्ष्य जुटाए हैं।

एसडीपीओ शैलेश प्रीतम ने बताया कि मृतका के परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ये साफ नहीं हो सका है कि नवविवाहिता ने यह कदम किन कारणों से उठाया। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

# सूर्य महोत्सव के तीसरे दिन स्थानीय कलाकारों की रही धूम



**औरंगाबाद, एजेंसी।** भगवान सूर्य की ऐतिहासिक धरती देव में आयोजित सूर्य महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन स्थानीय कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। ऑडिशन के माध्यम से जिले भर से चयनित कलाकारों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। महोत्सव के समापन दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन में देव सूर्य मंदिर परिसर और रानी तालाब के आसपास उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

अंतिम दिन सांस्कृतिक मंच पर दानिका सांस्कृतिक संस्थान की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत छठ गीत को दर्शकों ने खूब सराहा। अंजली सिंह, शिवांगी सिंह, खुशबू कुमारी, जूही कुमारी, पल्लवी कुमारी, शिखा कुमारी, निहारिका कुमारी, अमीषा कुमारी, गुनगुन कुमारी, स्मृति कुमारी, रितिका राज और अंजलि यादव की सामूहिक प्रस्तुति ने श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना दिया।

इसके अलावा दानिका संस्थान की छात्रा अमीषा कुमारी और रितिका राज के एकल नृत्य को भी दर्शकों की भरपूर तालियां मिलीं। नन्ही कलाकार प्रेरणा प्रकाश द्वारा प्रस्तुत किया गया कत्थक नृत्य कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा, जिसने शास्त्रीय नृत्य की सुंदरता और भाव-भंगिमा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सूर्य महोत्सव के दौरान रंगोली, पेंटिंग और मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में कक्षा छह से आठ तथा सीनियर वर्ग में कक्षा नौ से बारह तक के छात्रों के लिए आयोजित की गई। पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय औरंगाबाद का प्रमुख पर्यटन स्थल देव सूर्य मंदिर रखा गया था। प्रतिभागियों ने कागज पर ऐतिहासिक सूर्य मंदिर और आसपास के दृश्यों को इस तरह उकेरा कि देखने वालों को साक्षात देव सूर्य मंदिर का आभास होने लगा। पेंटिंग प्रतियोगिता में लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के छात्र कुणाल कुमार और सत्या शर्मा, उच्च विद्यालय मदनपुर की छात्रा नंदिनी कुमारी तथा बेढ़नी की नंदिनी कुमारी ने शानदार कलाकृतियां प्रस्तुत कीं। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय की छात्रा मनीषा कुमारी ने देव सूर्य मंदिर का आकर्षक दृश्य उकेरा।

बीएल इंडो की साक्षी कुमारी और आशिका कुमारी ने भी रंगोली के माध्यम से सूर्य मंदिर की भव्यता को दर्शाया। काइजर स्कूल देव मोड़ की छात्रा आशिका कुमारी और रुबी कुमारी ने रंगोली के जरिए महिला प्रताड़ना जैसे सामाजिक विषय को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक डिजाइन हाथों पर रचाए, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

रंगोली प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सावित्री बाई फूले संस्था की माधवी कुमारी और स्मृति पाठक को प्रथम स्थान, सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज की मानसी सिंह और जूही सिंह को द्वितीय तथा एसबीपीएस मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की संस्कृति प्रतिक और छोटी कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जूनियर वर्ग में अनुग्रह इंटर विद्यालय की सोनम कुमारी प्रथम, संत इग्नेशियस स्कूल की दीप शिखा और यामनी अन्मय द्वितीय तथा प्लस टू उच्च विद्यालय बसडीहा कला की ज्योति कुमारी और जानवी कुमारी को तृतीय स्थान मिला। पेंटिंग और मेहंदी प्रतियोगिता के सभी सफल प्रतिभागियों को मंच से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा सूर्य महोत्सव के मंच से क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें जूनियर वर्ग में उच्च विद्यालय अरंडा को प्रथम, सेंट्रल स्कूल को द्वितीय और डीएवी औरंगाबाद को तृतीय स्थान मिला। सीनियर वर्ग में दाउदनगर महाविद्यालय की छात्रा पूनम कुमारी प्रथम, रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय के प्रेम प्रभात द्वितीय और डीएन कॉलेज साकरा की तब्बसुम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। खेल प्रतियोगिताओं में खो-खो, कबड्डी और स्लो साइकिल रेस में भी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

# पटना सिविल कोर्ट में पिस्टल लेकर घुस रहा युवक पकड़ाया



**पटना/भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के भागलपुर, समस्तीपुर, सीवान, बेगूसराय और मुजफ्फरपुर सिविल कोर्ट से बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है। वहीं पटना सिविल कोर्ट में पिस्टल लेकर दो युवक एंट्री कर रहे थे, चेकिंग के दौरान एक को पुलिस ने पकड़ लिया। दूसरा बदमाश मौके से भाग निकला है।

4 जिलों के सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी भरी मेल में लिखा गया है कि, बड़ा धमाका किया जाएगा। धमकी मिलने के बाद कोर्ट को खाली करा दिया गया है। बताया जाता है कि मेल तमिलनाडु से भेजा गया है।

भागलपुर में धमकी प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार सिंह को भेजी गई। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हो गईं। कोर्ट परिसर के अंदर और बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

डीएम और एसएसपी खुद मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। डॉग स्क्वायड की टीम पूरे परिसर की गहन जांच कर रही है।

ई-मेल मिलते ही उन्होंने सूचना तुरंत पटना हाईकोर्ट को दी। साथ ही जिले के वरीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भी इस संबंध में अवगत कराया गया। न्यायाधीश ने अदालत परिसर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की।

सीवान में सिविल कोर्ट के जज को धमकी का मेल किया गया है। इसके बाद उन्होंने धमकी की जानकारी पुलिस कप्तान को दी। पुलिस की टीम कोर्ट कैंपस को खाली कराने में जुट गई है। वकील कमलेश ने बताया कि, प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि, एहतियातन कैंपस को खाली कराया जा रहा है। पुलिस की टीम जांच कर रही है। डॉग स्क्वायड की टीम भी बुलाई गई है।परिसर में माइकिंग के वकीलों को जरिए अपनी-अपनी सीटों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले सभी लोगों की अच्छे से जांच की जा रही है।

बेगूसराय सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद कैंपस को खाली करवा दिया गया है। वकील गोपाल कुमार ने कहा कि, हमलोग साढ़े 10 बजे कोर्ट पहुंचे। हमें जानकारी दी गई कि ईमेल पर धमकी दी गई कि 1:45 में कोर्ट को बम से उड़ाया जाएगा। वो बम कोर्ट में रखा गया है। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। ईमेल में तमिलनाडु से आया है

8 जनवरी को पटना सिविल कोर्ट, पटना सिटी कोर्ट, किशनगंज सिविल कोर्ट, गयाजी सिविल कोर्ट और मधुबनी सिविल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली थी।

### जिला प्रशासन ने नोटिस दिया, अतिक्रमण हटेगाा

**पटना, एजेंसी।** बांसघाट के सामने 5 एकड़ सरकारी जमीन पर 81 लोगों का कब्जा है। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम के निर्देश पर सदर अंचल कार्यालय ने इनलोगों को नोटिस जारी किया है। 5 फरवरी को सदर अंचलाधिकारी रजनीकांत द्वारा सुनवाई की जाएगी। नोटिस पाने वाले लोगों को जमीन से जुड़े दस्तावेज लाने को कहा गया है। साक्ष्य और दस्तावेजों की जांच कर सीओ द्वारा आदेश पारित किया जाएगा। इसके बाद अतिक्रमण हटाया जाएगा।जिला प्रशासन के मुताबिक, बुद्धा कॉलोनी मोड़ से काली मंदिर तक की जमीन गैरमजरुआ आम है। इस जमीन पर सरकार का अधिकार है। इस पर लोगों ने वर्षो से कब्जा कर रखा है। कुछ पक्का मकान और कच्चा निर्माण हैं। इस पांच एकड़ जमीन के उत्तर में अशोक राजपथ, दक्षिण में मंदिरी और बुद्धा कॉलोनी का हिस्सा, पूरब में काली मंदिर और पश्चिम में बुद्ध कॉलोनी रोड है। इस पांच एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाकर बड़े वेंडिंग जोन का निर्माण होगा। साथ ही अन्य सरकारी बिल्डिंग, पार्क आदि के निर्माण की योजना है।

## एक नजर

### विकसित भारत युवा समिति ने मनाई सुभाष चन्द्र बोस जयंती

**मोतिहारी/नबिटा ब्यूरो।** नेहरू युवा केंद्र के द्वारा ओम कोचिंग के प्रांगण में सुभाष चन्द्र बोस जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से आयोजित की गई यह कार्यक्रम विकसित भारत युवा समिति बखरी के द्वारा करायी गई, संचालन करता अमन कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देश भक्ति, नेतृत्व भावना,और राष्ट्र निर्माण के जागरूकता बढ़ाना है, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट प्रमोद कुमार उपस्थित होकर बच्चों को प्रोत्साहित किया,इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राओं की भागीदारी रही, बच्चों ने सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर बारी बारी से सम्बोधन कर देश भक्ति का जज्बा दिखाया,उनके संघर्ष और देश के प्रति अद्वितीय योगदान पर प्रभावशाली भाषण दिया,अमन कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम अत्यन्त सुव्यवस्थित, अनुशासित और प्रेरणा दायक रहा, विद्यालय के डायरेक्टर रामकिशोर शिवक्ष शिव कुमार, जवाहरलाल ठाकुर, देवेन्द्र प्रसाद,अजय प्रसाद कुशवाहा, प्रोफेसर राज कुमार पाण्डेय, पूर्व सरपंच हाशिम मियां, उपस्थित थे, अतिथियों के द्वारा प्रथम अंजलि कुमारी, द्वितीय सुधा कुमारी, तृतीय 7 किलो नतिमा कुमारी को पुरस्कृत किया गया,साथ ही हलीमा खातून, हुस्न तारा, पुष्पा कुमारी, ओम् बाबू कुमार,सोनम कुमारी,दिलशेर आलम,सारिका कुमारी,सानवी कुमारी, बबीता कुमारी, सौम्य कुशवाहा को मेडल से सम्मानित किया गया।

### नामजद आरोपित सहित आठ गिरफ्तार



बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नबिटा संवाददाता। जीतना पुलिस ने थाना क्षेत्र अन्तर्गत छापेमारी कर थाना में दर्ज एक कांड में फरार चल रहे एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त घोड़ासहन थाना के दीनानाथ कुमार है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाने में शराब तस्करी का मामला दर्ज था। जिस मामले में वह फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साथ ही शराब पीने के आरोप में सात पियक्कड़ को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार पियक्कड़ों में लखौरा थाना क्षेत्र के झिटकहिया गांव निवासी लाल बाबू कुमार पिता शिवपूजन राम, दरपा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी मुकेश कुमार पिता प्रेम चंद्र पटेल, छौड़ादानों थाना क्षेत्र के कुदरकट गांव निवासी प्रिंस कुमार पिता विजय कुमार, छौड़ादानों थाना क्षेत्र के बलिरामा गांव निवासी जितेंद्र कुमार गोस्वामी पिता हरेंद्र गोस्वामी, छौड़ादानों थाना क्षेत्र के कुदरकट गांव निवासी राजदेव कुमार पिता बदरी राय, छौड़ादानों थाना क्षेत्र के कुदरकट गांव निवासी राहुल कुमार पिता अशोक कुमार, छौड़ादानों थाना क्षेत्र के कुदरकट गांव निवासी संदीप कुमार पिता यादोलाल राय है। वहीं कुल बरामद शराब की मात्रा 211.5लीटर है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**मोतिहारी/नबिटा ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर समाज जागरण हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में संघ के आग्रह पर आदापुर प्रखण्ड में भेड़िहारी पंचायत के बैरिया ग्राम में समस्त ग्रामवासीयों द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम गाँव में शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन के अवसर पर किया गया कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला-प्रचारक शिवम् सोनू जी, जिला सेवा प्रमुख विकास कुमार जी, आदापुर खण्ड के खण्ड कार्यवाह सुमन गिरी जी, खण्ड व्यवस्था प्रमुख अविनाश अमन जी, एवं मंदिर निर्माण हेतू भूमी दान करता श्री विजय साह जी के साथ मुख्य सहयोगी राजेश सिंह एवं अजय साह जी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला प्रचारक जी ने अपने उद्बोधन में इस्लामिक जेहादियों एवं इसाई मिशनरियों द्वारा हिन्दू समाज के लोगों का धर्म परिवर्तन करने के षड्यंत्रों को उजागर करने का प्रयास किया । उन्होंने संघ द्वारा पंच परिवर्तन द्वारा समाज परिवर्तन के विषय को भी प्रमुखता से रखा। कुटुम्ब प्रबोधन समाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्त्तव्य स्वत्त्व का जागरण ये पांच प्रकार के प्रण संघ ने किय है, समाज परिवर्तन के लिए।

### भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा पर टेबल टॉक आयोजित

**मोतिहारी/नबिटा ब्यूरो।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पूर्वी चम्पारण और 9वीं बटालियन एनडीआरएफ के तत्वाधान में राजेंद्र भवन सभागार में भूकंप से बचाव और विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए टेबल टॉक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण के निर्देशानुसार इस परिचर्चा में आपदा प्रबंधन शाखा, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, जल संसाधन विभाग, अग्निशमन विभाग, बाढ़ प्रमंडल, एनसीसी कैडेट्स, आपदा मित्र, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवी सहित आदि पदाधिकारियों ने भाग लिया,जिसमें जिला आपदा प्रबंधन विभाग पर विस्तृत चर्चा की गई और एनडीआरफ ने विभिन्न आपदाओं बचाव हेतु जानकारी साझा की। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, 9वीं बटालियन एनडीआरफ कमांडेंट सौरभ कुमार और एनडीआरफ टीम के सदस्य उपस्थित रहे। इसी कड़ी में आज राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मोतिहारी में भूकंप सुरक्षा से संबंधित मॉकड्रिल का आयोजन एनडीआरफ द्वारा किया जाएगा।

### जल्द शुरू होगी एसआरएपी कॉलेज में पीजी की पढ़ाई



**चकिया (पूर्वी चंपारण)/नबिटा संवाददाता।** स्थानीय शिवदेनी राम अयोध्या प्रसाद महाविद्यालय में बुधवार को विश्वविद्यालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू करने को लेकर निरीक्षण किया। जांच समिति के महाविद्यालय परिसर में पहुँचने पर छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य डॉ राम नरेश पंडित रमण एवं महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा समिति का गरिमामय स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय जांच समिति में डॉ रहमान, डॉ नवल किशोर बैठा व डॉ महजबिन प्रवीण शामिल थे। जांच समिति ने महाविद्यालय के शैक्षणिक, भौतिक एवं प्रशासनिक संसाधनों का विस्तार से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षाओं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, अभिलेखों, शिक्षकों की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया गया। महाविद्यालय में स्नातकोत्तर (पी जी) की पढ़ाई प्रारंभ करने के संबंध में जांच समिति ने संतोष व्यक्त करते हुए सकारात्मक संकेत दिया। साथ ही समिति द्वारा कुछ आवश्यक सुझाव भी दिए गए, जिनके शीघ्र अनुपालन का आश्वासन महाविद्यालय प्रशासन द्वारा दिया गया। जांच समिति के इस दौरे से महाविद्यालय परिवार में उत्साह का वातावरण है। महाविद्यालय एवं शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही महाविद्यालय में पी जी कक्षाओं के संचालन की स्वीकृति प्राप्त होगी, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। वहीं छात्र संघ के अध्यक्ष सनी कुमार द्वारा जांच समिति को महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई को लेकर एक आवेदन दिया गया। छात्र संघ के अध्यक्ष सनी कुमार ने बताया कि स्नातकोत्तर की पढ़ाई को लेकर वे विश्वविद्यालय के समक्ष कई बार आंदोलन भी किया गया। मौके पर छात्र नेता जितेन्द्र यादव, अमन पटेल, विशाल शर्मा, विकाश निषाद, बालकिशन कुमार, हर्ष गुप्ता, सिद्धार्थ कुमार, सत्री गुप्ता सहित महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता अभियान पर जोर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** जिलाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि के साथ जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं में मृतक व घायल लोगों के आंकड़ों की समीक्षा की गई। इसके अलावा दुर्घटनाओं के कारणों, मुआवजा भुगतान की स्थिति, हिट एंड रन मामलों, संबंधित पोर्टल पर अद्यतन स्थिति तथा चिन्हित ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित स्थलों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉटों पर कैट्स आई, रम्बल स्ट्रिप्स, बैरियर, रिफ्लेक्टर, स्टड, साइनेज बोर्ड और चेतावनी संकेतक शीघ्र लगाए जाएं। पुल-पुलियों, डिवाइडरों और सड़क किनारों पर सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने को कहा गया। उन्होंने ओवरलोडेड वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध, नियमित वाहन जांच अभियान, तेज गति, नशे में वाहन चलाने तथा बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन परिचालन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर आयुक्त एवं नगर निकायों को नो पार्किंग और नो वेंडिंग जोन लागू करने, अतिक्रमण हटाने तथा अवैध पार्किंग पर जुर्माना वसूली सुनिश्चित करने को कहा गया। डीएम ने सड़क सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को शीघ्र सहायता राशि देने और गुड सेमेरिटन योजना के तहत मददगार नागरिकों को संरक्षण देने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन नगर आयुक्त शिवाक्षी दिक्षित जिला परिवहन पदाधिकारी रितू रानी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### उद्योगों के अनुकूल वातावरण बनाना प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** जिलाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में निवेशकों एवं उद्यमियों के साथ उद्यमी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में औद्योगिक विकास को गति देना, निवेश को प्रोत्साहित करना तथा उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करना रहा। इसमें उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लगभग 120 उद्यमियों ने भाग लिया। औद्योगिक क्षेत्र बेतिया, कुमारबाग और रामनगर के उद्यमियों ने सड़क, नाला निर्माण और बिजली कटौती की समस्याएं रखीं, जबकि विभिन्न उद्यमी योजनाओं के लाभुकों ने पूंजी, विपणन, सब्सिडी भुगतान और बिजली से जुड़ी परेशानियों की जानकारी दी। जिला पदाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों एवं बैंकों को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि उद्योगों के अनुकूल वातावरण तैयार करना प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही सात निश्चय-03 के तहत समृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार के लक्ष्य को साकार करने पर बल दिया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# वासविहीन परिवारों को मिला भूमि स्वामित्व



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** अभियान बसेरा-2 के तहत जिले के 362 वासविहीन परिवारों को भूमि आवंटन का पर्चा वितरित किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में विभिन्न अंचलों से आए लाभुकों को जिले के प्रभारी मंत्री मंगल पांडेय ने भूमि स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज सौंपा। इस योजना के अंतर्गत रामनगर, चनपटिया, योगापट्टी, नरकटियागंज, गौनाहा, भितहां सहित अन्य अंचलों के जरूरतमंद परिवारों को लाभ मिला। लाभुकों ने इसे अपने जीवन का ऐतिहासिक दिन बताते हुए सरकार और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि कोई भी गरीब परिवार बिना छत के न रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित कई वरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अनुपस्थिति विवरणी के लिए अवैध वसूली पर लगेगी रोक : टीडीआरए जिलाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** टीचर्स डेवलपमेंट एंड राइट्स एसोसिएशन (टीडीआरए) ने संगठन के विस्तार को आगे बढ़ाते हुए इसुआपुर प्रखंड में सक्रिय सदस्यों की बैठक आयोजित की, जिसमें सर्वसम्मति से शिक्षक मुकेश कुमार गिरि को प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। बैठक को संबोधित करते हुए टीडीआरए जिलाध्यक्ष कुमार मृणाभ ने कहा कि इसुआपुर के शिक्षकों से लगातार यह शिकायत मिल रही है कि अनुपस्थिति विवरणी जमा करने के नाम पर उनसे अवैध वसूली होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी शिक्षक को अनुपस्थिति विवरणी जमा करने के नाम पर एक रुपया भी नहीं देना है। यदि कोई व्यक्ति राशि मांगता है तो इसकी सूचना तुरंत जिला स्तरीय पदाधिकारियों को दें। आवश्यकता पड़ने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखित शिकायत देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार गिरि ने कहा कि वह प्रखंड में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली को नहीं होने देंगे। उन्होंने अधिक से अधिक शिक्षकों को संगठन से जोड़कर टीडीआरए को मजबूत बनाने की बात कही। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि जल्द ही जिले के अन्य प्रखंडों में भी संगठन का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर पानापुर प्रखंड अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार सिंह, श्याम कुमार रजक, राजन राज, नवीन कुमार सिंह, आनंद कुमार, प्रविन कुमार, वकार यूनुस, शिक्षक विष्णु जी, अमित, राहुल कुमार सिंह, आनंद मिलन, अजीत, अतुल सिंह, संतोष यादव, आशीष पांडेय, उमेश कुमार, शैलेन्द्र, रौशन कुमार, दीपक कुमार सहित संगठन के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

### कंपनी सेक्रेट्री बनकर अनुष्का ने सारण का नाम किया रोशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** पानापुर प्रखंड के सतजोड़ा गांव की बेटी अनुष्का ने कंपनी सेक्रेट्री (सीएस) परीक्षा में सफलता हासिल कर सारण जिले का मान बढ़ाया है। वे भवेंद्र नाथ त्रिवेदी और सुनीता त्रिवेदी की पुत्री हैं। अनुष्का की प्रारंभिक शिक्षा बैद्यनाथ पब्लिक स्कूल, सतजोड़ा से हुई, जहां से उनका शैक्षणिक प्रदर्शन बेहद उत्कृष्ट रहा। उन्होंने मैट्रिक परीक्षा आरपीएस पब्लिक स्कूल, पटना से तथा इंटर की पढ़ाई दिल्ली से पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली में कंपनी सेक्रेट्री कोर्स में नामांकन लिया और कड़ी मेहनत व समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की।

# किसान मेला सह फल-फूल व सब्जी प्रदर्शनी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मांझी (सारण)।** कृषि विज्ञान केन्द्र मांझी में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) सारण एवं कृषि विज्ञान केन्द्र मांझी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय (28-29 जनवरी 2026) किसान मेला सह फल-फूल एवं सब्जी प्रदर्शनी-2026 का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक रणधीर कुमार सिंह ने फीता काटकर किया।

इस दौरान उप निदेशक (कृषि) बामेती पटना शारदा शर्मा, जिला कृषि पदाधिकारी सारण मधुरेन्द्र कुमार सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार राय, उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला, उपयोजना निदेशक आत्मा सारण जितेन्द्र कुमार वर्मा, शमशेर आलम, सहायक निदेशक रसायन बाबू चंद सिंह, विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर ओझा तथा बीजीपी अध्यक्ष मनोज प्रसाद मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया।

**किसानों के लिए योजनाओं का लाभ उठाने पर दिया जोर**

उद्घाटन संबोधन में विधायक रणधीर कुमार सिंह ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर किसान उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों एवं जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जलजमाव वाले क्षेत्रों के लिए उपलब्ध फसलों एवं तकनीकों की विस्तृत जानकारी किसानों को दी जाए। उन्होंने कहा कि "देश के अन्नदाता किसान हैं, और उनके सम्मान एवं उत्थान के लिए यह मेला महत्वपूर्ण है।"

**वैज्ञानिकों ने दिए उन्नत कृषि के सुझाव**

कृषि विज्ञान केन्द्र के उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला ने किसानों को वैज्ञानिक विधि से नए फल बाग लगाने, पौधे खरीदने के उचित स्रोत, लगाने का सही समय और प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी**

मेले में कृषि, पशुपालन, अल्पसंख्यक कल्याण, खाद्य एवं आपूर्ति, महिला-बाल विकास निगम, जीविका, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विशेषज्ञों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी किसानों को दी। किसानों को बताया गया कि योजनाओं का लाभ कैसे लें और ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया क्या है। पशुपालन विभाग के पदाधिकारियों ने पशुओं को समय-समय पर दिए जाने वाले निशुल्क टीकाकरण तथा अन्य योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की।

# तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से वृद्ध की मौत

नबिटा संवाददाता

**नरकटियागंज।** शिकारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भसुरारी गांव में मंगलवार रात तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान 65 वर्षीय ध्रुव प्रसाद के रूप में हुई है, जो पूर्व पीडीएस दुकानदार थे। बताया जाता है कि वे प्रतिदिन की तरह टहलने निकले थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक फरार हो गया।घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए बेतिया जीएमसीएच रेफर किया। वहां से बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों ने गांव के ही बबलू उर्फ सुमित तिवारी पर टक्कर मारने का आरोप लगाया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भारत–नेपाल सीमा पर नवनिर्मित सीमा सुरक्षा पोस्ट का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित बीरगंज महानगरपालिका के मैत्री पुल क्षेत्र में नवनिर्मित सीमा सुरक्षा पोस्ट का उद्घाटन किया गया। यह सुरक्षा पोस्ट वीरगंज महानगरपालिका के सहयोग से ग्रीन सिटी सामुदायिक सेवा केंद्र एवं सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल नं.–13 गण, मुख्यालय के समन्वय से संचालित मैत्री पुल सीमा सौंदर्यीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित की गई है।

उद्घाटन कार्यक्रम में वीरगंज महानगरपालिका के नगर प्रमुख मेयर राजेशमान सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल नं.–13 गण के प्रमुख एसपी पुरण चंद भट्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने संयुक्त रूप से गुब्बारे उड़ाकर सीमा सुरक्षा पोस्ट का औपचारिक लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन कार्यालय पर्सा के प्रमुख जिला अधिकारी भोला प्रसाद दहाल, जिला पुलिस कार्यालय पर्सा के पुलिस प्रमुख एसपी सुदीप राज पाठक, जिला ट्रैफिक पुलिस कार्यालय पर्सा के प्रमुख पुलिस निरीक्षक युवराज कटवाल, वडा पुलिस कार्यालय बिर्ता के प्रमुख पुलिस निरीक्षक विक्रम सुबेदी सहित कई प्रशासनिक एवं सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही पत्रकार अभिलाष गुप्ता, सुसमिता यादव एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए नगर प्रमुख मेयर राजेशमान सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में आधुनिक सीमा सुरक्षा पोस्ट की स्थापना से न केवल सीमा सुरक्षा सुदृढ़ होगी, बल्कि अवैध व अव्यवस्थित गतिविधियों पर नियंत्रण, आवागमन व्यवस्था में सुधार और क्षेत्रीय सौंदर्यीकरण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने इसे स्थानीय सरकार, सुरक्षा निकाय और समुदाय के समन्वित प्रयासों का परिणाम बताया। विशिष्ट अतिथि एसपी पुरण चंद भट्ट ने कहा कि सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल सीमा सुरक्षा के दायित्वों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्थानीय निकाय के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा मैत्री पुल जैसे संवेदनशील क्षेत्र में शांति एवं विश्वास का माहौल सुदृढ़ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरगंज महानगरपालिका के हरियाली संयोजक एवं ग्रीन सिटी सामुदायिक प्रहरी आदर्शनगर के अध्यक्ष प्रकाश खेतान ने की। उन्होंने बताया कि मैत्री पुल क्षेत्र को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से सीमा सौंदर्यीकरण कार्यक्रम निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसमें यह सीमा सुरक्षा पोस्ट एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कुल मिलाकर, मैत्री पुल सीमा सौंदर्यीकरण कार्यक्रम के तहत निर्मित इस सीमा सुरक्षा पोस्ट के उद्घाटन से वीरगंज के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में सुरक्षा, व्यवस्था और सौंदर्य को एक साथ नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# विकास कार्यों की गति तेज करने को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** रक्सौल अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में स्थानीय विधायक प्रमोद सिन्हा की अध्यक्षता में आदापुर एवं रक्सौल प्रखंड के विकास कार्यों की प्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की गई।




बैठक के दौरान भूमि राजस्व, खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, नगर परिषद, कृषि, सहकारिता, बाल विकास परियोजना, पथ निर्माण, अवर निबंधन, श्रम संसाधन, जीविका एवं कल्याण विभाग सहित अन्य प्रमुख विभागों के कार्यों की एक-एक कर बारीकी से समीक्षा की गई।विधायक प्रमोद सिन्हा ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता या पारदर्शिता की कमी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालयों से बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त होनी चाहिए, ताकि आम जनता को अपने जायज कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। विधायक ने चेतावनी दी कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अथवा भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का एकमात्र उद्देश्य यह है कि सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पूरी इमानदारी और पारदर्शिता के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इस समीक्षा बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद सहित आदापुर एवं रक्सौल प्रखंड के बीडीओ, सीओ तथा सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जन जागरुकता- सह रक्तदान शिविर आयोजित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** सुगौली प्रखण्ड के उतरी सुगॉव पंचायत में लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के तहत जन जागरूकता शिविर एवं रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी चम्पारण द्वारा रक्तदान शिविर - सह रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन पंचायत सरकार भवन पर किया गया। जहां उतरी सुगॉव एवं दक्षिणी सुगांव पंचायत के मुखिया उपस्थित रहें, शिविर में मुख्य अतिथि अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी-सह-कार्यकारी अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी शैलेन्द्र कुमार भारती/प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक, कुमारी प्रियंका/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकरारी/ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी/ श्रम प्रर्वतन पदाधिकारी/ प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, सुगौली उपस्थित रहें। सभी पदाधिकारियों ने लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के बारे में पंचायत भवन पर उपस्थित आम लोगों को बताया एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ कैसे मिले इसे आम लोगों को बताया। पंचायत भवन पर लगभग 300 लोग उपस्थित रहे, और लोगों ने लोक शिकायत के बारे में समझा एवं आवेदन की प्रक्रिया एवं लाभ को समझा। साथ ही रक्तदान शिविर का शुरूआत उतरी सुगॉव पंचायत एवं दक्षिणी सुगॉव के मुखिया रक्तदान करके किया। रक्तदान करने वाले में मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ श्रम प्रर्वतन पदाधिकारी/ प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकरारी, सुगौली रहे। इस प्रकार लगभग 50 लोगों ने रक्तदान किये, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि/पदाधिकारी एवं पंचायत के आम लोगों ने भाग लिया।

# विधायक ने किया प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति कार्यालय का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनकटवा, (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड क्षेत्र के बिजबनी उत्तरी पंचायत के कचहरिया टोला मे बुधवार को जदयू के नरकटिया बिधायक विशाल कुमार ने मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड कार्यालय का भव्य उद्घाटन आचार्य फोटो मिश्रा के मंत्रोउचरण के साथ फीता काटकर किया वही मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष उमाकांत प्रसाद ने विधायक विशाल कुमार को बुके देकर साल ओढ़ाकर सम्मानित किया विधायक विशाल कुमार ने सम्बोधित करते हुये उन्होंने बताया कि समिति कार्यालय अब पूरी तरह से डिजिटल हो गया है। मछुआरे केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे- मछली पालन पर सब्सिडी, बीमा योजना का लाभ लेने के लिए कार्यालय के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। वही सभी मछुआरों को भारत सरकार और बिहार सरकार के द्वारा पांच लाख का बीमा किया जा रहा है जिसमें ढाई लाख का दुर्घटना बीमा और पांच लाख मछुआरों के मरने पर उनके नॉमिनी को बीमा सरकार के द्वारा दिया जाता है।मौके पर डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार तिरहुत प्रमंडल, एफडीओ सुभाष कुमार, मैनेजर अमर कुमार मृत्युंजय कुमार श्याम सुंदर गांधी प्रमोद यादव, मणि भूषण कुमार, अनिल यादव, उमेश जायसवाल, मनोज कुमार, शंकर प्रसाद गुप्ता उर्फ लंबू जी सहित सैकड़ों ग्रामीण व सहयोग समिति के सदस्य मौजूद थे।

# जीके मेमोरियल स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जीके मेमोरियल स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस खास मौके पर मुख्य अतिथि रामगोपाल खंडेलवाल ने तिरंगा झंडा फहराया और मार्चिंग टुकड़ियों से सलामी ली। झंडा फहराने की रस्म के बाद, बच्चों के अलग-अलग समूह ने अपने रंगारंग परफॉर्मेंस से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छोटे बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रमों के ज़रिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपने प्रेरणादायक भाषण में, खंडेलवाल ने बच्चों को देश का भविष्य का नेता बताया और कहा कि ऐसी प्रतिभा के साथ, वह दिन दूर नहीं जब ये बच्चे विश्व मंच पर अपनी पहचान बनाएंगे और स्कूल का नाम रोशन करेंगे।



इस शुभ अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के निदेशक अमरेंद्र पांडे ने कहा कि प्रतिभा किसी पर निर्भर नहीं होती। हमारे स्कूल के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है; उन्हें बस निखारने और तराशने की ज़रूरत है। स्कूल के प्रिंसिपल, डॉ. अब्राहम जॉर्ज ने कहा कि बच्चे भगवान की कच्ची रचनाएं हैं, लेकिन हर स्कूल और हर शिक्षक की यह ज़िम्मेदारी होनी चाहिए कि वे उन्हें अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करें। हम अपने बच्चों की सफलता के लिए लगातार काम कर रहे हैं और प्रतिबद्ध हैं। स्कूल प्रबंधन समिति की ट्रस्टी, प्रीति खंडेलवाल ने बच्चों के परफॉर्मेंस की बहुत तारीफ़ की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पवित्र और शुभ अवसर पर स्कूल की वाइस प्रिंसिपल स्मिता पांडे, क्रिस्टोफर, दिलीप, शैलेंद्र, शिव, धनंजय, लकी, शुभम, रणविजय, दिनेश, आशीष, एडवर्ड, हर्ष, नेहा, पल्लवी, अनामिका, पायल, चंचल, अंजलि, शेनेया, दीक्षा और अन्य लोग मौजूद थे।

# धमकी के बाद कोर्ट में अफरातफरी

## बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंची

### प्रशासन के फूले हाथ-पांव



**नबिटा टीम**

**पटना।** सिविल कोर्ट मुजफ्फरपुर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। एहतियातन कोर्ट परिसर को खाली कराया जा रहा है, जिससे वहां अफरातफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरपुर जिला जज के आधिकारिक ई-मेल पर धमकी भरा मेल भेजा गया था। मेल मिलने के बाद जिला एवं प्रधान न्यायाधीश ने तत्काल इसकी जानकारी एसएसपी मुजफ्फरपुर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को दी।

सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हैं और कोर्ट परिसर की सघन तलाशी ली जा रही है।

सीवान जिले में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सूचना सामने आई। यह जानकारी मंगलवार को अधिवक्ताओं के एक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सामने आई, जिसके बाद पूरे न्यायिक परिसर में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 'सचिन अधिवक्ता ग्रुप' में एक संदेश वायरल हुआ, जिसमें बताया गया कि सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस संदेश में सभी सम्मानित अधिवक्ता बंधुओं से अपील की गई कि वे सुरक्षा कारणों से सिविल कोर्ट कैंपस में प्रवेश न करें और दोपहर तक संघ भवन में ही उपस्थित रहें। संदेश में यह भी उल्लेख किया गया कि सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त सूचना ग्रुप में जिला विधिज्ञ संघ, सीवान के महासचिव नवेंदु शेखर दीपक के नाम से साझा की गई थी। जैसे ही यह संदेश अधिवक्ताओं के बीच पहुंचा, पूरे न्यायिक परिसर में सतर्कता बढ़ा दी गई।

इसी तरह भागलपुर सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। यह धमकी ई-मेल के माध्यम से दी गई है, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था तत्काल कड़ी कर दी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। मेटल डिटेक्टर से सघन जांच की जा रही है, वहीं बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। एहतियातन फिलहाल कोर्ट परिसर में आम लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

धमकी की सूचना मिलते ही भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक और सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह व्यवहार न्यायालय परिसर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है, वहीं ई-मेल भेजने वाले की पहचान के लिए साइबर सेल को सक्रिय कर दिया गया है। फिलहाल कोर्ट परिसर को पूरी तरह सुरक्षित बताया जा रहा है, लेकिन किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# डुप्लीकेट मोबाइल फैक्ट्री का उद्भेदन

## दो गिरफ्तार, भारी मात्रा में उपकरण बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू पुलिस ने पांकी में ₹मिनी मोबाइल फैक्ट्री₹ का पदार्फाश किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से मोबाइल फोन को रीफर्बिश्ड व असेंबल कर बाजार में बेचनेवाले एक संगठित गिरोह का चौंकाने वाला खुलासा किया है।

कार्रवाई में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें पांकी थाना क्षेत्र के खाप सरौना निवासी विकल्प कुमार सिंह (30 वर्ष) तथा पांकी निवासी रंजीत कुमार (24 वर्ष) शामिल हैं।

पुलिस ने उन दोनों की निशानदेही पर छापामारी की। जहां से भारी मात्रा में मोबाइल, मदर बोर्ड, बॉडी, चार्जर, बैट्री एवं ई-वेस्ट सामग्री बरामद की गई है।

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पांकी थाना क्षेत्र के खाप सरौना गांव निवासी विकल्प कुमार सिंह के घर में जियो व सैमसंग कंपनी के कीपैड मोबाइल अवैध रूप से तैयार कर बाजार में बेचे जा रहे हैं।

सूचना के आलोक में लेस्लीगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर विकल्प कुमार सिंह के घर पर छापा मारा गया।

घर के प्रथम तल के एक कमरे में बड़ी संख्या में पुराने मदर बोर्ड, जियो व सैमसंग के कीपैड मोबाइल, मोबाइल बॉडी सहित रिपेयरिंग का सामान बरामद किया गया।

मौके की स्थिति देखकर यह ₹मिनी मोबाइल फैक्ट्री₹ जैसा सेटअप प्रतीत हो रहा था। पूछताछ के दौरान विकल्प कुमार सिंह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।

कड़ाई से पूछताछ में उसने बताया कि पांकी बस्ती निवासी रंजीत कुमार उसे पुराने मदर बोर्ड, बॉडी, चार्जिंग पिन, माइक्रोफोन आदि उपलब्ध कराता था, जिसे वह रिपेयर व असेंबल नया मोबाइल बना देता था। चालू हालत में मोबाइल तैयार कर रंजीत कुमार को वापस कर देता था।

पुलिस ने उसके सहयोगी रंजीत कुमार के घर पर भी छापामारी की। वहां प्लास्टिक के बोरे में पुराने मदर बोर्ड तथा विभिन्न कंपनियों के मोबाइल डिब्बे बरामद किए गए, जिनमें चार्जर व बैट्री रखी हुई थीं। रंजीत कुमार भी कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।

पूछताछ में उसने बताया कि वह ऑनलाइन कुरियर तथा फेरीवालों से पुराने मदर बोर्ड खरीदता था। डाल्टनगंज की दुकानों से बॉडी, डिब्बा, चार्जर व बैट्री खरीद मोबाइल तैयार करवाता था।

पुलिस ने बताया कि जियो व सैमसंग कंपनी के अधिकारियों से बात कर कॉपीराइट अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराने का कार्य करेंगे।

# एसडीओ ने हॉस्पिटल का किया निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** हिलसा एसडीओ अमित कुमार पटेल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनौसा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, लेबर रूम, लैब, शौचालय आदि का जायजा लिया साथ ही व्यवस्थाओं के सुधार को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। एसडीओ ने रोस्टर के अनुसार चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। जिसमें कुछ कर्मी अनुपस्थित पाएं गए।

उन्होंने कहा कि सभी कर्मी अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे। मरीजों की सुविधा, अस्पताल की स्वच्छता व आपात सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता प्रशासन की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के बाद एसडीओ अमित कुमार पटेल ने कैला पैक्स जनवितरण प्रणाली का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, सीओ सत्येंद्र कुमार भी उपस्थित थे।

### पोस्टमार्टम के दौरान जीवित मिला वृद्ध

**शेखपुरा।** सदर अस्पताल में मंगलवार को अद्भुत घटना घटित हुई, जिसने चिकित्सकों और कर्मचारियों के साथ आम लोगों को भी चकित कर दिया।

रेलवे स्टेशन से जिस वृद्ध को मृत समझकर पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजा गया था, अस्पताल पहुंचते ही उनके शरीर में हलचल होने लगी। उनकी पहचान कसार थाना क्षेत्र के कसार गांव निवासी 72 वर्षीय सातो सिंह के रूप में हुई है। उनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

दरअसल, सुबह करीब आठ बजे गाड़ी संख्या 63316 डाउन गया-झाझा मेमू ट्रेन में सातो सिंह अचेत हो गए थे। इसके बाद जीआरपी को सूचना दी गई। सातो को उतारने के लिए 15 मिनट तक रुकी रही। इसके बाद शव वाहन पहुंचा और सातो को लेकर सदर अस्पताल गया। उन्हें पोस्टमार्टम हाउस भेजने के लिए स्ट्रेचर पर लेटाया जा रहा था, तभी शरीर में हलचल होने लगी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि संभवतः चलती रेलगाड़ी में ठंड के कारण वृद्ध अचेत हो गए थे। अब उनकी स्थिति स्थिर है। वे खतरे से बाहर हैं।

# सरकारी गाड़ी ने ई-रिक्शा को मारी ठोकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** नगर थाना क्षेत्र के बाजार समिति रोड पर बुधवार की सुबह एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ई-रिक्शा करीब सात फीट हवा में उछलकर पेड़ से टकराने के बाद सड़क पर गिर पड़ा। दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि एक सवारी को भी चोटें आई हैं।

घायल चालक की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं घायल यात्री का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। ई-रिक्शा पांडेयपट्टी गुमटी की ओर से सवारी लेकर बाजार समिति रोड होते हुए शहर की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह होमगार्ड कार्यालय के समीप पहुंचा, तभी कार्यालय परिसर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही वाणिज्य कर विभाग लिखी स्कॉर्पियो ने ई-रिक्शा को सामने से टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद स्कॉर्पियो सीधे सड़क किनारे स्थित एक मकान की चहारदीवारी से जा टकराई, जिससे दीवार क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा से चालक और यात्री को बाहर निकाला और तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल ई-रिक्शा चालक की पहचान सिविल लाइन निवासी दीपक कुमार के रूप में की गई है, जबकि ई-रिक्शा पर सवार यात्री की पहचान रेलकर्मी निर्मल कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया। पुलिस फरार चालक की पहचान और वाहन के स्वामित्व की जांच में जुट गई है।

### तनाव कायम, पुलिस चौकस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सारण।** थाना क्षेत्र के मिजार्पुर तालपुरैना व बाजिदभोरहां गांवों में मूर्ति विसर्जन के दौरान उत्पन्न विवाद के बाद तनाव का माहौल बना हुआ है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। घटना के बाद से क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है और शांति व्यवस्था बहाल रखने के उद्देश्य से पुलिस बल व दंडाधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। ग्रामीण एसपी संजय कुमार एवं एसडीओ निधि राज ने दौरा कर हालात का जायजा लिया। उनके निर्देश पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, इस मामले में दोनों पक्षों से प्राप्त आवेदन के आधार पर चार अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इसके अलावा लाउडस्पीकर एक्ट के तहत सरस्वती पूजा समिति से जुड़े दोनों पक्षों के सदस्यों के खिलाफ भी अलग से प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# अर्थ सैटेलाइट हेल्थ केयर का हुआ शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** नगर क्षेत्र में मंगलवार कों माँ तारा फार्म एवं अर्थ सैटेलाइट हेल्थ केयर का शुभारंभ किया गया। इस स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ नवनीत निश्चल (डायरेक्टर, अर्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गया) ने शिरकत किया। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के खुलने से टिकारी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। डॉ सुबोध कुमार ने कहा कि, मरीजों को छोटे-छोटे इलाज के लिए गया या अन्य शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। स्वास्थ्य केंद्र के संचालक नवनीत कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ में पूर्व जिला पार्षद सतेन्द्र नारायण, हिमांशु शेखर, रामजी शर्मा, अमिताभ कुमार, नारायण मिश्रा, संजय अथर्व, डॉ अमित नारायण रघु, मुकेश सिंह, प्रमोद कुमार, सुधीर कुमार, विनोद शर्मा, रविन्द्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

# बौद्ध सर्किट फोरलेन के जमीन अधिग्रहण में रार

- दोहरी नीति अपनाने का आरोप
- मुआवजा लेने से किया इंकार
- किसानों ने सरकार को दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** राजगीर से सालेपुर बौद्ध सर्किट फोरलेन पथ निर्माण में भूमि अधिग्रहण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नगर पंचायत सिलाव के किसानों ने अधिग्रहित भूमि का मुआवजा लेने से इनकार कर दिया है। बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा मुआवजा भुगतान के लिए शिविर का आयोजन किया गया था, लेकिन किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक उचित मुआवजा तय नहीं होगा, तब तक वे न तो भुगतान स्वीकार करेंगे और न ही सड़क निर्माण होने देंगे।

किसानों का आरोप है कि सरकार के अधीनस्थ अधिकारियों ने मुआवजा निर्धारण में भारी विसंगति पैदा की है और उनकी जमीन औने-पौने दामों में जबरन लेने की कोशिश की जा रही है।

किसानों ने सरकार और प्रशासन पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना मुआवजा तय किए ही भूमि पर दखल देने की तैयारी की जा रही है, जो सरासर अन्याय है। किसानों ने चेतावनी दी कि किसी भी हाल में सड़क निर्माण शुरू नहीं होने देंगे, इसके लिए उन्हें जो भी कुबार्नी देनी पड़े, वे तैयार हैं।

मौके पर पहुंचे एडीएम राजीव रंजन ने किसानों से संवाद करते हुए माना कि किसानों के साथ गलत हुआ है और इसमें सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों से वर्तमान में दी जा रही राशि लेने की अपील की और भरोसा दिलाया कि शेष मुआवजा दिलाने के लिए प्रशासन सहयोग करेगा। हालांकि किसानों ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया।

बताया जाता है कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी राजगीर को बौद्ध सर्किट मार्ग से जोड़ने के लिए फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस मार्ग में सिलाव मौजा नगर पंचायत क्षेत्र में आता है, लेकिन यहां तय की गई मुआवजा राशि पड़ोसी पंचायतों से भी कम है, जिससे किसानों में आक्रोश है।

किसानों ने बताया कि उन्हें प्रति डिसमिल मात्र 82 हजार 500 रुपये का अवार्ड दिया गया है, जबकि सर्किल रेट चार लाख 90 हजार रुपये प्रति डिसमिल है। वर्ष 2017 में इसी मौजा में सड़क परियोजना के लिए सर्किल रेट से दोगुना मुआवजा दिया गया था। किसानों ने फसल मुआवजा के साथ-साथ उचित भूमि मुआवजा भुगतान की मांग की है।

### नकदी सहित लाखों की लूट

**सीतामढ़ी।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित परिहार प्रखंड अंतर्गत बेला थाना क्षेत्र के भगवतीपुर वार्ड नंबर-5 निवासी बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के उपसचिव सह शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) रामाश्रय प्रसाद यादव के घर डकैतों ने धावा बोलकर नकद समेत लाखों के आभूषण व अन्य सामान लूट लिए।

घटना रविवार की 12 बजे रात्रि की बताई गई है। डकैतों की संख्या करीब डेढ़ दर्जन बताई गई है। डकैतों ने करीब पांच लाख नकद, सोना-चांदी समेत लाखों की संपत्ति लूटकर ले गया।

आधा घंटा तक डकैतों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर रात को ही एडीशनल एसपी आशीष आनंद व थानाध्यक्ष अचल अनुराग दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वहीं गृहस्वामी से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# धान खरीद में घालमेल, बिचौलिए उठा रहे लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में इस वर्ष 36.85 लाख टन धान की खरीद का लक्ष्य है। इसके विरुद्ध अब तक 18 लाख 76 हजार टन धान की खरीद हो चुकी है। केंद्र सरकार ने 28 फरवरी तक धान खरीद का समय तय किया है।

प्रदेश में धान की खरीद में गड़बड़ी एवं फजीवाड़े रोकने के लिए कई स्तरों पर प्रशासनिक व्यवस्था हुई है। सख्ती भी बरती जा रही है कि क्रय केंद्रों पर कोई गड़बड़ी नहीं हो, लेकिन धरातल पर सच्चाई कुछ और है।

छोटे किसानों के नाम पर अधिक धान की बिक्री कागज पर दिखाई जा रही है। माना जा रहा है कि बिचौलिये और व्यापारियों की मिलीभगत से इस बार भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हो रही है।

वर्ष 2025-26 में केंद्र से तय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 2369 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद हो रही है। 2024-25 में 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद हुई थी।

राज्य सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए 6870 पैक्सों एवं 500 से अधिक व्यापार मंडलों में धान खरीद की व्यवस्था की है। अभी तक सरकारी क्रय केंद्रों पर 2,69,685 किसानों ने धान बेचा है। इनमें 2,48,586 किसानों (92.34 प्रतिशत) को राशि भुगतान किया जा चुका है।

सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार के मुताबिक विभाग ने 23-24 जनवरी को सभी 38 जिलों में धान खरीद को लेकर राज्यव्यापी निरीक्षण अभियान चलाया। यह अभियान धान अधिप्राप्ति कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन, सतत निगरानी एवं पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया। इस अभियान के तहत 800 पदाधिकारियों द्वारा कम से कम दो पैक्सों या व्यापार मंडलों का स्थल निरीक्षण किया गया।

प्रदेश में 2,369 प्रति क्विंटल धान की दर के बावजूद बिचौलिए सक्रिय हैं। मुंगेर, जमुई, सहरसा, कटिहार, रोहतास जैसे क्षेत्रों में पंजीकरण और बायोमीट्रिक में देरी का फायदा उठाकर बिचौलिए किसानों से 2100-2200 रुपये क्विंटल पर धान खरीदकर मिलर्स को 2,369 की दर पर खपाने की शिकायतें आ रही हैं।

## ट्रेन में खिलाड़ियों के साथ मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोकामा।** सीट पर बैठने को लेकर आरा से दुर्ग जा रही साउथ बिहार एक्सप्रेस में कबड्डी खिलाड़ियों के साथ कुछ युवकों ने मारपीट की। इस घटना में चार-पांच खिलाड़ी जख्मी हो गये हैं। घटना के बाद ट्रेन में अफरातफरी मच गई। हंगामा सुनकर पहुंची एस्कार्ट पार्टी के जवानों ने एक गुंडे को दबोच लिया।

मारपीट की यह घटना पटना से ट्रेन के रवाना होने के बाद हुई। बताया जाता है कि 13288 डाउन साउथ बिहार एक्सप्रेस आरा से खुलकर दुर्ग जा रही थी।

इस ट्रेन पर आरा से करीब दस कबड्डी खिलाड़ी मैच खेलने लखीसराय जा रहे थे।

सभी खिलाड़ी ट्रेन के एस-1 डिब्बे में सफर कर रहे थे। पटना जंक्शन पर इसी डिब्बे में फतुहा के भी कई युवक चढ़ गये। इन युवकों की सीट पर बैठने को लेकर कबड्डी खिलाड़ियों से बकझक हो गई और विवाद इतना बढ़ गया कि बेल्ट और मुक्के से चार-पांच युवक खिलाड़ियों पर टूट पड़े। देखते ही देखते ट्रेन का डिब्बा रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। सामाजिक तत्वों ने कबड्डी खिलाड़ियों को बेरहमी से जमकर पीटा।

कुछ यात्रियों ने खिलाड़ियों को बचाने का प्रयास भी किया, मगर उन गुंडों के आगे यात्री विवश हो गये।

करीब आधे घंटे तक खिलाड़ियों पर बेल्ट और मुक्के से प्रहार किया गया। इसी दौरान ट्रेन में मौजूद एस्कार्ट पार्टी के जवान भी पहुंच गये। पुलिस को देखते ही सभी ट्रेन से उतरकर फरार हो गये।

# शंकराचार्य पब्लिक स्कूल का थानाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में बुधवार के दिन थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने शंकराचार्य पब्लिक स्कूल का फीता काटकर उद्घाटन किया।इस मौके पर थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने कहा कि शिक्षा वह शक्ति है जो समाज को आगे बढ़ा सकती है।शिक्षा के बिना कोई भी समाज विकसित नहीं हो सकता। इसलिए हमें शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्य करना होगा। इस विद्यालय के शुरू होने से ग्रामीण इलाकों के बच्चों को घर के समीप ही अच्छी शिक्षा मिलने का अवसर प्राप्त हुआ है।निरंजन पासवान ने कहा कि शंकराचार्य पब्लिक स्कूल का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता लाना है और वे इसके लिए हर संभव सहयोग करने को तैयार हैं।इस मौके पर शिव शंकर सर,पवन कुमार,स अ नी मुकेश कुमार सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# दुष्कर्म का विरोध करने पर परिजनों के साथ मारपीट, चार लोग गंभीर

## इलाज के दौरान एक की मौत, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

### केस दर्ज होने के बाद दोबारा किया हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांका।** जिले के रजौन थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला से दुष्कर्म के प्रयास का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोपियों की बेरहमी से की गई पिटाई में एक 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई, जबकि पीड़ित महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज भागलपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल, मायागंज में चल रहा है।

इस घटना में मृतक की पहचान गांव निवासी धनंजय पंडित (70) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में सुधाकर पंडित, अभिकांत पंडित, विपुल पंडित और पीड़ित महिला शामिल हैं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

विज्ञापन

पीड़ित महिला ने बताया कि बीते 23 जनवरी की रात करीब साढ़े 11 बजे गांव का ही कर्मनी पासवान जबरन उसके घर में घुस आया और उससे दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उससे मारपीट की और मौके से फरार हो गया।

घटना के अगले दिन 24 जनवरी को पीड़िता ने रजौन थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद मामला पुलिस के संज्ञान में आया, लेकिन पीड़ित परिवार का आरोप है कि इस पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

आरोप है कि शिकायत दर्ज होने से बौखलाए आरोपी कर्मनी पासवान ने अपने सहयोगियों के साथ मंगलवार दोपहर पीड़ित महिला के घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने महिला और उसके परिजनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें महिला समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हमले में घायल सभी लोगों को परिजनों द्वारा मंगलवार देर रात मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान वृद्ध धनंजय पंडित की मौत हो गई, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि दुष्कर्म के प्रयास की शिकायत के बावजूद समय पर सख्त कदम नहीं उठाए गए, जिससे आरोपियों के हौसले बढ़े और उन्होंने दोबारा हमला किया।

फिलहाल रजौन थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट के आरोप में नर्सों ने किया कार्य का बहिष्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान, जिसे झारखंड का एम्स कहा जाता है, एक बार फिर अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में है। अस्पताल में कार्यरत नर्सों ने कामकाज बंद कर दिया है। नर्सों का आरोप है कि ड्यूटी के दौरान मरीज के परिजनों द्वारा उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज और हंगामा किया गया, जिसके बाद उन्होंने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया।नर्सों के अनुसार, मेडिसिन अ2इ वार्ड में शाम लगभग चार बजे मरीज हसीब अंसारी के अटेंडेंट के साथ विवाद हुआ। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात नर्स अनुपमा कुमारी तिर्की के साथ कथित रूप से मारपीट की गई। नर्स अनुपमा तिर्की का कहना है कि आरोपी अटेंडेंट खुद को कांग्रेस नेता और स्वास्थ्य मंत्री का आदमी बताकर धमकी दे रहा था और उसी ने उनके साथ ज्यादती की।

घटना के बाद जब नर्स अनुपमा तिर्की ने रिम्स प्रबंधन से शिकायत की, तो उनका आरोप है कि प्रबंधन ने कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ही डांट दिया। इससे नर्सिंग स्टाफ में रोष और असुरक्षा की भावना और गहरी हो गई। नर्सों का कहना है कि ड्यूटी के दौरान वे खुद को पूरी तरह असुरक्षित महसूस करती हैं।

घटना से आक्रोशित नर्सों ने रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के बाहर आंदोलन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान वे डायरेक्टर और डिप्टी सुपरिटेंडेंट को मौके पर बुलाने और अपनी सुरक्षा की गारंटी देने की मांग करती नजर आईं। नर्सों का स्पष्ट कहना है कि जब तक उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, वे काम पर वापस नहीं लौटेंगी। स्टाफ का कहना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थान में स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बार-बार होने वाली ऐसी घटनाएं न सिर्फ कर्मचारियों का मनोबल तोड़ती हैं, बल्कि मरीजों की सेवाओं को भी प्रभावित करती हैं।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यात्रा से पूरे बिहार में समृद्धि आएगी : संजय सरावगी

## दरभंगा की विकास योजनाओं को लेकर सीएम नीतीश कुमार का जताया आभार, दिया धन्यवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज कहा कि नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा से न केवल बिहार में समृद्धि लाएगी, बल्कि इससे मिथिला भी समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी प्रगति यात्रा के दौरान जब दरभंगा आए थे तब 11 योजनाओं की घोषणा की थी और आज जब वे समृद्धि यात्रा में यहां पहुंचे हैं तो इन सभी योजनाओं की समीक्षा की। इन सभी योजनाओं का काम प्रारंभ हो गया है इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया और धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी समृद्धि यात्रा के क्रम में दरभंगा पहुंचे। उनके साथ मंच पर मौजूद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार लगातार बिहार की यात्रा करते हैं। मुख्यमंत्री ऐसे तो पूरे बिहार की चिंता करते हैं, लेकिन वे सबसे अधिक चिंता मिथिला की करते हैं। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बन रहे एयरपोर्ट टर्मिनल को देखा तो निर्माणधीन एक्सप्रेस हाइवे और निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा की समीक्षा की। इसके अलावा तीन ऐतिहासिक तालाब हराई, दिग्गी, गंगासागर के सौंदर्यीकरण और एकीकरण का भी जायजा लिया। इसके अलावा 1800 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एलिवेटेड रोड की भी समीक्षा की। इस रोड के बन जाने से दरभंगा को जाम से मुक्ति मिलेगी। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द योजना का काम पूर्ण करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री विकास के साथ ही सनातन संस्कृति के आगे बढ़ने की भी चिंता कर रहे हैं। बाबा कुशेश्वर स्थान के विकास की बात हो या अहिल्या धाम में विकास की बात हो या मिथिला शोध संस्थान की बात हो, मुख्यमंत्री ने उन सभी की चिंता की। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि दरभंगा में आज एम्स का निर्माण हो रहा है। मिथिला के पुनौरा धाम में आज मां जानकी जन्मस्थली का विकास हो रहा है। आज सही अर्थों में पूरे मिथिला का कायाकल्प हो रहा है, यह उनकी लगातार हो रही यात्राओं से साफ दिखाई पड़ता है। उन्होंने विकास को लेकर कहा कि यहां के विधायक होने के नाते और खुशी होती है कि उनके क्षेत्र का कायाकल्प हो रहा है। 2005 के पहले का दिन आज भी याद है।

# किसानों को मिलेगा बेहतर बाजार और उचित मूल्य : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उनके कृषि उत्पादों का उचित मूल्य उपलब्ध कराने तथा कृषि विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कृषि रोड मैप (2023-28) के अंतर्गत कृषि उपज बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास पर विशेष जोर दे रही है। इसके तहत कृषि उत्पादों के विपणन से जुड़ी सभी गतिविधियों को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि राज्य में कुल 53 कृषि उपज बाजार प्रांगण कार्यरत हैं। इनमें से वर्तमान में 22 बाजार प्रांगणों का चरणबद्ध ढंग से आधुनिकीकरण एवं समग्र विकास किया जा रहा है। इन बाजार प्रांगणों में कृषि उत्पादन बाजार समिति सासाराम, बेगूसराय, कटिहार, फारबिसगंज, जहानाबाद, दरभंगा, किशनगंज, छपरा, बिहटा, पूर्णिया (गुलाबबाग), मुसल्लहपुर (पटना), आरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, मोतिहारी, गया, बेतिया, दाउदनगर, मोहनिया तथा स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत बिहारशरीफ कृषि उत्पादन बाजार समिति शामिल हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि दाउदनगर, वैशाली, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी एवं मोहनिया बाजार प्रांगणों में आधुनिकीकरण एवं विकास कार्य पूर्ण हो चुका है जबकि शेष बाजार प्रांगणों में निर्माण एवं विकास कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। इन बाजार प्रांगणों में आधुनिक शेड, सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, कार्यालय भवन सहित अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि बाजार प्रांगणों के विकास का मुख्य उद्देश्य किसानों को उचित एवं लाभकारी मूल्य दिलाना, कृषि उत्पादों के भंडारण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं मूल्य संवर्द्धन की सुविधा उपलब्ध कराना तथा बिचौलियों की भूमिका को कम करते हुए किसानों को सीधे बाजार से जोड़ना है। इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार पहुंच में भी सुधार होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के 20 कृषि उपज बाजार प्रांगणों को ई-नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) से जोड़ा जा चुका है। इसके माध्यम से किसान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों का क्रय-विक्रय कर रहे हैं जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और किसानों को देशव्यापी बाजार से जुड़ने का अवसर मिला है। मंत्री ने विश्वास जताया कि कृषि उपज बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण से बिहार की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और किसान आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनेंगे।

## महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का निधन केवल महाराष्ट्र की ही नहीं, देश की क्षति : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने एनसीपी नेता एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे में हुए निधन पर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि महाराष्ट्र के बारामती में हुई विमान दुर्घटना में उपमुख्यमंत्री एवं एनडीए के हमारे सम्मानित साथी अजित पवार सहित कई लोगों के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं स्तब्ध करने वाला है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के विकास और जनसेवा में अजित पवार का अमूल्य योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि वह दूरदर्शी नेता थे, जो हमेशा सच बोलते थे और सीधे बोलते थे। महाराष्ट्र को बदलने की उनमें इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प था जिसे उन्होंने अपने काम से साबित किया। अजित पवार का निधन केवल महाराष्ट्र की ही नहीं, देश की क्षति है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा यह हमारे पूरे राष्ट्रवादी परिवार के लिए बहुत दुखद और पीड़ादायक घटना है। अब वे हमारे बीच नहीं हैं और यह क्षति हमें गहरे दुख में डुबो गई है। अजित पवार जैसे लोगों का जाना न केवल राजनीतिक नुकसान है, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व की कमी है जिसने हमेशा लोगों के लिए काम किया। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों और उनके समर्थकों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति दें।

## मेयर सीता साहू ने स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए राजकीय महाविद्यालय की बालिकाओं को किया प्रोत्साहित

# स्वच्छ सर्वेक्षण में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभायें : सीता साहू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना नगर निगम ने राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजार बाग, पटना के प्रांगण में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से पटना नगर निगम के नगर आयुक्त यशपाल मीना के निर्देशन में स्वच्छता जागरूकता गीत एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन बालिकाओं के मध्य किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू, महाविद्यालय की प्राचार्या श्रुति तेतरवे, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत तथा गायक राजेश केशरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेयर सीता साहू ने सभी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर अपने पटना को नम्बर वन बनाने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि पटना नगर निगम द्वारा लगातार यही प्रयास किया जा रहा है कि किस तरह आप और हम मिलकर स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकें। आज महिलायें हर कदम पर आगे हैं। चाहे पढ़ाई लिखाई की बात हो या घर गृहस्थी चलाने की। महिलाएं हर जगह सफल होती रही हैं। इसीलिए आप सभी छात्राओं से मैं यही कहना चाहूंगी कि आप लोग स्वच्छता के प्रति भी समाज और देश को जागरूक करें। एक स्वस्थ समाज में ही स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है जब आप बालिकाएं जीवन के हर क्षेत्र में आगे हैं तो स्वच्छ सर्वेक्षण में भी आगे आयें और बढ़ चढ़ कर इसमें भाग लें। हमलोगों को मिलजुल कर पटना को नम्बर वन बनाना है। यह सब तभी संभव है जब आप अपने साथ-साथ परिवार के अन्य सदस्यों को भी इसमें शामिल करेंगी। महाविद्यालय की प्राचार्या श्रुति तेतरवे ने सभी छात्रों एवं अन्य श्रोताओं से विनम्र अनुरोध किया कि पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभी स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर पटना की रैंकिंग को बेहतर बनाएं। इस विशेष अवसर पर बिहार की सुप्रसिद्ध लोक गीत गायिका एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने शानदार संगीत पर अपनी जानदार गीतों की प्रस्तुति दी। सबसे बड़ा है गहना साफ रहना, घर घर अलख जगाएंगे, स्वच्छ पटना बनेगा। साफ सफाई अपनाएंगे, स्वच्छ पटना बनेगा। बड़ा जोर से चलल बाटे स्वच्छता अभियान हो इत्यादि की प्रस्तुति के दौरान बालिकाएं व शिक्षिकाएं खुशी से झूम उठीं एवं तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज उठा। राजेश केशरी ने भी बहुत सारे स्वच्छता जागरूकता गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने भी गीत संगीत की प्रस्तुति दी और वाद विवाद प्रतियोगिता में भी भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। वाद विवाद प्रतियोगिता में सिल्की कुमारी, वैष्णवी कुमारी एवं निम्मी कुमारी विजयी रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय संकाय की शिक्षिकाएं डॉ. संगीता विश्वनाथ, डॉ. उषा यादव, डॉ. कुमारी निमिषा, डॉ. विनीता, डॉ. सबीहा अहसन, अनिता मिंज, डॉ. मंजू कुमारी, प्रभा कुमारी, डॉ. रंजू कुमारी, डॉ. पूनम कुमारी, अनिता एक्का इत्यादि उपस्थित रहीं। हारमोनियम पर राजू मिश्रा और तबला पर श्याम जी ने संगत किया।

## आज एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया एपिकॉन 2026 में जुटेंगे करीब दस हजार फिजिशियंस

# पटना में लगेगा फिजिशियंस का महाकुम्भ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन एपिकॉन 2026 का आयोजन आज से पटना के सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर में प्रारम्भ हो रहा है। यह जानकारी देते हुए आयोजन सचिव डॉ(प्रो.) कमलेश तिवारी ने बताया कि इस चार दिवसीय भव्य आयोजन का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बापू सभागार में किया जाएगा। डॉ तिवारी ने बताया कि देशभर से लगभग 10,000 चिकित्सक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन के दौरान चिकित्सा विज्ञान से जुड़े नवीनतम शोध, आधुनिक उपचार पद्धतियों, तकनीकी नवाचारों तथा जनस्वास्थ्य से संबंधित समसामयिक विषयों पर गहन वैज्ञानिक विचार-विमर्श किया जाएगा। यहां वे अपने शोध एवं ज्ञान का आदान-प्रदान करेंगे। इसके साथ ही इस सम्मेलन के माध्यम से आम जनता तक स्वास्थ्य जागरूकता, रोगों की रोकथाम तथा बेहतर जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाने का भी प्रयास होगा। आज 29 जनवरी 2026 को सम्मेलन के प्रथम दिन ज्ञान भवन, पटना के 9 हॉल में सीएमई (कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में विशेषज्ञ सत्र, पैनल चर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र एवं राउंड टेबल डिस्कशन शामिल रहेंगे। ज्ञान भवन एवं बापू सभागार, पटना के 9 हॉल में मुख्य वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, रूमेटोलॉजी, जेरियाट्रिक मेडिसिन, हीमैटोलॉजी, संक्रामक रोग सहित अनेक महत्वपूर्ण चिकित्सा विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं चर्चा होगी। इन सत्रों में प्रमुख वक्ताओं में होंगे भारत के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. नागेश्वर रेड्डी (हैदराबाद), डॉ के के पारीख, राजस्थान, डॉ एस अरुलह राज, तामिलनाडु, डॉ. शशांक आर. जोशी (मुंबई) एवं डॉ. दीपक तलवार (नई दिल्ली) जैसे चिकित्सक। डॉ. (प्रो.) कमलेश तिवारी ने बताया कि यह सम्मेलन बिहार के चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि एपिकॉन 2026 से न केवल चिकित्सकों को लाभ मिलेगा, बल्कि आम जनता को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं एवं जागरूकता का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। आयोजन सचिव डॉ. (प्रो.) कमलेश तिवारी ने बताया कि एपिकान 26 की कमिटी में स्वागत समिति के अध्यक्ष डॉ. डी. के. श्रीवास्तव एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. एस. के. सिन्हा हैं। इनके अतिरिक्त कमिटी में डॉ प्रो. पद्मश्री एस एन आर्या, डॉ प्रो. पद्मश्री सी पी ठाकुर, डॉ प्रो. पद्मश्री जी पी सिन्हा, डॉ प्रो. ए एन राय, डॉ प्रो. बी बी ठाकुर, डॉ अशोक कुमार, पीएमसीएच, मेडिसिन विभागाध्यक्ष, डॉ अजय कुमार सिन्हा, एनएमसीएच, मेडिसिन विभागाध्यक्ष, डॉ नरेश कुमार, आईजीआईएमएस, मेडिसिन विभागाध्यक्ष, डॉ ज्योति प्रकाश, एम्स, मेडिसिन विभागाध्यक्ष, डॉ प्रो. डी पी सिंह, डॉ देवी राम, डॉ बी के सिंह, डॉ अमित कुमार दास, डॉ संजय कुमार (पल्मो), डॉ सुधीर कुमार (आईजीआईएमएस), डॉ विजय कुमार , डॉ रंजन कुमार, डॉ संतोष कुमार,आइजीआइएमएस डॉ शैबाल गुहा, डॉ अतुल कुमार, डॉ सुभाष कुमार, डॉ सिद्धार्थ सिंह सहित अन्य हैं।

# बिहार का पर्वतारोही जत्था गुजरात रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के पर्वतारोही के जत्था को भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत के राजयनिदेशक सूर्यकांत कुमार एवं एनजीओ हेल्पलाइन के निदेशक सीए संजय कुमार झा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सूर्यकांत ने बताया कि बिहार प्रतिभा के धनी प्रदेश है। खेल कूद में असीम संभावना है। हर पंचायत में खेल क्लब और युवा क्लब का गठन कर खिलाड़ियों और युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है साथ ही राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन का मौका मिल रहा है। गिरनार पर्वतारोहण को फतह करेंगे पर्वतारोही। वही सीए पंडित संजय कुमार झा ने कहा कि खिलाड़ियों को मौका मिले तो बिहारी नौजवान कही भी झंडा लहरा सकता है। उन्होंने खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए हर गांव में खेल कूद के गतिविधियों को बढ़ाने की जरूरत है। बिहार सरकार ने मेडल लाओ नौकरी पाओ अभियान से खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाया है बिहार के खिलाड़ी को आगे बढाने के लिए फाउंडेशन सतत प्रयासरत है। वही गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि खेलेगा भारत तब खिलेगा भारत। उन्होंने कहा खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग किया जायेगा। साथ ही मार्च में राज्यस्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता और मंदार पर्वतारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मौके पर केदारनाथ सिंह, अविनाश पांडेय, ऋतिक राज वर्मा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। जत्था अंकित कुमार, स्नेहा कुमारी, मंटू कुमार, कृति कुमारी, दिव्या कुमारी, ज्ञानति, लखमुनि, पूनम, अर्चना, खुशी रानी, फिजानाज, प्रियंका, मुस्कान, तन्नू, जय, दीपक, श्रवण, ओम, पीयूष, रौशन, शिवन, सोनु, तरुण, इंद्रजीत, रमन, चिंटू, अनीश समेत दर्जनों पर्वतारोही शामिल रहे।

## धनबाद-टाटानगर स्वणरिखा एक्सप्रेस पांच फरवरी से टाटानगर के बजाए चलेगी धनबाद और आदित्यपुर स्टेशन के मध्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु धनबाद और टाटानगर के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 13301/13302 धनबाद-टाटानगर-धनबाद स्वर्णरिखा एक्सप्रेस का टर्मिनल परिवर्तन किया जा रहा है। 05 फरवरी, 2026 से स्वर्ण रेखा एक्सप्रेस टाटानगर के बजाए आदित्यपुर स्टेशन परिचालित की जाएगी जिसका विवरण निम्नानुसार है - 05 फरवरी, 2026 से टर्मिनल परिवर्तन के उपरांत गाड़ी सं. 13301 धनबाद-आदित्यपुर स्वर्णरिखा एक्सप्रेस धनबाद से 05.30 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित समय एवं स्टेशनों पर रूकते हुये 12.05 बजे आदित्यपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 13302 आदित्यपुर-धनबाद स्वर्णरिखा एक्सप्रेस आदित्यपुर से 15.35 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित समय एवं स्टेशनों पर रूकते हुये 22.25 बजे धनबाद पहुंचेगी।

## सीबीसी, पटना द्वारा पायस मिशन स्कूल परिसर, अरवल में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का होगा शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल /पटना।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा पायस मिशन स्कूल परिसर, अरवल में 'विकसित भारत अ 2047' विषय पर दिनांक 29 से 30 जनवरी 26 तक 2 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं जैसे- स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, विबी- जी राम जी, आयुष्मान कार्ड आदि को समाज के सभी तबकों तक प्रचार प्रसार और ऑन स्पॉट सुविधा प्रदान करना है। साथ ही प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड, आधार सुधार, सुकन्या समृद्धि योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुफ्त चिकित्सा आदि का कैंप लगाकर निशुल्क सेवा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सरकार द्वारा चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित परिचर्चा, जन संवाद, प्रदर्शनी, लोक सांस्कृतिक आदि कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम के पूर्व आउटरीच अभियान के तहत विकसित भारत 2047 : महत्वाकांक्षी लक्ष्य विषय आधारित निबन्ध प्रतियोगिता और फनगेम का आयोजन पायस मिशन स्कूल परिसर, अरवल में किया गया जिसमें बच्चों द्वारा बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा लिया गया। मौके पर सीबीसी के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह एवं सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अमरेंद्र मोहन, प्राचार्या सोनम मिश्रा, पत्रकार समीर रंजन व विद्यालय के सभी शिक्षक एवम छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बारामती विमान हादसे पर लोकमंच ने प्रकट की संवेदना, सिकंद ने अजित पवार को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महाराष्ट्र के बारामती में घटित भीषण विमान दुर्घटना को लेकर भारतीय लोकमंच पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। लोकमंच के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद ने इस दुखद घटना को देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक बताया। हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार सहित छह लोगों के असामयिक निधन से पूरे राष्ट्र में शोक का माहौल है। अपने वक्तव्य में श्री सिकंद ने कहा कि अजित पवार ने लंबे समय तक सार्वजनिक जीवन में रहकर महाराष्ट्र के राजनीतिक और प्रशासनिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका अचानक निधन राजनीतिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्षेत्र के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है। लोकमंच इस दुखद दुर्घटना में दिवंगत सभी आत्माओं के प्रति अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करती है। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना करती है कि वे दिवंगतों को चिरशांति प्रदान करे7

## गणतंत्र दिवस समारोह पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा रेलवे कॉलोनी, हाजीपुर स्थित लिट्ल ऐंगल पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में काफी उत्साहपूर्वक एवं आनंद के साथ भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा बच्चों को उपहार भी दिया गया। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा मुख्यालय कार्यालय में अखिल भारतीय ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में रेलवे बोर्ड द्वारा चयनित पूर्व मध्य रेलवे के दो प्रतियोगियों को विशेष पुरस्कार पदक, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रेलवे अस्पताल सीएसएसएच/पटना में इलाज करा रहे बीमार कर्मचारियों को संगठन की अध्यक्षा और अन्य सदस्यों के द्वारा फ्रूट एंड बिस्किट के साथ मिल्टन की टिफिन बॉक्स और नवजात शिशु के लिए मच्छरों से बचाव वाला बिस्तर उपहार स्वरूप दिया गया।

## शिक्षा, नीति और नवाचार का संगम

### टीचर्स ऑफ बिहार के सातवें स्थापना दिवस पर सात डिजिटल प्रकाशनों का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षकों के हित, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं नीतिगत विमर्श को समर्पित प्रतिष्ठित संगठन 'टीचर्स ऑफ बिहार' के सात वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा के अवसर पर स्थापना दिवस समापन उत्सव समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन शिक्षा जगत में संगठन की सक्रिय भूमिका, संघर्ष और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बना। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मंच संचालन संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं शिक्षाविदों द्वारा किया गया। समारोह में देश-प्रदेश के ख्यातिप्राप्त शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। समारोह में डॉ. एस. सिद्धार्थ, पूर्व अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, प्रो. डॉ. अमरेंद्र बेहरा, संयुक्त निदेशक, प्रो. डॉ. उषा शर्मा, प्रधान, राष्ट्रीय साक्षरता केंद्र प्रकोष्ठ, प्रो. डॉ. चारु स्मिता मलिक, सहायक प्राध्यापक, नई दिल्ली सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने शिक्षा व्यवस्था में नवाचार, शिक्षक सशक्तिकरण, डिजिटल संसाधनों के उपयोग और समावेशी शिक्षा की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए।

# शांति लाल जी सेठी के प्रथम स्मृति दिवस पर शांतिनाथ विधान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्व. शांति लाल जी सेठी की प्रथम स्मृति दिवस के अवसर पर आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, काली बीबी कटरा में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में शांतिनाथ विधान का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने स्व. शांति लाल जी सेठी के धर्मनिष्ठ, सरल एवं सेवा भाव से परिपूर्ण जीवन को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। शांति विधान का आयोजन विधि-विधान से शांत, आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विधान के दौरान भगवान श्री शांतिनाथ के गुणों का स्मरण करते हुए विश्व शांति, समाज कल्याण एवं मानवता के उत्थान की कामना की गई। इस अवसर पर महेश जैन, मुकेश जैन, मनीष जैन एवं मनोज जैन सेठी सहित परिवारजनों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने बताया कि स्व. शांति लाल जी सेठी का जीवन सादगी, सत्य और धार्मिक मूल्यों पर आधारित रहा, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

# संपादकीय

## यूजीसी रेगूलेशन में ऐसा क्या है जिसका सवर्ण कर रहे हैं विरोध?

हम आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता और समावेशन को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम, 2026) को अधिसूचित कर दिया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले नए नियमों को लेकर देश में राजनीति तेज हो गई है। इन नियमों के लागू होते ही सवर्ण समुदाय की नाराजगी की खबरें सामने आने लगी हैं और इसके खिलाफ विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक यह दावा किया जा रहा है कि यह रेगुलेशन एक वर्ग विशेष को निशाना बनाने के लिए लाया गया है और इसका दुरुपयोग कर छात्रों और शिक्षकों को प्रताड़ित किया जाएगा। कई मंचों से भय का वातावरण बनाया जा रहा है और तथ्यों से परे जाकर तरह तरह का दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भावनात्मक शोर और राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप से अलग हटकर इन नियमों की वास्तविकता को समझा जाए। सवाल उठता है कि आखिर इन नियमों में ऐसा क्या है जिससे कुछ लोग डरे हुए हैं और क्या सचमुच यह किसी समुदाय के खिलाफ हैं? या फिर यह उच्च शिक्षण संस्थानों में लंबे समय से चली आ रही असमानता और भेदभाव की समस्या से निपटने की एक कोशिश मात्र है? इन्हीं सवालों के जवाब तलाशने और यूजीसी के इन नियमों की सच्चाई आपके सामने रखने की एक कोशिश इस रिपोर्ट के माध्यम से हम कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता और समावेशन को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम, 2026) को अधिसूचित कर दिया है। ये नियम देश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों पर लागू होंगे। इनका उद्देश्य परिसर में भेदभाव से जुड़ी शिकायतों के निवारण के लिए स्पष्ट व्यवस्था बनाना और वंचित सामाजिक समूहों को संस्थागत सहारा देना है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, नए नियमों के तहत प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान को समान अवसर केंद्र स्थापित करना अनिवार्य होगा। यह केंद्र न केवल भेदभाव से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई करेगा, बल्कि शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक और व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराएगा। विविधता और समावेशन को बढ़ावा देना भी इसकी मुख्य जिम्मेदारी होगी। जिन महाविद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं होंगे, वहां यह कार्य संबद्ध विश्वविद्यालय के समान अवसर केंद्र के माध्यम से किया जाएगा।

हम आपको बता दें कि इन नियमों के लागू होने की पृष्ठभूमि में न्यायपालिका की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। वर्ष 2012 में बने भेदभाव विरोधी नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दायर एक याचिका की सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने यूजीसी को अद्यतन नियम प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। यह याचिका रोहित वेमुला और पायल तड़वी की माताओं द्वारा दायर की गई थी। हम आपको याद दिला दें कि इन दोनों ही छात्रों के मामलों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत उत्पीड़न और संस्थागत उदासीनता को लेकर देशव्यापी बहस छेड़ी थी।

नए ढांचे के तहत समान अवसर केंद्र के साथ एक समानता समिति का गठन भी अनिवार्य होगा।

---

**विश्व शिक्षा दिवस कोरा उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है, यह सोचने का क्षण कि शिक्षा क्या है, किसके लिए है और किस दिशा में समाज को ले जा रही है। भारत इस संदर्भ में केवल एक देश नहीं, बल्कि एक जीवित सभ्यता है, जिसने शिक्षा को कभी भी मात्र रोजगार या सूचना का साधन नहीं माना, बल्कि जीवन-निर्माण, चरित्र-गठन और आत्मबोध की प्रक्रिया के रूप में जिया है। आज जब दुनिया ज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अभूतपूर्व दौर में खड़ी है, तब भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा और उसके शैक्षिक सूत्र वैश्विक नेतृत्व का आधार बन सकते हैं। इस वर्ष की थीम 'शिक्षा के सह-निर्माण में युवाओं की शक्ति' है, जो शांति और विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर केंद्रित है, यह दिन शिक्षा को एक मौलिक अधिकार और भविष्य की पूंजी के रूप में रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है, ताकि गरीबी मिटाई जा सके, लैंगिक समानता लाई जा सके और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके।**

# शिक्षा रोजगार का टिकट नहीं, जीवन का दर्शन बने

(ललित गर्ग )

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस, शांति और विकास के लिए शिक्षा की भूमिका का जश्न मनाता है। यह शिक्षा को एक मौलिक मानवाधिकार, सार्वजनिक हित और जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करता है। यह दिन गरीबी के चक्र को तोड़ने और लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देता है।

विश्व शिक्षा दिवस कोरा उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है, यह सोचने का क्षण कि शिक्षा क्या है, किसके लिए है और किस दिशा में समाज को ले जा रही है। भारत इस संदर्भ में केवल एक देश नहीं, बल्कि एक जीवित सभ्यता है, जिसने शिक्षा को कभी भी मात्र रोजगार या सूचना का साधन नहीं माना, बल्कि जीवन-निर्माण, चरित्र-गठन और आत्मबोध की प्रक्रिया के रूप में जिया है। आज जब दुनिया ज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अभूतपूर्व दौर में खड़ी है, तब भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा और उसके शैक्षिक सूत्र वैश्विक नेतृत्व का आधार बन सकते हैं। इस वर्ष की थीम 'शिक्षा के सह-निर्माण में युवाओं की शक्ति' है, जो शांति और विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर केंद्रित है, यह दिन शिक्षा को एक मौलिक अधिकार और भविष्य की पूंजी के रूप में रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है, ताकि गरीबी मिटाई जा सके, लैंगिक समानता लाई जा सके और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिसकी आवश्यकता इसलिए भी है क्योंकि लाखों बच्चे एवं युवा शिक्षा से वंचित हैं और यह दिन युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस, शांति और विकास के लिए शिक्षा की भूमिका का जश्न मनाता है। यह शिक्षा को एक मौलिक मानवाधिकार, सार्वजनिक हित और जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करता है। यह दिन गरीबी के चक्र को तोड़ने और लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देता है। यह दिन शिक्षा को भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी मानता है, जो समाज को अंधकार से बाहर निकाल सकती है और भविष्य के निर्माताओं को तैयार कर सकती है। भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा का मूल मंत्र था-सा विद्या या विमुक्तये, अर्थात् वही विद्या है जो मुक्त करे। गुरुकुलों में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं थी; वह आचरण, अनुशासन, प्रकृति के साथ सामंजस्य, गुरु-शिष्य संवाद और जीवनोपयोगी कौशल का समन्वय थी। गुरु केवल विषय का अध्यापक नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टा होता था और शिष्य केवल परीक्षा-उत्तीर्ण करने वाला विद्यार्थी नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक। आश्रम-व्यवस्था में रहकर विद्यार्थी सेवा, श्रम, ध्यान, तर्क और प्रयोग-इन सबके माध्यम से समग्र व्यक्तित्व का विकास करता था। यह शिक्षा आत्मनिर्भरता सिखाती थी, प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सह-अस्तित्व का बोध कराती थी और ज्ञान को जीवन से जोड़ती थी।

औपनिवेशिक काल में यह समग्र शिक्षा व्यवस्था व्यवस्थित रूप से ध्वस्त की गई। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति का उद्देश्य भारतीयों को शिक्षित बनाना नहीं, बल्कि प्रशासन के लिए क्लर्क तैयार करना था-ऐसे लोग जो सोच में अंग्रेज़ हों, रंग में भारतीय। इस पद्धति ने शिक्षा को जीवन से अलग कर दिया, भाषा को जड़ों से काट दिया और ज्ञान को रटंत, अंक-केंद्रित और नौकरी-उन्मुख बना दिया। आज़ादी के बाद भी दुर्भाग्यवश, भारत लंबे समय तक उसी ढांचे में फंसा रहा। विद्यालय और विश्वविद्यालय बढ़े, लेकिन शिक्षा की आत्मा कमजोर होती चली गई। डिग्रियों की संख्या बढ़ी, पर कौशल, नैतिकता और नवाचार का संकट गहराता गया। स्वतंत्र भारत की शिक्षा प्रणाली ने कुछ सकारात्मक प्रयास अवश्य किए-सार्वजनिक विश्वविद्यालय, वैज्ञानिक संस्थान, तकनीकी शिक्षा लेकिन व्यापक स्तर पर शिक्षा समाज की आवश्यकताओं से कटती गई। पाठ्यक्रम बोझिल होते गए, परीक्षाएं स्मृति-आधारित बनती गईं और शिक्षक-छात्र संवाद औपचारिकता में सिमट गया। शिक्षा रोजगार का टिकट बन गई, जीवन का दर्शन नहीं। यही कारण है कि आज शिक्षित युवा भी दिशाहीनता, बेरोजगारी और मानसिक तनाव से जूझ रहा है। इसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक निर्णायक मोड़ के रूप में सामने आती है। यह नीति केवल संरचनात्मक सुधार नहीं, बल्कि वैचारिक बदलाव का संकेत देती है। इसमें भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने, बहु-विषयक अध्ययन, रटंत विद्या से मुक्ति, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार और नैतिक शिक्षा पर बल दिया गया है। यह नीति स्पष्ट रूप से मैकाले की शिक्षा पद्धति से बाहर निकलने की दिशा में कदम है-जहां शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि सक्षम, सृजनशील और संवेदनशील मानव का निर्माण है।



नई शिक्षा नीति में कौशल विकास, अनुभवात्मक अधिगम, खेल, कला और व्यावसायिक शिक्षा को महत्व देना, उच्च शिक्षा में विषयों की कठोर सीमाओं को तोड़ना-ये सभी कदम गुरुकुल परंपरा की आधुनिक पुनर्व्याख्या जैसे हैं। मातृभाषा में शिक्षा का आग्रह न केवल संज्ञानात्मक विकास को सुदृढ़ करता है, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास भी लौटाता है। यह नीति भारतीय ज्ञान परंपरा-योग, आयुर्वेद, दर्शन, गणित, खगोल को वैश्विक संदर्भ में पुनर्स्थापित करने का अवसर देती है। फिर भी, यह स्वीकार करना होगा कि नीति और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बड़ी चुनौती है। व्यापक परिवर्तन की अपेक्षाएं अभी अधूरी हैं। शिक्षा को वास्तव में कौशल विकास का केंद्र बनाना होगाकृजहां विद्यार्थी केवल पढ़े नहीं, बल्कि कर सके, सोच सके, समस्या सुलझा सके। पाठ्यपुस्तकों और रटंत विद्या से हटकर शिक्षा को जीवन-विकास का आधार बनाना होगा। शिक्षक को फिर से गुरु की भूमिका में लाना होगा-मार्गदर्शक, प्रेरक और सहयात्री के रूप में।

तकनीकी विकास, नवाचार और एआई के युग में भारतीय शिक्षा पद्धति के सामने दोहरी चुनौती है। एक ओर, उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनना है-डिजिटल साक्षरता, डेटा, विज्ञान और तकनीक में अग्रणी होना है। दूसरी ओर, उसे मानवीय मूल्यों, करुणा, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी सुरक्षित रखना है। यदि शिक्षा केवल तकनीक सिखाएगी और विवेक नहीं, तो वह विनाश का उपकरण बन सकती है। भारत की शक्ति यही है कि वह विज्ञान और अध्यात्म, तकनीक और तत्त्वज्ञान, नवाचार और नैतिकता-इन सबका संतुलन सिखा सकता है। भारतीय शिक्षा पद्धति में वह सामर्थ्य है कि वह दुनिया को एक नया दर्शन और नया शिक्षा-सूत्र दे सके, जहां शिक्षा उपभोग नहीं, साधना हो; जहां ज्ञान सत्ता नहीं, सेवा बने; जहां प्रतिस्पर्धा के साथ सह-अस्तित्व भी हो। वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना आज वैश्विक शिक्षा का सबसे प्रासंगिक मंत्र बन सकती है।

इक्कीसवीं सदी का मानव और मानव समाज केवल तकनीकी दक्षता या आर्थिक प्रगति से पूर्ण नहीं हो सकता। उसकी संरचना तब तक अधूरी रहेगी, जब तक शिक्षा परिपक्व, समग्र और मूल्यनिष्ठ न हो। आज दुनिया को ऐसे अभिनव मानव की आवश्यकता है जो आध्यात्मिक चेतना से संपन्न हो और वैज्ञानिक दृष्टि से सक्षम भी। शिक्षा का स्वरूप ऐसा हो, जिसमें ज्ञान केवल सूचना न बने, बल्कि विवेक, संवेदना और उत्तरदायित्व का विस्तार करे। मूल्यप्रवाहित शिक्षा व्यक्ति को मानवीय बनाती है और योग शिक्षा उसे आत्म-संयम, संतुलन तथा अंतर्दृष्टि प्रदान करती है।

# वैश्विक स्तर पर युद्ध के बदलते स्वरूप

**21वीं सदी में शक्ति संघर्ष का स्वरूप बहुत तेजी से बदल रहा है। अब विभिन्न देशों के बीच संघर्ष, तोप, मिसाइल एवं सेनाओं के माध्यम से नहीं लड़े जा रहे हैं बल्कि तकनीकि उपलब्धता, मुद्रा नियंत्रण, पूंजी प्रवाह, खाद्य सुरक्षा, आकड़ों (डेटा) का संग्रहण, नियम निर्माण को प्रभावित करने की क्षमता एवं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करना, आदि में माध्यम से लड़ा जा रहा है।**



(प्रह्लाद सबनानी )

व्यवस्थित तरीके से लड़े जाने वाले उक्त वर्णित युद्ध में रणनीतिक तंत्र का उपयोग किया जाता है। इस तंत्र के माध्यम से वैश्विक बाजारवादी शक्तियां मिलकर किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, नीति संरचना, मुद्रा, पूंजी प्रवाह, तकनीकि, आपूर्ति श्रृंखला, खाद्य सुरक्षा एवं सामाजिक धारणा पर लम्बे समय तक अपना प्रभाव एवं नियंत्रण स्थापित कर लेती हैं। 21वीं सदी में शक्ति संघर्ष का स्वरूप बहुत तेजी से बदल रहा है।

अब विभिन्न देशों के बीच संघर्ष, तोप, मिसाइल एवं सेनाओं के माध्यम से नहीं लड़े जा रहे हैं बल्कि तकनीकि उपलब्धता, मुद्रा नियंत्रण, पूंजी प्रवाह, खाद्य सुरक्षा, आकड़ों (डेटा) का संग्रहण, नियम निर्माण को प्रभावित करने की क्षमता एवं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करना, आदि में माध्यम से लड़ा जा रहा है।

यह एक ऐसा बहुपरत, निरंतर संस्थागत एवं सूक्ष्म युद्ध का स्वरूप है जो राष्ट्र की आर्थिक सामरिक स्वायत्तता को बिना पारम्परिक लड़ाई के नष्ट करने की क्षमता रखता है। यह युद्ध वैश्विक बाजारी शक्तियों अर्थात बहुराष्ट्रीय कम्पनियों, वॉल स्ट्रीट पर आधारित वित्तीय नेट्वर्क, डॉलर आधारित भुगतान प्रणाली, अंतरराष्ट्रीय संस्थानों (विश्व व्यापार संगठन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक), रेटिंग संस्थानों, बड़े तकनीकि संस्थानों एवं निजी सैन्य परामर्श समूहों द्वारा मिलकर संचालित किया जा रहा है। यह युद्ध एक प्रणाली है एवं यह एक घटना नहीं है।

व्यवस्थित तरीके से लड़े जाने वाले उक्त वर्णित युद्ध में रणनीतिक तंत्र का उपयोग किया जाता है। इस तंत्र के माध्यम से वैश्विक बाजारवादी शक्तियां मिलकर किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, नीति संरचना, मुद्रा, पूंजी प्रवाह, तकनीकि, आपूर्ति श्रृंखला, खाद्य सुरक्षा एवं सामाजिक धारणा पर लम्बे समय तक अपना प्रभाव एवं नियंत्रण स्थापित कर लेती हैं।

यह युद्ध अदृश्य रूप से चलता है एवं किसी को प्रत्यक्ष रूप से दिखाई नहीं देता है। यह युद्ध विभिन्न संस्थानों के माध्यम से लड़ा जाता है एवं इस युद्ध के माध्यम से किसी भी देश की शासन व्यवस्था को भी परिवर्तित किया जा सकता है।

# देश की प्रगति पर ब्रेक लगा रहा है ट्रैफिक जाम

**बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीएजी) के सर्वे के अनुसार, सुबह 7 से 9 और शाम को 6 से 8 को पीक समय माना गया है। इस दौरान आने-जाने में औसत से डेढ़ गुना अधिक समय लगता है। इस सर्वे में कोलकाता की स्थिति सबसे खराब थी। बेंगलुरु दूसरे पायदान पर रहा। सबसे ज्यादा वाहनों की संख्या के बावजूद बेहतर सड़कों के चलते दिल्ली की स्थिति बेहतर रही। रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली में निजी वाहन से चलने वालों की संख्या सबसे अधिक 45 फीसदी रही, जबकि बेंगलुरु में यह आंकड़ा 38 फीसदी रहा। सार्वजनिक वाहनों के प्रयोग के मामले में मुंबई ने बाजी मारी, जिसके बाद कोलकाता का नंबर रहा। इस मामले में बेगलुरू सबसे निचले पायदान पर रहा जहां ट्रैफिक जाम आम हो गया है।**

(योगेंद्र योगी)

दिल्ली में यातायात जाम से संबंधित आर्थिक नुकसान 2030 तक 14.7 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। अकेले यातायात जाम के कारण ईंधन की बर्बादी से प्रतिदिन लाखों डॉलर का नुकसान हो सकता है, जिससे शहर में पहले से ही गंभीर वायु गुणवत्ता की समस्या और भी बढ़ जाएगी।

देश आधारभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। हर तरफ हाल–बेहाल है। देश के राजनीतिक दल ऐसी सुविधाएं के प्रति गंभीर नहीं हैं। यही वजह है कि इन सुविधाओं की कमी से देश का हर साल अरबों रुपयों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। राजनीतिक दल और सरकारें ऐसी सुविधाओं की कमी के लिए एक–दूसरे को कोस कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। टॉमटॉम ट्रैफिक इंडेक्स 2025 के अनुसार बेंगलुरु दुनिया में दूसरा सबसे ज़्यादा जाम वाला शहर है। रैंकिंग में सिर्फ मैक्सिको सिटी ऐसा शहर है, जहां ट्रैफिक की स्पीड बेंगलुरु से कम है। पांचवें स्थान पर महाराष्ट्र का पुणे शहर है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बेंगलुरु के जाम के कारण लोगों को एक साल में 168 घंटे गंवाने पड़े। यह समय 7 दिन और 40 मिनट के बराबर है।

बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीएजी) के सर्वे के अनुसार, सुबह 7 से 9 और शाम को 6 से 8 को पीक समय माना गया है। इस दौरान आने-जाने में औसत से डेढ़ गुना अधिक समय लगता है। इस सर्वे में कोलकाता की स्थिति सबसे खराब थी। बेंगलुरु दूसरे पायदान पर रहा। सबसे ज्यादा वाहनों की संख्या के बावजूद बेहतर सड़कों के चलते दिल्ली की स्थिति बेहतर रही। रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली में निजी वाहन से चलने वालों की संख्या सबसे अधिक 45 फीसदी रही, जबकि बेंगलुरु में यह आंकड़ा 38 फीसदी रहा। सार्वजनिक वाहनों के प्रयोग के मामले में मुंबई ने बाजी मारी, जिसके बाद कोलकाता का नंबर रहा। इस मामले में बेगलुरू सबसे निचले पायदान पर रहा जहां ट्रैफिक जाम आम हो गया है।

भारत के प्रमुख चार शहरों- दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता में ट्रैफिक जाम के चलते हर साल 1.47 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होता है। एक हालिया स्टडी में खुलासा हुआ है कि ट्रैफिक जाम के कारण बेंगलुरु को लगभग हर साल 20,000 करोड़ रुपये का भारी आर्थिक नुकसान होता है। भारत की सिलिकॉन वैली का सपना देखने वाले इस शहर में हर साल हजारों लोग आते हैं। पिछले 15 सालों में शहर की आबादी तेजी से बढ़ी है। अब यहां करीब 1.5 करोड़ लोग रहते हैं। सड़कों पर एक करोड़ से अधिक गाड़ियां हैं। गाड़ियों की संख्या कितनी तेजी से बढ़ रही है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने एक बयान में कहा था कि साल 2027 तक शहर में वाहनों की संख्या यहां की आबादी से ज्यादा होगी।



दिल्ली में यातायात जाम से संबंधित आर्थिक नुकसान 2030 तक 14.7 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। अकेले यातायात जाम के कारण ईंधन की बर्बादी से प्रतिदिन लाखों डॉलर का नुकसान हो सकता है, जिससे शहर में पहले से ही गंभीर वायु गुणवत्ता की समस्या और भी बढ़ जाएगी। र?पोर्ट में पता चला कि कर्मचारियों ने काफी समय ट्रैफिक में फंसकर बिताया, जिससे उत्पादकता में काफी नुकसान हुआ। स्टडी का अनुमान है कि ट्रैफिक संबंधी बाधाओं के कारण अकेले आईटी सेक्टर को लगभग 7,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अलावा, छोटे और मध्यम उद्यमों पर ट्रैफिक जाम के प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। ये व्यवसाय डिलीवरी शेड्यूल को पूरा करने के लिए संघर्ष करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप शिपमेंट में देरी होती है और ग्राहक असंतुष्ट होते हैं। बदले में इसका शहर की अर्थव्यवस्था पर तेजी से प्रभाव पड़ता है, जिससे लगभग 3,500 करोड़ रुपये का नुकसान होता है।

भारत में वर्ष 2000 से मोटर वाहन उपयोग में भारी वृद्धि हुई है और हर 5-6 वर्षों में नए वाहनों की संख्या दोगुनी हो जाती है। हालांकि महामारी के कारण कुछ समय के लिए यह वृद्धि रुक गई, लेकिन मोटर वाहन उपयोग में तेजी से सुधार हुआ और 2023-24 में औसतन प्रतिदिन 58,000 नए वाहन पंजीकृत हुए, जिनमें से 52,000 निजी वाहन थे। दिल्ली में, इसी अवधि में औसतन 6.4 लाख वाहन पंजीकृत हुए और औसतन प्रतिदिन नए वाहन पंजीकृत हुए, जिनमें से लगभग 1,750 नए वाहन थे। यातायात जाम बढ़ने का एक कारण 'कारों की अत्यधिक संख्या' है।

ट्रैफिक में वाहनों के खड़े रहने से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 3 प्रतिशत बर्बाद हो जाता है। महानगर यातायात के कारण जाम से ग्रस्त हो गए हैं, जिसका 10 प्रतिशत ईंधन की खपत के कारण बर्बाद होता है। जहां वाहन ट्रैफिक में खड़े होते हैं, वहां प्रदूषण का एक क्षेत्र बन जाता है, जिसमें कार्बन मोनोऑक्साइड और सल्फर ऑक्साइड जैसी गैसें होती हैं, जिन्हें मापा जा सकता है। यातायात जाम का प्रदूषण पर सीधा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि रुके हुए वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन सुचारू रूप से चल रहे यातायात की तुलना में 3 से 7 गुना अधिक हो सकता है। नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड की बड़ी मात्रा उत्सर्जित होती है, जिससे स्थानीय वायु गुणवत्ता प्रभावित होती है और स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा होता है।

साल 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की शहरी जनसंख्या 31.16 प्रतिशत थी, जो विश्व बैंक के 2022 के अनुमान के अनुसार शहरी जनसंख्या 2020 तक बढ़कर 35त्न हो चुकी है। शहरीकरण की यह गति आने वाले वर्षों में और तेज होगी, जिससे महानगरों में वाहनों की संख्या भी बढ़ेगी। दिल्ली में 2023 तक लगभग 1.2-1.3 करोड़ पंजीकृत वाहन थे,

पर्यावरण प्रदूषण भी ट्रैफिक जाम की एक गंभीर परिणति है। दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में हैं। ट्रैफिक जाम के कारण वाहनों से निकलने वाले कार्बन उत्सर्जन में भारी वृद्धि होती है, जिससे वायु गुणवत्ता खराब होती है और स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती हैं।

इस समस्या के समाधान के लिए कई प्रभावी रणनीतियां अपनाई जा सकती हैं। सबसे पहले सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत करना अनिवार्य है। अधिक शहरों में मेट्रो नेटवर्क, इलेक्ट्रिक बसों और साइकिल ट्रैक को बढ़ावा देना चाहिए। भारत में हाई-ऑक्यूपेंसी व्हीकल लेन का प्रावधान किया जा सकता है, जिससे एक से अधिक यात्रियों वाले वाहनों को प्राथमिकता मिले और कार-पूलिंग को प्रोत्साहन मिले। सड़कों के बुनियादी ढांचे में सुधार भी आवश्यक है। फ्लाईओवर, मल्टी-लेवल पार्किंग और स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल जैसी सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए। मुंह बाएं खड़ी ट्रैफिक जाम की समस्या के लिए तत्काल युद्ध स्तर पर प्रयास नहीं किए गए तो आने वाले वक्त में यह समस्या विकराल रूप धारण कर लेगी।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

000

### मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

# जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को अधिग्रहण प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा घोषित प्रगति यात्रा के आलोक में जिला रोहतास में संचालित, प्रस्तावित एवं प्रक्रियाधीन विकास योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा हेतु जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में रेहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक पथ निर्माण योजना की समीक्षा की गई जिसकी अनुमानित लागत 66.89 करोड़ है। यह योजना पर्यटन एवं ऐतिहासिक महत्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। समीक्षा में जिला पदाधिकारी ने इस योजना को प्रगति यात्रा की दृष्टि से प्राथमिकता में रखते हुए वन विभाग को आवश्यक स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि डिहरी-तेतराढ़-राजपुर पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है तथा समय-सीमा के अनुरूप कार्य निष्पादित किया जा रहा है। बताया गया कि आयरकोठा-अकोढ़ीगोला-अमरा तालाब पथ (भाग-ए) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य प्रगति पर है। अकोढ़ीगोला बाईपास पथ निर्माण योजना जिसकी अनुमानित लागत 88.78 करोड़ है, पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि यह योजना भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के अंतर्गत है तथा आरएफसीटीएलएआरआर एक्ट, 2013 के तहत अधिसूचना जारी की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अधिग्रहण प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। बताया गया कि नोखा-नासरीगंज पथ के दूसरे किलोमीटर में बक्सर मुख्य कैनाल पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल एवं पहुंच पथ निर्माण योजना कार्य बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है और वर्तमान में प्रगति पर है। कोचस में नागरिक सुविधाओं के लिए नए बस स्टैंड निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। बैठक में बताया गया कि कुदरा-चेनारी-मल्हीपुर पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य वन विभाग से एनओसी लंबित रहने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। जिला पदाधिकारी द्वारा इसे नगर निकाय क्षेत्र से जल्द कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। पुरानी जीटी रोड के बेदा कैनाल से रेलवे लिंक पथ (भाग-1) के सुदृढ़ीकरण कार्य कार्य प्रगति पर है। बेदा-बभनपुरा कैनाल से एनएच-19 (भाग-2) पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। आयरकोठा-अमरातालाब टू-लेन पथ (भाग-बी) का कार्य प्रगति पर है। कोचस में आरा-मोहनियां पथ पर बाईपास निर्माण का कार्य प्रगति पर है डिहरी-बिक्रमगंज-दिनारा पथ पर नाला निर्माण योजना का कार्य प्रगति पर है। बैठक में करगहर-बड़हरी-धर्मपुरा पथ के उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य तथा बरांव-जहानाबाद पथ के उन्नयन कार्य की भी समीक्षा की गई। दोनों योजनाएं प्रगति पर पाई गईं। बैठक में बताया गया कि पर्यटन विकास के अंतर्गत इंद्रपुरी जलाशय के समीप पर्यटन हाट निर्माण योजना प्रगति पर है। संझौली प्रखंड अंतर्गत वाजितपुर में कांव नदी पर पुल निर्माण प्रगति पर है। औद्योगिक विकास के अंतर्गत डिहरी औद्योगिक क्षेत्र के विकास योजना जिसकी लागत 6.50 करोड़ है, पर चर्चा की गई। बताया गया कि सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआइए) से संबंधित विशेषज्ञ समिति की बैठक हो चुकी है ।

## पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में हर्षोल्लास के साथ मना 77वां गणतंत्र दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधकउदय सिंह मीना द्वारा राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया गया। मंडल मुख्यालय स्थित बाकले रेल ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में स्कूली छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान गाया गया तथा मंडल रेल प्रबंधक द्वारा रेल सुरक्षा बल, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड आदि की पलटन का निरीक्षण किया गया तथा परेड की सलामी ली गयी। अपने संबोधन में सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं के साथ मंडल रेल प्रबंधक द्वारा चालू वित्त वर्ष में डीडीयू मंडल की अब तक प्राप्त प्रमुख उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर रेल अधिकारियों सहित पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन/डीडीयू मंडल की अध्यक्षा चित्रा सिंह व सदस्याएं, मंडल में कर्मचारी यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में रेल कर्मी व आमजन उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस समारोह में रेलकर्मियों, डीडीयू मंडल के कला समिति, स्काउट एवं गाइड सदस्यों, स्कूली बच्चों द्वारा देशप्रेम से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। राष्ट्र प्रेम के प्रतीक संदेश के तौर पर राष्ट्रध्वज के रंगों वाले गुब्बारे हवा में छोड़े गए।

## वाहन जांच अभियान में 66 वाहनों से 2.62 लाख की वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** शहर के पोस्ट ऑफिस चौराहा एवं आसपास के इलाकों में मोटर वाहन निरीक्षक के के त्रिपाठी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस विभाग के जवानों को साथ लेकर सघन जांच की गई। अभियान में कुल 66 वाहनों से नियम उल्लंघन के आरोप में 2,62,000 रुपये जुर्माना वसूला गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट, बिना वैध कागजात, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। एमवीआई के के त्रिपाठी ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया है। ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें और अपने वाहन के सभी वैध कागजात साथ रखें। उन्होंने कहा कि जीवन बहुत अनमोल है और इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सबसे पहले स्वयं व्यक्ति की होती है। नियमों का पालन कर ही सुरक्षित यात्रा संभव है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह के वाहन जांच अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

## नारायण युवा उत्सव में पुरुष एवं महिला वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** गत सप्ताह से चल रहे नारायण युवा उत्सव 2026 में पुरुष एवं महिला वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। विश्वविद्यालय के खेल समन्वयक डॉक्टर राजीव रंजन ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि बालिका वर्ग के 100 मीटर दौड़ में अनुवालिया दयाल नारायण मेडिकल कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि नारायण कृषि विज्ञान संस्थान की कविता कुमारी द्वितीय स्थान पर तथा नारायण एकेडमी आफ मैनेजेरियल एक्सीलेंस की कल्पना तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि बालक वर्ग में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के हर्षवर्धन प्रथम स्थान पर तथा मोहम्मद अबूजार द्वितीय स्थान पर रहे जबकि तृतीय स्थान नारायण एकेडमी आफ मैनेजेरियल एक्सीलेंस के शुभम कुमार यादव ने प्राप्त किया। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग से नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की अनुवालिया दयाल ने प्रथम स्थान जबकि नारायण नर्सिंग कॉलेज की रजनी देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा नारायण कृषि विज्ञान संस्थान की अश्विनी कुमारी तीसरे स्थान पर रही। 200 मीटर के बालक वर्ग में नारायण नर्सिंग कॉलेज के आशीष कुमार प्रथम स्थान पर तथा अक्षत आनंद दूसरे स्थान पर रहे जबकि सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के पवन सिंह तीसरे स्थान पर रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका वर्ग में चार गुना 100 रिले दौड़ में नारायण नर्सिंग कॉलेज की स्वर्ण साक्षी, अमीषा पटेल, दीक्षा मिश्रा एवं रजनी देवी की टीम पहले स्थान पर रही जबकि सूचना प्रौद्योगिकी की अर्चना कुमारी, अनुप्रिया कुमारी, श्रेया कुमारी एवं नेहा कुमारी द्वितीय स्थान पर रही। इसी प्रकार नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की अनुवालिया दयाल, भवन भारती, श्रेया चौधरी एवं रिया कुमारी तीसरे स्थान पर रही। बालक वर्ग के चार गुणा सौ रिले दौड़ में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के हर्षवर्धन, मोहम्मद अबूजार, विजय पटेल एवं प्रिंस पहले स्थान पर रहे जबकि नारायण इंस्टिट्यूट ऑफ़ एलाइड हेल्थ साइंसेज के रोशन राज, सुनील यादव, धीरज कुमार, अनुराग कुमार दूसरे स्थान पर रहे तथा नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के अविनाश कुमार, अमर सिंह, सनोज कुमार तथा शुभम राज तीसरे स्थान पर रहे।

## एसडीएम के नेतृत्व में समीक्षात्मक बैठक, कई विषयों पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज।** अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज के द्वारा बुधवार को विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों के अवलोकन एवं समीक्षा के लिए बैठक आहू की गई जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा कई तरह की समस्याओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई और इस पर चल रहे विभिन्न प्रकार के गतिविधियों की जानकारी ली गई। इस समीक्षात्मक बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए पदाधिकारी तथा संबंधित थाने के थाना अध्यक्ष भी शामिल हुए। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार के द्वारा बताया गया कि विधि व्यवस्था, लोक शिकायत, तथा भूमि विवाद से संबंधित बैठक की गई और इससे संबंधित विभिन्न मामलों की जानकारी ली गई और इसकी गति का अवलोकन किया गया। मामले के त्वरित निष्पादन के संबंध में कई प्रकार के निर्देश दिए गए। वहीं हर प्रकार के मामले की अद्यतन जानकारी भी प्राप्त की गई।

## डा संजय प्रशंसा अवार्ड से हुए सम्मानित, चिकित्सकों ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी निवासी डा. संजय कुमार सिंह को प्रदेश आईएमए द्वारा प्रशंसा अवार्ड से सम्मनित होंने पर स्थानीय चिकित्सकों ने उन्हें बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पाली रोड स्थित आई एम ए हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में सचिव डा अमिताभ ने कहा कि गत 26 जनवरी को बिहार आई एम ए द्वारा डा. कुमार को प्रशंसा अवार्ड से सम्मानित किये जाने से हम सभी गौरवान्वित हैं। उन्होंने बताया कि यह अवार्ड पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संदीप कुमार ने प्रदान किया। समारोह आयोजित कर बधाई देनेवालों में स्थानीय आई एम ए के अध्यक्ष डा उदय सिन्हा, वरिष्ठ चिकित्सक डा गीता सिन्हा, डा आर डी सिंह, डा रागिनी सिन्हा, डा सतेन्द्र शंकर, डा उमेश कुमार, डॉ बिरेंद्र, डा कंचन, डा आसिफ, डा. नवीन नटराज समेत कई चिकित्सक मौजूद थे।

### अ. क. स. ने डॉ. संजय कुमार को 'सोन गौरव सम्मान' से किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर एवं जिले के जाने-माने वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. संजय कुमार सिंह को जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम द्वारा 'सोन गौरव सम्मान' एवं 'अंग वस्त्र' प्रदान कर भव्य रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान, सामाजिक सेवा भावना, रोगियों एवं पीड़ितों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण, शल्य चिकित्सा में उच्च दक्षता तथा जरूरतमंदों के प्रति निःस्वार्थ सेवा भाव को देखते हुए प्रदान किया गया। गौरतलब है कि डॉ. संजय कुमार सिंह को यह प्रतिष्ठित सम्मान गणतंत्र दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन एप्रिसिएशन अवार्ड समारोह में भी प्रदान किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप कुमार ने उन्हें सम्मानित किया। समारोह में ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन बिहार के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार यादव, पूर्व अध्यक्ष डॉ. विजय शंकर सिंह सहित राज्य भर से आए कई वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चिकित्सक मौजूद थे। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन बिहार द्वारा दिया गया यह सम्मान चिकित्सा जगत में उत्कृष्ट सेवा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता देने वाले चिकित्सकों को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में हर्षोल्लास के साथ मना 77वां गणतंत्र दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में आज 77वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही। समारोह की मुख्य अतिथि कमला देवी, चेयरमैन, रामजग सिंह मेमोरियल ट्रस्ट रहीं। विद्यालय के निदेशक सह सेक्रेटरी आनंद सिंह ने झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया। अपने संबोधन में निदेशक आनंद सिंह ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हमारे राष्ट्रीय पर्व संवैधानिक व्यवस्थाओं को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। निदेशक ने यह भी बताया कि आर एस के पब्लिक स्कूल ऐप के माध्यम से विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है और यह जिले का पहला विद्यालय है जहां शिक्षकों द्वारा नियमित ऑनलाइन अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, संगीत एवं ऑपरेशन सिंदूर घटना का भावनात्मक मंचन प्रस्तुत किया जिसे देखकर कई अभिभावकों की आंखें नम हो गईं। देश की सशक्त छवि को दर्शाती कविताओं की प्रस्तुति की भी खूब सराहना हुई। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स की परेड का निरीक्षण मुख्य अतिथि कमला देवी एवं निदेशक आनंद सिंह द्वारा किया गया। पीटी का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ, वहीं बालिकाओं ने आत्मरक्षा के तहत जूडो-कराटे की विभिन्न विधाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया।

## जिले के प्रधान सहायक और लिपिकों को मिला प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** जिला समाहरणालय के लिच्छवी भवन में प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण को लेकर जिले के प्रधान सहायकों व लिपिकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिला कोषागार पदाधिकारी एवं प्रशिक्षण स्थापना उप समाहर्ता पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। कार्यशाला में प्रधान सहायकों और लिपिकों को सेवा संपुष्टि, वरीयता सूची का निर्धारण और अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़े नियमों की जानकारी दी गयी। साथ ही सेवा पुस्तिका के संधारण, अवकाश नियमों, एसीपी व प्रोन्नति और पंजियों के संधारण की तकनीकी जानकारी भी विस्तार से दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि फाइलों का रख-रखाव सिस्टमेटिक हो, ताकि आम जनता के कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो।

## यूजीसी एक्ट के खिलाफ सनातनी चंदन बाबा का दौरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** केंद्र सरकार के द्वारा यूजीसी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज की ओर से सनातनी चंदन बाबा के नेतृत्व में अनेक स्थानों पर दौरा किया गया और सवर्ण समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान के तहत अनुमंडल क्षेत्र के दावथ प्रखंड में आयोजन किया गया। क्षेत्र के बैरिया गांव में शिव मंदिर परिसर में आयोजित इस बैठक में सनातनी चंदन बाबा के द्वारा भाजपा सरकार एवं देश के मुखिया नरेंद्र मोदी की सरकार को इस एक्ट के वापस लेने के लिए सवर्ण समाज के लोगों से एक रहने का आहवान किया गया, वहीं बिल को वापस नहीं लेने की स्थिति में जगह-जगह आंदोलन चलाए जाने की बातें भी कही गई। लोगों ने केंद्र सरकार मुर्दाबाद, केंद्र सरकार होश में आओ, नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद, यूजीसी एक्ट वापस लो आदि के नारे लगाए गए। उपस्थित लोगों ने इस एक्ट के विरुद्ध सवर्ण समाज को आगे आने की बातें कहीं और सवर्ण समाज के चुने गए प्रतिनिधियों को आवाज उठाने का आहवान किया। यह भी कहा गया कि सवर्णो के वोट के बदौलत बीजेपी केंद्र सरकार के रूप में अस्तित्व में आई। इस सवर्ण समाज को भेदभाव के तहत किनारा लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर सनातनी बाबा ने अपनी शिखा अर्थात चोटी को दिखाते हुए कहा कि जब तक केंद्र सरकार यूजीसी एक्ट को वापस नहीं ले लेती तब तक अपने शिखा को नहीं कटवाएंगे।

## मदरसा तजवीदुल कुरआन कमेटी के जानिब ने किया मजलिस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय 12 पत्थर जामा मस्जिद में वर्षों से चलने नाममी गेरामी मदरसा तजवीदुल कुरआन जो आज अपने नए बिल्डिंग में हाफिज अलीम व कारी मुस्लिम मुफ्ती साहब के जरिए बेहतरीन ढंग से चलाई जा रही है जिसमें तकरीबन 60/70 बैरुनी तोलबा तालीम हासिल करते हैं। फिलहाल तीन बच्चों को मुकम्मल हाफिज होने पर एक बड़ी मजलिश मुनक्कीद की गई। सेक्रेट्री जनाब नेसार खान ने कहा कि मदरसे के तामिर में लम्बे खर्च के वजह कर बड़े प्रोग्राम न होकर लोकल 4/5 सौ लोगों को दुवा में शामिल किए गए जिसमें जामा मस्जिद के पेशीमाम हाफिज सोहराब साहब, मौलाना कारी अफजल साहब, हाफिज अमानुललाह, इदगाह मस्जिद के इमाम साहब, डॉक्टर आशिफ, डॉक्टर हसनैन निसार साहब, मुख्तार आलम, मौलाना मो मुर्शिद, आरिफ इम्तियाज, फिरोज दिगर सैकड़ों लोग मौजूद थे। दूसरी तरफ वार्ड नंबर 24 में चल रहे मदरसा जामेकासमिया दारूल कुरआन में (7 सात) हाफिज हुए।

## लोक संवाद विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** स्थानीय रामा जैन बालिका उच्च विद्यालय सासाराम में विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत प्रधानाध्यापक सह संचालक कम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर डॉ शैलेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षक के रुप में राकेश रंजन मिश्र ने बताया कि एक आदर्श विद्यालय तैयार होने में लोक भागीदारी की अहम भूमिका होती है। शिक्षा समिति का यह दायित्व है कि वह विद्यालय के समुचित विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में अपना योगदान एवं सहयोग अवश्य करें। समिति की बैठक नियमित समयांतराल पर होनी चाहिए एवं सभी निर्णयों को सामूहिक स्थिति में लिया जाना चाहिए जब एक विद्यालय आदर्श स्थिति को प्राप्त करता है तो वहां से निकलने वाले छात्र-छात्राओं के जीवन पर उसका प्रभाव रहता है एवं एक विकसित समाज, राज्य एवं देश के होने में अपना योगदान सुनिश्चित करता है। संभाग प्रभारी पंकज कुमार की देखरेख में सात विद्यालयों यथा रमा जैन बालिका मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय करन सराय, प्राथमिक विद्यालय खैरी, मध्य विद्यालय हेली डे रोड, रा० न० उ० मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उ० म० विद्यालय शाह जलालपीर, प्रा० वि० कबीरगंज के सभी शिक्षा समिति के प्रधानाध्यापक, अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य तीन सदस्यों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। यह प्रशिक्षण लगातार तीन दिनों तक चलेगा जिसमें विद्यालय की रीढ़ शिक्षा समिति को और सशक्त बनाया जा सके। यह एक कार्यक्रम नहीं अपितु एक विश्वास का प्रतीक है।

## कमलेश सिन्हा बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अधिवक्ता मंच के प्रदेश अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ रोहतास (बिहार) के जिला संयोजक कमलेश कुमार सिन्हा को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश के अधिवक्ता मंच का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा ने कमलेश कुमार सिन्हा को अपने पटना स्थित कार्यालय में मनोनयन पत्र देते हुए अंग वस्त्र से सम्मानित कर बधाई दिये। राजीव रंजन सिन्हा ने कहा कमलेश कुमार सिन्हा लगभग 20 वर्षो से भाजपा विधि प्रकोष्ठ में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। साथ ही ये कायस्थ महासभा में भी सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं जो हमारे समाज के लिए गर्व की बात है। इनके द्वारा अधिवक्ताओं के हित के साथ-साथ समाज के हित में किये गये कार्य काफी सराहनीय रहे हैं, हम इनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि इनके अनुभव और कार्य करने की शैली से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश के अधिवक्ता मंच के माध्यम से ये अधिवक्ताओं के हित में कार्य कर एक नया आयाम स्थापित करेंगे।

# फाइनल फुटबॉल मैच का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढी गोला (रोहतास)।** आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट स्थित अशोक कुमार जैन उच्च विद्यालय के खेल के मैदान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर फाइनल फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। फाइनल फुटबॉल मैच नासरीगंज और घोसिया कला के बीच खेला गया। मैच की आयोजक इंजीनियर चंदन भगत ने बताया कि फुटबॉल टूर्नामेंट में चार जगह की टीम नासरीगंज डालमिया नगर घोसिया कला एवं आलमपुर की टीम ने हिस्सा लिया था। अंतिम फाइनल मैच नासरीगंज और घोसिया कला के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन रोहतास के पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष सह वर्तमान जिला परिषद सदस्य डिहरी नथुनी पासवान, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ राजेंद्र प्रसाद, श्रीकांत पाल, मिट्ठू सिंह, मनोज गुप्ता, शारदा कुंवर, टप्पू सिंह, मनोज यादव, अजीत सिंह, विवेक सिंह, संजीव कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा बारी-बारी से गेंद को किक मारकर किया। दर्शकों को संबोधित करते हुए नथुनी पासवान ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है ऐसा आयोजन समय पर होना चाहिए उन्होंने आदर्श फुटबॉल कमेटी को धन्यवाद दिया। इस फाइनल फुटबॉल मैच में घोसिया कला की टीम ने नासरीगंज की टीम में दो गोल-दाग कर दो गोल से जीत हासिल की। शुरुआती दौर से ही घोसिया कला की टीम नासरीगंज की टीम पर हावी रही मध्यांतर से पहले एक गोल और मध्यांतर के बाद एक गोल दाग कर दो गोल से घोसिया कला की टीम ने जीत हासिल की। रेफरी के रूप में अमजद हुसैन और लाइन मैन के रूप में पप्पू गोस्वामी तथा संजय कुशवाहा रहे। मौके पर मुकीम अंसारी पवन श्रीकांत मोहित चंदन पाल परवेज आलम स्नेही इमरान आदि मौजूद रहे।


## विधायक ने किया लोक संस्कृति पर आधारित नाटक का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के अवसर पर क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों एवं नवज्यूकों ने रंगमंच आधारित नाटक का आयोजन भी किया। प्रखंड क्षेत्र बिक्रमगंज के ढोढनडीह में 'छोटकी पतोह' नामक सामाजिक भोजपुरी नाटक की प्रस्तुति की गई। इसका उद्घाटन काराकाट विधायक अरुण सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक अरुण सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीणों के बीच एकता स्थापित करने में सहायक होते हैं। प्रस्तुत नाटक में अंकित कुशवाहा, प्रेमचंद सिंह, विशाल कुमार जैसे कलाकारों ने मुख्य भूमिका निभाई। वही विधायक ने मनरेगा योजना में केंद्र सरकार द्वारा किए गए बदलावों की आलोचना की और कहा कि इससे बिहार के मजदूरों को नुकसान होगा। कार्यक्रम में पूर्व जिला पार्षद मनोज यादव, मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज, डॉ. अशोक सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रस्तुत नाटक का निर्देशन संजय कुशवाहा ने किया। समिति के अध्यक्ष सुशील कुशवाहा, संयोजक राजबहादुर कुशवाहा और कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र कुशवाहा ने अतिथियों को सम्मानित किया। नाटक में मुख्य भूमिका अंकित कुशवाहा प्रेमचंद सिंह विशाल कुमार मनीष कुशवाहा जय प्रकाश सिंह हिमांशु कुमार सूरज कुशवाहा सूरज कुशवाहा अंकित कुमार धनजी कुमार दीपू कुशवाहा रिंकू कुशवाहा राजकुमार आदर्श कुमार गौतम कुमार नितिन कुमार आदि ने निभाई जबकि अरुण सिंह के द्वारा रंग मंच के आंतरिक सज्जा किया गया।

## 3-नैनोमीटर चिप बनाने की तैयारी में सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य 2032 तक आधुनिक स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले 3-नैनोमीटर नोड के उच्च तकनीक वाले छोटे चिप बनाने का है। मंत्री ने कहा कि डिजाइन आधारित प्रोत्साहन योजना के दूसरे चरण के तहत सरकार चिप की छह श्रेणियों कंप्यूट, रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ), नेटवर्किंग, ऊर्जा, सेंसर और मेमोरी पर ध्यान केंद्रित करेगी। इससे देश की कंपनियों को 70ङ्क75 प्रतिशत प्रौद्योगिकी उत्पादों के विकास पर प्रमुख नियंत्रण मिल सकेगा।



डीएलआई योजना के तहत चयनित 24 चिप डिजाइन कंपनियों के साथ बैठक के बाद मंत्री ने कहा, 2032 तक हमारा लक्ष्य 3-नैनोमीटर चिप के डिजाइन और विनिर्माण के स्तर तक पहुंचना है। डिजाइन का काम तो हम आज भी कर रहे हैं, लेकिन विनिर्माण के स्तर पर 3-नैनोमीटर तक पहुंचना होगा। वैष्णव ने कहा कि सरकार छह प्रमुख प्रणालियों पर ध्यान देना चाहती है, ताकि देश के पूरे सेमीकंडक्टर डिजाइन क्षेत्र समग्र और व्यापक रूप से विकसित किया जा सके।

### कहां आएगी काम

मंत्री ने कहा, कंप्यूट, आरएफ, नेटवर्किंग, ऊर्जा, सेंसर और मेमोरी इन छह प्रमुख श्रेणियों में हम शिक्षा जगत और उद्योग को नए विचार, नई सोच और नए समाधान लेकर आने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## सोना भी ऑल टाइम हाई पर

**चांदी पहली बार 3.75 लाख के पार**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी के रेट आज बुधवार, 28 जनवरी को 6 प्रतिशतबढ़कर एक और नया रिकॉर्ड बना दिए। यह पहली बार 3.75 लाख रुपये प्रति किलो के पार चली गई। ऐसा तब हुआ जब अमेरिकी डॉलर कई वर्षों के निचले स्तरों के पास दबाव में रहा और निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति निर्णय तथा जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से पहले सतर्क रहे। अमेरिकी डॉलर की कमजोरी ने डॉलर में मापी जाने वाली वस्तुओं को आकर्षक बना दिया, जिससे कीमती धातुओं को व्यापक समर्थन मिला। एमसीएक्स पर चांदी की कीमत 6 प्रतिशतउछलकर नए रिकॉर्ड 3,77,655 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई।

वैश्विक बाजारोंमें, स्पॉट सिल्वर की कीमत लगभग 0.6 प्रतिशतबढ़कर 113.63 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। इससे पहले इस सप्ताह यह 117.69 डॉलर के नए कीर्तिमान को छू चुकी थी। मजबूत निवेश मांग, आपूर्ति की कठिन परिस्थितियों और डॉलर के कमजोर माहौल के चलते इस सफेद धातु में इस साल अब तक लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है।



**सोने ने भी बनाया नया रिकॉर्ड-** सोने ने भी अपनी रिकॉर्डतोड़ रैली जारी रखी और वैश्विक बाजारों में पहली बार 5,200 डॉलर का स्तर पार कर गया। घरेलू बाजार में, सुबह के कारोबार में एमसीएक्स पर सोने की कीमत लगभग 2 प्रतिशतबढ़ गई।

**अन्य कीमती धातुओं में भी तेजी-** शुरुआती एशियाई व्यापार में स्पॉट सोना लगभग 0.6 प्रतिशतबढ़कर 5,219.97 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जो 5,224.95 डॉलर के नए शिखर को छूने के बाद हुआ। इस वर्ष की शुरुआत से अब तक कीमतों में 20 प्रतिशतसे अधिक की वृद्धि हुई है। अन्य कीमती धातुएं भी ऊपर कारोबार कर रही थीं। स्पॉट प्लैटिनम 1.5 प्रतिशतबढ़कर 2,679.15 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि पैलेडियम 0.9 प्रतिशतबढ़कर 1,951.93 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया।

### डॉलर की कमजोरी और फेड पर नजर

इस बीच, अमेरिकी डॉलर चार वर्ष के निचले स्तर के आसपास बना हुआ है। बाजार के सहभागियों ने इसे मुद्रा में विश्वास कम होने का संकेत बताया। अमेरिकी उपभोक्ता विश्वास में तेज गिरावट ने भावनाओं को और नीचे झटका दिया, जो 11 वर्षों में सबसे कमजोर स्तर पर आ गया है।

यह श्रम बाजार में मंदी और लगातार उच्च कीमतों के आसपास की चिंताओं को उजागर करता है। अब सबकी नजर फेडरल रिजर्व पर है, जिसके जनवरी की नीति बैठक में ब्याज दरें अपरिवर्तित रखने की व्यापक उम्मीद है, भले ही वर्ष के अंत में दरें कम होने की अपेक्षाएं बन रही हैं।

## लगातार टूट रहा था टाटा का यह शेयर

### अब आई तूफानी तेजी, 324 रुपये पर पहुंचा दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी तेजस नेटवर्क्स के शेयर लगातार लुढ़क रहे थे, कंपनी के शेयरों में अब तूफानी तेजी आई है। तेजस नेटवर्क्स के शेयर बुधवार को क्च्स्श्व में 9 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 324 रुपये पर पहुंच गए हैं। टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयरों में पिछले एक महीने में 28 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, पिछले 3 महीने में तेजस नेटवर्क्स के शेयर 40 पर्सेंट से अधिक टूट गए हैं। तेजस नेटवर्क्स के शेयर अपने ऑल टाइम हाई लेवल से 75 पर्सेंट से ज्यादा लुढ़क गए हैं। टाटा ग्रुप की कंपनी तेजस नेटवर्क्स के शेयर अपने ऑल टाइम हाई लेवल से 77 पर्सेंट से अधिक टूट गए हैं। तेजस नेटवर्क्स के शेयर




27 जून 2024 को 1495.10 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 28 जनवरी 2026 को 324 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अगर पिछले एक साल की बात करें तो तेजस नेटवर्क्स के शेयरों में 61 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। इस साल अब तक टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयरों में 27 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट आई है। तेजस नेटवर्क्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 948.05 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 294.10 रुपये है।

**तेजस नेटवर्क्स को हुआ है 196 करोड़ रुपये से ज्यादा का घाटा-** टाटा ग्रुप की कंपनी तेजस नेटवर्क्स को चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 196.55 करोड़ रुपये का कंसॉलिडेटेड घाटा हुआ है। इस घाटे की मुख्य वजह कमजोर सेल्स रही है। एक साल पहले की समान अवधि में टाटा ग्रुप की कंपनी तेजस नेटवर्क्स को 165.67 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही में तेजस नेटवर्क्स का कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू करीब 88 पर्सेंट घटकर 306.79 करोड़ रुपये पहुंच गया है, एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 2642 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष के 9 महीनों में तेजस नेटवर्क्स को 697.55 करोड़ रुपये का लॉल हुआ है।

## एसबीआई म्यूचुअल फंड का आने वाला है बड़ा आईपीओ

### अप्रैल तक लिस्टिंग का प्लान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी म्यूचुअल फंड कंपनी, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट, अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए फरवरी के मध्य तक अपना ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर सकती है। कंपनी के अप्रैल तक शेयर मार्केट में लिस्ट होने की उम्मीद है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और फ्रांसीसी एसेट मैनेजर अमुंदी की संयुक्त उपक्रम है। आईपीओ में, एसबीआई अपनी 6.3 प्रतिशतहिस्सेदारी और अमुंदी अपनी 3.7 प्रतिशतहिस्सेदारी बेचेगी। इस तरह कुल 10 प्रतिशतहिस्सेदारी की बिक्री होगी। कंपनी के पास 31 दिसंबर तक 12.5 लाख करोड़ रुपये की औसत संपत्ति प्रबंधन में थी। वित्त वर्ष 2025 में इसका शुद्ध लाभ 2,531 करोड़ रुपये रहा। निवेश बैंकरों ने कंपनी का मूल्य 12 से 14 अरब डॉलर आंका है और 1.2 से 1.4 अरब डॉलर के आईपीओ का सुझाव दिया है।

### आईपीओ प्रॉसेस

लक्ष्य फरवरी के मध्य या तीसरे सप्ताह तक ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्टस दाखिल करने का है, ताकि अप्रैल में आईपीओ ओपन हो सके। हालांकि, यह बाजार की स्थितियों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी पर निर्भर करेगा, जिसमें आमतौर पर दो से तीन महीने लगते हैं।

- **मूल्यांकन पर चर्चा और बैंकर-** विभिन्न निवेश बैंकोंने अलग-अलग मूल्यांकन पेश किए हैं। अंतिम मूल्यांकन दाखिल करने के समय के करीब तय किया जाएगा। एसबीआई कैपिटल मार्केट्स, कोटक महिंद्रा कैपिटल, एक्सिस बैंक सहित नौ बैंकों को इस आईपीओ का प्रबंधन सौंपा गया है। पहले सिटिग्रुप और जेपी मॉर्गन जैसे कुछ बड़े बैंक शुल्क को लेकर मतभेद के चलते इस सौदे से अलग हो गए थे।

### भारतीय आईपीओ मार्केट का क्या है माहौल

भारतीय आईपीओ बाजार गर्म है। वर्ष 2025 में 103 कंपनियों ने 1.76 लाख करोड़ रुपये जुटाए। इसी तरह, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट का 1.2 अरब डॉलर का आईपीओ पिछले महीने आया था और केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट अक्टूबर में सूचीबद्ध हुई थी। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से उनकी सहायक कंपनियों को सूचीबद्ध करने के लिए कहा गया है।

## एनर्जी कंपनी को मिल रहा दनादन ऑर्डर

### शेयर खरीदने की लूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी के शेयर बुधवार, 28 जनवरी को फोकस में रहे और करीब 3 फीसदी तक चढ़ते नजर आए। कंपनी को दिग्गज स्टील निर्माता आर्सेलरमित्तल समूह से अब तक का पहला बड़ा ऑर्डर मिला है। एक्सचेंज फाइलिंग में सुजलॉन ने बताया कि उसे आर्सेलरमित्तल की भारत स्थित रिन्यूएबल एनर्जी यूनिट से 248.85 मेगावाट का विंड एनर्जी प्रोजेक्ट मिला है। इस ऑर्डर के बाद निवेशकों में कंपनी को लेकर पॉजिटिव माहौल देखने को मिला।




यह प्रोजेक्ट गुजरात के बच्छाऊ इलाके में लगाया जाएगा और यह आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील के भारत स्थित प्लांट्स के लिए कैप्टिव इस्तेमाल के तौर पर होगा। सुजलॉन इस प्रोजेक्ट में 79 विंड टरबाइन जनरेटर सप्लाई करेगी, जिनकी क्षमता 3.15 मेगावाट प्रति टरबाइन होगी। यह ऑर्डर गुजरात में चल रहे 550 मेगावाट के हाइब्रिड प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसमें सुजलॉन को विंड पावर का काम सौंपा गया है। कंपनी के लिए यह ऑर्डर इसलिए भी अहम है क्योंकि यह पिछले एक साल में ग्रीन स्टील से जुड़ा चौथा ऑर्डर है। इस नए प्रोजेक्ट के साथ गुजरात में सुजलॉन की कुल इंस्टॉल्ड कैपेसिटी बढ़कर 4.5 गीगावाट हो गई है।

## निर्यात होगा दोगुना, लाखों नए रोजगार के अवसर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत -यूरोपीय संघ ने मुक्त व्यापार समझौता आधुनिक और नियम-आधारित व्यापार साझेदारी के रूप में तैयार किया है, जो मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बीच दोनों पक्षों को और करीब लाएगा। समझौते के लागू होने पर यूरोप से आने वाली लग्जरी कारें, चॉकलेट, शराब, वाइन, बिना तैयार हुए हीरे, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिक सामान सस्ते होंगे।

समझौते के तहत भारत के 99 फीसदी से ज्यादा निर्यात को यूरोपीय संघ से जुड़े बाजारों पहुंच मिलेगी। वहीं, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की गई है। भारतीय कारोबारियों खासकर छोटे और मझोले उद्यमियों (एमएसएमई) को लंबे समय के लिए स्थिर और भरोसेमंद बाजार मिलेगा। इससे वह यूरोप की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बन सकेंगे और निवेश की बेहतर योजना बना पाएंगे।केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, ÷इससे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को बड़ा फायदा होगा और मेक इन इंडिया को नई ताकत मिलेगी। देश में छोटे-मझोले उद्योगों को समझौते से व्यापक स्तर पर लाभ होगा। भविष्य में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी तेजी से पैदा होंगे।÷ बताया जा रहा है कि भारत को यूरोपीय बाजार में 97 फीसदी टैरिफ लाइनों पर प्राथमिकता मिलेगी, जो व्यापार मूल्य के हिसाब से 99.5 फीसदी है। समझौते के लागू होने पर करीब 70 फीसदी उत्पादों पर आयात शुल्क खत्म हो जाएगा। इसमें कपड़ा, चमड़ा, जूते, चाय, कॉफी, मसाले, खिलौने, खेल का सामान, रत्न-आभूषण और समुद्री उत्पाद शामिल हैं।



**कोटा सिस्टम के जरिए कम होगा कर-** कुछ खास वस्तुओं पर कोटा सिस्टम के तहत कर कम किया जाएगा। इससे करीब 2.87 लाख करोड़ रुपये के ऐसे निर्यात को सीधा फायदा मिलेगा, जिन पर अभी यूरोप में चार से 26 फीसदी तक कर लगता है। भारत यूरोपीय संघ के 92 फीसदी से ज्यादा उत्पादों पर कर में राहत देगा, जिससे हाई-टेक मशीनरी और आधुनिक तकनीक भारत में सस्ती मिलेगी और उद्योगों की लागत घटेगी।

**भारी-भरकम शुल्क घटाए जाएंगे-** समझौते के तहत कई औद्योगिक उत्पादों पर भारी-भरकम शुल्क घटाए जाएंगे। जैसे कारों पर आयात 110 से घटाकर 10 फीसदी किया जाएगा (सीमित कोटा के साथ)। इससे वोक्सवैगन, ऑडी, मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू जैसी यूरोपीय कारें भारतीय बाजार में सस्ती होंगी। मशीनरी, केमिकल्स और दवाइयों पर लगने वाले अधिकतर शुल्क पूरी तरह खत्म हो जाएंगे। विमान, मेडिकल उपकरण, प्लास्टिक और स्टील जैसे क्षेत्रों को भी बड़ा फायदा मिलेगा।

### समझौते के अहम पहलू

संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा भी सुनिश्चित ~ सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि संवेदनशील क्षेत्रों और ग्रामीण आजीविका पर कोई बुरा असर न पड़े। साथ ही, यूरोप के बड़े और महंगे दाम वाले बाजार में भारतीय उत्पादों के विस्तार का रास्ता खुलेगा।

**सेवा क्षेत्र को बड़ी मजबूती-** इस समझौते में सेवाओं के क्षेत्र में भी बड़ी सफलता मिली है। एक नया और भविष्य के अनुरूप मोबिलिटी फ्रेमवर्क तैयार किया गया है, जिससे भारतीय कुशल पेशेवरों को दुनियाभर में ज्यादा अवसर मिल सकेंगे।

**भविष्य की ओर बड़ा कदम** - यह समझौता भारत के लिए भविष्य का द्वार खोलने वाला बताया जा रहा है। इससे देश में बड़ी नौकरियां पैदा होंगी, नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और भारत एक वैश्विक प्रतिस्पर्धी कौशल केंद्र के रूप में और मजबूत होगा।

**किसानों और खेती को मजबूत-** चाय, कॉफी, मसाले, अंगूर, खीरा, प्याज, सब्जियां और प्रोसेस्ड फूड जैसे कृषि उत्पादों को यूरोप में बेहतर बाजार मिलेगा। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। डेयरी, अनाज और कुछ संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखा गया है।

## 50,000 उधार लेकर शुरू किया काम, भाई-बहन हुए फेल

### गलती से ऐसा क्या सीखा कि अब 40,000 रोज की सेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्ट्रीट फूड का बिजनेस अक्सर सबसे आसान और कम रिस्क वाला माना जाता है। लेकिन, महाराष्ट्र के ठाणे में रहने वाले 23 साल के गणेश साठे की कहानी इसके बिल्कुल उलट है। उन्होंने साल 2023 में एक पुराने ठेले के साथ अपने बेन्ने डोसा के सफर की शुरुआत की थी। यह शुरुआती दौर में भारी नुकसान और मानसिक तनाव का कारण बना। बहन सपना साठे के साथ मिलकर उन्होंने अपनी असफलताओं से सीखा। बेंगलुरु के डोसा कल्चर को समझा। रतन टाटा के विचारों से प्रेरणा ली। अक्टूबर 2025 में नए सिरे से लॉन्च हुए द बेन्ने ने आज रोजाना 40,000 रुपये की बिक्री का आंकड़ा छू लिया है। यह एक छोटी सी शुरुआत की बड़ी जीत को दर्शाता है। आइए, यहां गणेश साठे की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**पहली शुरुआत में बड़ा फेलियर-** गणेश साठे सीए की पढ़ाई कर रहे थे। हमेशा से वह खुद का कुछ करना चाहते थे। जनवरी 2023 में उन्होंने माता-पिता से 50,000 रुपये उधार लेकर घर के पुराने ठेले पर अपनी मां के हाथ के स्वादिष्ट बेन्ने डोसा बेचना शुरू किया। लेकिन, बाजार की प्रतिस्पर्धा, खराब लाइटिंग वाले ठेले और बारिश के मौसम ने उनके हौसले तोड़ दिए। जहां वीकेंड में 3,000 रुपये की कमाई होती थी, वह गिरकर 200 रुपये पर आ गई। भारी नुकसान के कारण 2024 के मध्य में एक समय ऐसा आया जब गणेश टूट गए और उन्होंने रोते हुए काम बंद करने का फैसला कर लिया। बेन्ने डोसा कर्नाटक के दावणगेरे की प्रसिद्ध डिश है। इसमें बेन्ने का मतलब मक्खन होता है। इसे भारी मात्रा में शुद्ध सफेद मक्खन के साथ तैयार किया जाता है।



**ऐसे हुआ गलतियों का एहसास-** हार मानकर घर बैठे गणेश और उनकी बहन सपना को नई दिशा तब मिली जब वे बेंगलुरु के मशहूर रामेश्वरम कैफे गए। वहां के डोसा कल्चर को देखकर उन्हें अपनी गलतियों का एहसास हुआ। उन्होंने नए सिरे से शुरुआत करने की ठानी। इसी दौरान रतन टाटा की एक पोस्ट ने गणेश में नई ऊर्जा भर दी। इसके बाद उन्होंने अपने ठेले पर रतन टाटा से प्रेरित लिखवाया। उन्होंने अपनी मां को फिर से राजी किया और 30,000 रुपये के छोटे से ऑनलाइन लोन और मां की मदद से अपने ठेले को एक नया और प्रीमियम लुक दिया।

**ठेले से पक्की दुकान तक का सफर-** नगर निगम की चुनौतियों और बढ़ती भीड़ को देखते हुए अब गणेश और सपना ने अपने व्यवसाय को स्थाई बनाने का फैसला लिया है। ग्राहकों को डोसे के लिए 20-30 मिनट का इंतजार न करना पड़े, इसलिए उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई और माता-पिता के सहयोग से ठाणे में ही एक पक्की दुकान सुरक्षित कर ली है। दिलचस्प बात यह है कि यह दुकान उसी स्थान पर है जहां उन्होंने 2023 में पहली बार अपना ठेला लगाया था। इंस्टाग्राम पर 5,000 से ज्यादा फॉलोअर्स के साथ ये युवा उद्यमी अब अपनी फिक्स्ड डोसा शॉप की हर छोटी-बड़ी तैयारी को दुनिया के साथ साझा कर रहे हैं।

### दोबारा लॉन्चिंग पर जोरदार सफलता

अक्टूबर 2025 में द बेन्ने को आधिकारिक तौर पर फिर से लॉन्च किया गया। इस बार गणेश और सपना ने अपनी पूरी तैयारी और संघर्ष की कहानी इंस्टाग्राम पर शेयर की। इससे उन्हें जबरदस्त स्थानीय प्रसिद्धि मिली। देखते ही देखते ग्राहकों की संख्या 20 से बढ़कर रोजाना 300-400 तक पहुंच गई। महज ढाई घंटे के ऑपरेशन में उनका सारा स्टॉक बिकने लगा। उनकी डेली सेल यानी दैनिक बिक्री 40,000 रुपये तक पहुंच गई। शुद्ध सामग्री और पुणे से मंगाए गए सफेद मक्खन के स्वाद ने लोगों को अपना दीवाना बना लिया।

## कॉपर की कीमतों में उछाल, एसी-फ्रिज हो गए महंगे

### लोगों को नहीं मिल रहा जीएसटी रिफॉर्म का फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने की सोच रहे हैं तो एक बुरी खबर है। कॉपर (तांबा) की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का असर अब सीधे बाजार में दिखने लगा है। इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में हर हफ्ते कीमतों में बदलाव हो रहा है। इससे कारोबारियों की टेंशन बढ़ गई है दावा है कि जनवरी में ही एसी, फ्रिज समेत कई इलेक्ट्रॉनिक आइटम के दाम में तेजी आ चुकी है। साथ ही आने वाले दिनों में कॉपर से बने हर आइटम की कीमत में करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी। यानी बढ़ती महंगाई की वजह से जीएसटी रिफॉर्म का फायदा लोगों को नहीं मिल सकेगा। जानकारी के मुताबिक, एसी, फ्रिज, पंखे समेत कई ऐसे आइटम हैं, जिनका इस्तेमाल हर घर में होता है। पिछले साल केंद्र सरकार ने जीएसटी रिफॉर्म का तोहफा दिया था, जिससे कार से लेकर एसी टीवी समेत कई इलेक्ट्रॉनिक आइटम की कीमतों में गिरावट आई है। लोगों ने सरकार की इस पहल की जमकर तारीफ भी की लेकिन अब यह राहत मिलना मुश्किल हो जाएगा। यह कहना है कि कमला नगर मार्केट के इलेक्ट्रॉनिक आइटम के कारोबारी विकास तनेजा का।



**कितनी बढ़ गई कीमत-** उन्होंने बताया कि बीते दो महीने में कॉपर के रेट में करीब 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है यानी एक हजार रुपये प्रति किलो मिलने वाला कॉपर अब लगभग 1400 रुपये का हो गया है। इसका असर अब बाजार पर पड़ने लगा है।

# निकाय चुनाव के विस्तृत कार्यक्रम की प्रशासन ने दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के विषय में आज समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर रॉनिटा एवं पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को निर्वाचन से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारी साझा की गई।




इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्रीमती रॉनिटा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड, रांची द्वारा 27.01.2026 को नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम की अधिघोषणा की गई है। अधिघोषित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन प्रक्रम की विभिन्न तिथियां निर्धारित की गई हैं, जिसके अंतर्गत नाम निर्देशन, संवीक्षा, नाम वापसी, निर्वाचन प्रतीक आवंटन, मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

निर्वाचन कार्यक्रम की निम्न तिथियां इस प्रकार निर्धारित की गई है। सूचना प्रकाशन की तिथि 28.01.2026 (बुधवार), नाम निर्देशन करने की तिथि (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक) 29.01.2026 (गुरुवार) से 04.02.2026 (बुधवार) तक, नाम निर्देशन की संवीक्षा के लिए तिथि (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक) 05.02.2026 (गुरुवार), अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की तिथि (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक) 06.02.2026 (शुक्रवार), निर्वाचन प्रतीक आवंटन की तिथि (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक) 07.02.2026 (शनिवार), वह तिथि जिसके दौरान, यदि आवश्यक हो, मतदान होगा (प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक) 23.02.2026 (सोमवार)जबकि मतगणना की तिथि (प्रातः 8:00 बजे से) 27.02.2026 (शुक्रवार) निर्धारित है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि खूँटी नगर पंचायत अंतर्गत कुल 19 वार्ड हैं। नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 30 मतदान केन्द्र तथा 20 मतदान केन्द्र भवन निर्धारित किए गए हैं। निर्वाचन कार्यों के सुचारु संचालन हेतु कुल 30 बीएलओ को प्रतिनियुक्त किया गया है। खूँटी नगर पंचायत में कुल मतदाताओं की संख्या 28,719 है, जिसमें 13,672 पुरुष मतदाता, 15,047 महिला मतदाता एवं 0 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। जिले में निर्वाचन हेतु कुल 102 मतपेटिकाएं उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने बताया कि निर्वाचन के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

**अध्यक्ष पद हेतु आरक्षण-** खूँटी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद को अनारक्षित (महिला) श्रेणी के लिए आरक्षित किया गया है। उक्त पद पर अनुसूचित जनजाति की केवल महिला अभ्यर्थी ही निर्वाचन हेतु पात्र होंगी। चुनाव में अधिकतम व्यय सीमा 5 लाख रुपये है।

**वार्ड पार्षद पद हेतु आरक्षण-** खूँटी नगर पंचायत अंतर्गत कुल 19 वार्ड गठित हैं। सभी वार्डों को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रत्येक वार्ड से एक वार्ड पार्षद का निर्वाचन किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आरक्षण रोस्टर के अनुसार वार्ड संख्या 11,12, 13, 14, 16, 18, 19 अनुसूचित जनजाति, वार्ड संख्या 9 अनुसूचित जाति, वार्ड संख्या 8 अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं वार्ड संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 10, 15, 17 अनारक्षित श्रेणी के लिए आरक्षण एवं आवंटन किया गया है। चुनाव में अधिकतम व्यय सीमा 1 लाख रुपये है।आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत कुछ वार्डों को महिला, कुछ को अनारक्षित, तथा कुछ को अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। संबंधित आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी ही उस वार्ड से निर्वाचन लड़ने के पात्र होंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया के माध्यम से आम मतदाताओं से अपील की कि वे निर्भय होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लें तथा निर्धारित तिथि को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

# ठगों के झांसे में नहीं आने की एसपी ने की लोगों से अपील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने की पलामू वासियों से विशेष अपील की है। कहा है कि ठग नए- नए तरीकों से लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। कहा कि शहर व आसपास के क्षेत्रों में कुछ आपराधिक तत्व महिलाओं को झाड़ -फूंक व तंत्र-मंत्र के बहाने ठगी का शिकार बना रहे हैं। ये लोग स्वयं को पुलिस, सीआईडी व एसीबी का कर्मचारी बताकर डराते हैं। इसी बहाने गहने, नकदी व कीमती सामान ठगकर फरार हो जाते हैं। ठगों द्वारा संबंधित व्यक्ति को अपने विश्वास में लेकर आंख बंद कर 10 कदम चलने व संकट टल जाने की बात कहते हैं। उन्होंने कहा कि पलामू वासी किसी अजनबी पर कतई भरोसा न करें। किसी भी अनजान व्यक्ति की बातों में न आएं। आंख बंद न करें। अगर कोई पूजा या संकट टालने के नाम पर आंख बंद करने को कहे, तो तुरंत मना करें। आंख बंद कर कभी भी अपने पैसे या गहने किसी के हाथों में नहीं दें। अपने कीमती सामान हमेशा सुरक्षित स्थान पर रखें। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति पर संदेह हो तो उस व्यक्ति या उसकी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अगर किसी व्यक्ति ने ठग लिया हो तो शोर मचाएं।आसपास के लोगों को इकट्ठा करें। ऐसी घटनाओं की जानकारी तुरंत नजदीकी थाना या डायल 112 पर दें।

# परीक्षाओं के सफल संचालन को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के सफल संचालन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था स्वच्छ वातावरण समयबद्ध प्रश्नपत्र वितरण, उत्तरपुस्तिका संग्रहण एवं परीक्षार्थियों की सुविधा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि परीक्षा निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु परीक्षा केंद्र पर सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने कर्त्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करने का निर्देश दिया। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा के दौरान अनाधिकृत व्यक्तियों मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी तथा परीक्षार्थियों की गहन जांच सुनिश्चित की जाएगी।

प्रथम पाली में माध्यमिक व द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा होगी। मैट्रिक परीक्षा सुबह 9:45 से अपराह्न 1 बजे तक और इंटर कला विज्ञान एवं वाणिज्य की परीक्षा अपराह्न 2 से 5:15 बजे तक आयोजित होगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, स्मृता कुमारी समेत संबंधित अधिकारी और सभी केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

# कुप्रथाओं व बाल विवाह को ले जागरूकता अभियान

## बाल विवाह से बच्ची को बेहतर स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा के अधिकार से होना पड़ता है वंचित : विनय प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चैनपुर में नालसा नई दिल्ली व झालसा रांची के निदेर्शानुसार व डालसा पलामू के तत्वावधान में बुधवार को कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेशनल गर्ल चाइल्ड डे पर लिंग-चयनात्मक प्रथाओं व बाल विवाह की रोकथाम पर जागरूकता अभियान में पारा लीगल वालेंटियर विनय प्रसाद ने बालिकाओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी। कहा कि भारत में बाल विवाह को रोकने के लिए एक कानून है। इसके तहत लड़के की उम्र 21 साल व लड़की की उम्र 18 साल से कम होने पर उसे बाल विवाह माना जाता है। यह गैरकानूनी है। इसके लिए कठोर सजा के तहत दो साल तक की कैद, एक लाख रुपए जुमार्ना का प्रावधान है। साथ ही यह कानून बाल विवाह को शून्य करने, पीड़ितों को राहत व अपराधियों पर मुकदमा चलाने की व्यवस्था करता है। उन्होंने

कहा कि बाल विवाह होने से बच्ची को बेहतर स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा के अधिकार से वंचित होना पड़ता है। कम उम्र में विवाह का लड़के व लड़कियों, दोनों पर शारीरिक, बौद्धिक, मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके लिए बालिकाओं को सबसे ज्यादा जागरूक होने की जरूरत है। मौके



पर पारा लीगल वालेंटियर शैलेंद्र तिवारी ने कहा कि भारत में सांस्कृतिक रूप से बेटों को प्राथमिकता देने के कारण लिंग-चयनात्मक गर्भपात की प्रथा एक गंभीर समस्या बनी हुई है। कानून द्वारा लिंग जांच पर रोक के बावजूद यह प्रथा गुप्त रूप से जारी है। यही कारण है कि भारत में 100 लड़कियों के मुकाबले 111 लड़के पैदा हो रहे हैं। अवैध रूप से लिंग-चयन के लिए आईभीएफ क्लीनिकों व नई तकनीकों का उपयोग एक नई चुनौती के रूप में उभर रहा है। कहा कि सरकार ने बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ जैसी सरकारी नीतियों से जागरूकता बढ़ाने में मदद कर रही है। उन्होंने बालिकाओं से छुट्टियों में घर जाकर गांव की किशोरियों वह महिलाओं को जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्डन सुमिता कुमारी ने किया।

# अपहृत किशोरियों को पुलिस ने किया बरामद

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत में कुछ दिनों पहले 2 नाबालिग किशोरी के अपहरण का मामला तिसरी थाना में दर्ज कराया गया था। इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तिसरी पुलिस ने दोनों को सुरक्षित बरामद कर लिया है। बता दें, यह पूरा मामला जिले के तिसरी थाना इलाके का है जहां कुछ दिनों पहले 2 नाबालिग किशोरी के अपहरण का मामला तिसरी थाना में दर्ज कराया गया था। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अब पुलिस ने दोनों को सुरक्षित बरामद कर लिया है। खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मामले में युवती के पिता द्वारा 23 जनवरी को तिसरी थाना में अपहरण का आवेदन देकर सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई गई थी। जिसके बाद एक जांच टीम का गठन किया गया। टीम में थाना प्रभारी रंजय कुमार एस आई क्लेश्वर राम, प्रवीन कुमार,राहुल यादव, सहित तिसरी थाना की पुलिस शामिल थी तकनीकी सहायता की मदद से दोनों नाबालिग को खोजते हुए टीम बंगाल स्थित हल्दिया पहुंची. यहां पुलिस ने डुमरी टोल टैक्स के पास ट्रक ड्राइवर अमित कुमार, मुख्य अपहरणकर्ता छोटे लाल को पकड़ लिया ।उसकी निशानदेही से पुलिस ने दोनों नाबालिग को सुरक्षित बरामद किया। फिलहाल पुलिस दोनों नाबालिग को सुरक्षित तिसरी थाना लेकर पहुंची है। वहीं, फरुर्खाबाद के रोकरी निवासी छोटे लाल और पटियाली के नगला निवासी अमित कुमार को पुलिस गिरफ्तार कर तिसरी थाना लेकर गई और उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा।

# ड्रोन सर्वे कर 50 एकड़ अफीम की खेती को किया गया नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ।** जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंजन में अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध पुलिस एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाया गया। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में लगभग 50 एकड़ क्षेत्र में अवैध रूप से लगी अफीम की फसल को चिन्हित कर मौके पर ही पूर्ण रूप से विनष्ट कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, चौपारण थाना एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने ड्रोन सर्वे के माध्यम से दुर्गम एवं पहाड़ी इलाकों की पहचान की, जहां बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जा रही थी। अभियान के दौरान ग्राम अंजन के विभिन्न इलाकों में फैली अवैध खेती को नष्ट किया गया। मौके से 8 डिलीवरी पाइप बरामद किए गए, जिन्हें घटनास्थल



पर ही नष्ट कर दिया गया।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार ड्रोन सर्वे में अनुमान लगाया गया है कि अंजन क्षेत्र में लगभग 200 एकड़ भूमि में अवैध रूप से अफीम की खेती की गई है। वर्तमान कार्रवाई में 50 एकड़ फसल नष्ट की गई है, जबकि शेष 200 एकड़ क्षेत्र में लगी अफीम की खेती को आगामी तीन दिनों के भीतर पूरी तरह नष्ट करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बताया गया कि पूर्व में इस क्षेत्र में नियमित विनष्टीकरण की कार्रवाई नहीं होने के कारण अफीम तस्करों एवं अवैध खेती करने वालों के हौसले बुलंद हो गए थे। इसे गंभीरता से लेते हुए अब प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले व्यक्तियों के नाम एवं पते का सत्यापन किया जा रहा है। दोषियों की पहचान होते ही उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत कांड दर्ज कर विधि-सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस संयुक्त अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही, अंचल पुलिस निरीक्षक बरही, चौपारण थाना प्रभारी सहित पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, वन विभाग के बनपाल एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध मादक पदार्थों की खेती एवं तस्करी के विरुद्ध आगे भी ड्रोन तकनीक की सहायता से इसी प्रकार सघन एवं सख्त अभियान जारी रहेगा।

## सोमा मुंडा हत्याकांड में शामिल 6 और गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिले में सोमा मुंडा हत्याकांड में शामिल 6 और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने रोड पर परेड कराया। एसपी खूंटी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने से पहले पुलिस लाइन में परेड कराकर लोगों को बताया गया कि न्यायालय के आदेश के अनुसार आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

एसपी ने कहा कि यह कार्रवाई कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए तथा समाज में विश्वास बहाल करने के उद्देश्य से की गई है। आरोपी हत्याकांड में सीधे तौर पर शामिल थे और उनकी गिरफ्तारी से मामले की जांच में भी मदद मिलेगी। अधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वह पुलिस के सहयोग से अपराधों के खिलाफ सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें।

# सलूजा गोल्ड स्कूल में धूम धाम से मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में देश का 77 वां गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंध निदेशक जोरावर सिंह सलूजा थे। जिन्होंने ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद समवेत स्वर में राष्ट्रगान का गायन हुआ ।समारोह का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा की गयी परेड रही। आकर्षक हाउस यूनिफार्म पहने बच्चे और हाथ में अपने हाउस का झंडा लिए एवं एक दूसरे के बीच कदमताल करते हुए मार्च पास्ट किया। प्रबंध निर्देशक ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इस गौरवशाली दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे अपने अभिभावकों के साथ मौजूद रहे। ि

नदेशक ने छात्रों को राष्ट्रीय ध्वज की महत्ता बताई व बच्चों को देशभक्तों के जीवन से अवगत कराया गया। समारोह के दूसरे चरण में स्कूली छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय के सभागार में जब स्कूली बच्चों ने देशभक्ति के गीतों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया तो पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विशेष रूप से प्रेप्रिमारी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया। सीनियर बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया गीत देशभक्ति पर आधारित नृत्य नाटिका ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर माहौल देशभक्तिमय बना दिया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के गीतों पर नृत्य किया। जोरावर सिंह सलूजा ने इस अवसर पर बच्चों को सम्बोधित कहा कि हमें देश के संवैधानिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सदैव याद रखना चाहिए और राष्ट्र की एकता के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए।

## नगर निगम चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर निगम चुनाव को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है ।इसे लेकर के बाहर ब्रैकेटिंग की व्यवस्था की जा रही है ताकि सुगमता के विधिवत रूप से प्रत्याशी नॉमिनेशन फाइल कर सकें ।इसके साथ ही साथ तमाम निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में सारी तैयारियां पुरी की जा रही है। यहां बताते चले की गिरिडीह नगर निगम के एक से लेकर 36 वार्ड के प्रत्याशियों को गिरिडीह सदर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में ही नॉमिनेशन करना है। इसी को लेकर के मनोनीत चारों निवार्ची पदाधिकारी लगातार रिटर्निंग अफसरों के साथ बैठकर फेयर नॉमिनेशन आदि निर्वाचन से जुड़े कार्यों को संपन्न करवाने को लेकर लगातार चर्चा कर रहे हैं।

# फैंसी क्रिकेट मैच में प्रशासन ने पत्रकार एकादश को 108 रनों से हराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** स्थानीय जीएलए कॉलेज स्टेडियम में सड़क सुरक्षा व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सोमवार को प्रशासन व पत्रकारों के बीच फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। प्रशासन की टीम ने 108 रन से एकतरफा जीत दर्ज की। 163 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पत्रकारों की टीम निर्धारित 15 ओवर में 55 रन ही बना सकी। प्रशासन की ओर से कप्तान सह डीडीसी जावेद हुसैन व उपभोक्ता फोरम में सहायक आशुतोष कुमार ने तोबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए अर्द्धशतक लगाए।

जिले की उपायुक्त समीरा एस ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व मेडल देकर पुरस्कृत किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि दोनों टीमों ने बेहतर खेल भावना का परिचय



दिया। प्रशासन ने बेहतर खेला व जीत दर्ज की। यह आयोजन सड़क सुरक्षा को लेकर था। सभी लोग मोटर वाहन एक्ट का अनुपालन करें ताकि सड़क दुर्घटना नहीं हो। उन्होंने लोगों को जागरूक होने की अपील की। विजेता टीम के कप्तान उप विकास आयुक्त मो जावेद हुसैन ने आयोजन को सराहनीय बताया। मैच के आयोजन जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार यादव ने सड़क सुरक्षा के प्रति सभी को जागरूक किया।

इससे पहले उपायुक्त ने बल्लेबाजी करके खेल की शुरूआत कराई। दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पत्रकारों की टीम के खिलाड़ियों ने कई आसान कैच छोड़े। फील्डिंग व बौलिंग भी असरदार नहीं रही। मैच के दौरान प्रशासन व पत्रकार सहित अन्य लोगों ने मैच का आनंद लिया। रोमांचक व मनोरंजक मैच ने सभी को खूब हंसाया। एनाउंसर के रूप में एसआई समाल अहमद ने अपने शेरो -शायरी से लोगों का खूब मनोरंजन किया।

## निबंधन, क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के 28वें दिन के तहत जिला उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज सड़क सुरक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता लाने के उद्देश्य से मकतपुर हाई स्कूल, गिरिडीह में सड़क सुरक्षा से जुड़े निबंधन, क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को समूह में रखकर उनसे सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न सवाल किये गये। इस दौरान जिन समूह के बच्चों द्वारा सवाल का सही जवाब दिया गया,उन बच्चों को मोमेंटो प्रदान किया गया ।इस पूरे निबंधन, क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।इस दौरान स्कूल में मौजूद शिक्षकों को रोड सेफ्टी विंग के प्रतिनिधियों ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार, परिवहन विभाग के अधिकारी, स्कूल के निदेशक,ि वभिन्न शिक्षक उपस्थित रहे।

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आज बेंगाबाद प्रखंड के चपुआडीह में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मनरेगा मजदूरों के साथ सीधा संवाद कायम कर उन्हें यह बताया गया कि मनरेगा कानून को बदलकर केंद्र सरकार किस तरह से मजदूरों के अधिकारियों को हनन कर रही है।

जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने बताया कि पहले हर मजदूर को काम की गारंटी मनरेगा कानून देता था काम मांगे जाने के बाद अगर 15 दिन के अंदर काम नहीं मिला तो मजदूर कानूनी रूप से भत्ते का अधिकारी होता था नए कानून में इस तरह की कोई योजना नहीं है पुराने कानून में मजदूर जब चाहे कम मांग सकता है इस कानून में उनका यह अधिकार भी छीना जा रहा है मजदूरों के साथ ग्राम पंचायत का भी अधिकारों का हनन नया कानून कर रहा है।

अब योजनाएं सीधे केंद्र की सरकार तय करेगी पहले योजनाएं ग्राम सभा ग्राम पंचायत तय करती थी और पहले योजनाओं में शत प्रतिशत भुगतान केंद्र सरकार द्वारा किया जाता था अब केंद्र सरकार ने अपना हिस्सा घटाकर 60% कर दिया है जिससे गरीब राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और कमजोर राज्य इसके लिए पैसा कहां से लाएंगे इसलिए कांग्रेस पार्टी नहीं से बतौर संग्राम लेना तय किया है और हमारी चार प्रमुख मांगे हैं जिसमें गारंटी कृत काम और मनरेगा में किए गए सभी बदलाव वापस लिए जाए काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली हो और राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी रुपए 400 की जाए इसको लेकर तमाम ग्राम पंचायत तक कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच एस आई आर को लेकर और बी एल ए को लेकर भी जानकारियां साझा की गई मौके पर मुख्य रूप से जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष मोहम्मद समीम वीरेंद्र सिंह सुरेश दास समीर मोहम्मद इमरान हजरत अली जिब्राइल मोहम्मद जॉन मोहम्मद अबरार शोएब फकीर सोहराब मनन हजल सरफराज नरेश ठाकुर सुरेश प्रसाद सुरेंद्र सिंह सुखदेव रविदास सहित कांग्रेस कर्मी एवं मनरेगा मजदूर उपस्थित रहे।

थाईलैंड मास्टर्स

# अश्मिता चालिहा ने थाईलैंड मास्टर्स में बिखेरा जलवा

## महिला एकल वर्ग के मुख्य ड्रॉ में पहुंचीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अश्मिता चालिहा ने दो कड़े मुकाबले जीतकर थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 के महिला एकल मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। अब मुख्य ड्रॉ में उनका सामना साथी भारतीय खिलाड़ी देविका सिहाग से होगा। भारत की अश्मिता चालिहा ने दो कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज कर थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। गुवाहाटी की 26 वर्षीय खिलाड़ी, जो सेलंगोर में आयोजित 2024 एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं, ने क्वालिफिकेशन के अपने पहले मुकाबले में चीनी ताइपे की हंग यी-टिंग को 42 मिनट चले मुकाबले में 21-15, 12-21, 21-12 से हराया।



इसके बाद अश्मिता ने कोरिया की किम जू यून की कड़ी चुनौती को पार करते हुए 45 मिनट में 21-11, 10-21, 21-16 से जीत हासिल की। मुख्य ड्रॉ में अश्मिता का सामना अब साथी भारतीय खिलाड़ी देविका सिहाग से होगा। अन्य मुकाबलों में, श्रेया लेले को क्वालीफिकेशन दौर में इंडोनेशिया की नी कादेक धिंदा अमर्त्या प्रतिवी से 12-21, 21-12, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिक्स्ड डबल्स क्वालिफिकेशन में एम जगलान और एल जगलान की जोड़ी को चीनी ताइपे के बो-युआन चेन और सुंग यी-शुआन ने एकतरफा मुकाबले में 21-12, 21-8 से पराजित किया। पुरुष युगल में पी कृष्णमूर्ति रॉय और एस प्रथीक के की जोड़ी मलयेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी एन अजरीन और टैन डब्ल्यू के से 20-22, 20-22 से हार गई। वहीं महिला युगल में अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम की जोड़ी को इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी एफ कुसुमा और एम पुस्पितासारी से 33 मिनट चले मुकाबले में 14-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी।

अंडर-19 वर्ल्ड कप

# लगातार चौथी जीत के बाद बोले भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे

## इस खिलाड़ी की तारीफ की

**बुलावायो (जिम्बाब्वे), एजेंसी।** भारत ने आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे को हराकर लगातार चौथी जीत हासिल की है। मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ 204 रन की जीत इस बात का सबूत है कि इस टीम में कितनी प्रतिभा है। ढ्ढष्ट वेबसाइट के अनुसार वे सेमीफाइनल क्वालिफिकेशन के कगार पर हैं, उन्होंने स्र्, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी जीत हासिल की है। लेकिन यह जीत इस टीम को वर्ल्ड



कप के अहम पड़ाव के लिए बेहतर तरीके से तैयार करने में मदद करती है; यह उनकी पहली जीत थी जो ष्टरुस्-मेथड से प्रभावित नहीं हुई और यह पहली बार था जब उन्होंने पूरे 50 ओवर खेले जिसमें उन्होंने शानदार 352/8 रन बनाए, जो जिम्बाब्वे के लिए पीछा करने के लिए बहुत ज्यादा रन थे। विहान मल्होत्रा प्लेयर ऑफ द मैच के लिए एक बेहतरीन पसंद थे, जिन्होंने 109* रन बनाए। भारत का 352 का स्कोर अब तक वर्ल्ड कप में बनाया गया चौथा सबसे बड़ा टोटल है। तीन विकेट लेने वाले कप्तान आयुष म्हात्रे ने मल्होत्रा के बल्ले से निभाई गई भूमिका का श्रेय देने में कोई देरी नहीं की। म्हात्रे ने मैच के बाद कहा, 'विहान सच में बहुत अच्छा कर रहा है।



ऑस्ट्रेलियन ओपनः जेसिका पेगुला ने अमांडा अनिसिमोवा को हराकर

# पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई

**मेलबर्न, एजेंसी।** जेसिका पेगुला ने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टर फाइनल में पेगुला ने अमांडा अनिसिमोवा को 6-2, 7-6(1) से हराया। दुनिया की नंबर 6 खिलाड़ी पेगुला ने 1 घंटे 35 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और दमदार जीत हासिल की। इस जीत से पेगुला अपने करियर में तीसरी बार और यूएस ओपन के बाहर पहली बार किसी मेजर ग्रैंड स्लैम के आखिरी चार में पहुंची हैं। सेमीफाइनल में पेगुला का मुकाबला एलेना रायबाकिना से होगा। इससे पहले पेगुला पिछले चार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार चुकी थीं, लेकिन इस मैच में उन्होंने दोनों विंग्स से गहराई और सटीकता के साथ खेल को शुरू में ही कंट्रोल किया, और दो बार अनिसिमोवा की सर्विस तोड़कर पहला सेट अपने नाम किया। दूसरा सेट उतार-चढ़ाव वाला रहा। अनिसिमोवा ने अपना लेवल बढ़ाया, अपने आक्रामक बेसलाइन गेम पर ध्यान दिया, और पेगुला को आगे नहीं बढ़ने दिया। नंबर 4 सीड ने हिम्मत दिखाई, बराबरी पर रहीं, और मैच पॉइंट्स बचाकर सेट को टाईब्रेक में पहुंचा दिया, लेकिन एक बार वहां पहुंचने के बाद, पेगुला को कोई छू नहीं सका। पेगुला ने शुरू से ही ब्रेकर पर दबदबा बनाया, बिना डरे सर्विंग और तेज रिटर्न के दम पर लगातार सात पॉइंट्स बनाए। बढ़ते दबाव में अनिसिमोवा ने गलतियां कीं, जबकि पेगुला की रफ्तार और सटीकता निर्णायक साबित हुई।

इस जीत ने अनिसिमोवा के खिलाफ पेगुला का बिना हारे रिकॉर्ड 4-0 कर दिया। यह किसी अमेरिकी विरोधी के खिलाफ उनकी लगातार आठवीं ग्रैंड स्लैम जीत थी। जेसिका पेगुला तीन दशकों से ज्यादा समय में एक ही ऑस्ट्रेलियन ओपन में तीन हमवतन खिलाड़ियों को हराने वाली पहली अमेरिकी महिला भी बनीं, इससे पहले उन्होंने टूर्नामेंट में मैककार्टनी केसलर और डिफेंडिंग चैंपियन मैडिसन कीज को हराया था।

मैच के बाद जेसिका ने कहा, 'यह बहुत बढ़िया है। मैं पिछले कुछ सालों में यूएस ओपन के अलावा अन्य मेजर ग्रैंड स्लैम में आगे नहीं जा पाई थी। यह पहला स्लैम था जिसमें मैंने सच में कमाल कर दिया। मैं तीन बार, और फिर इस साल, चार बार क्वार्टर फाइनलिस्ट थी। मुझे यहां के हालात पसंद हैं। मैं यहां बहुत अच्छा टेनिस खेल पा रही हूं। इसलिए मैं सेमीफाइनल का इंतजार कर रही थी।

# इगा स्वियाटेक बड़ी उलटफेर का शिकार

## ऑस्ट्रेलियन ओपनः एलेना रायबाकिना से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुईं

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के क्वार्टर फाइनल में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना ने दुनिया की नंबर-2 खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। रॉड लेवर एरिना में खेले गए इस मुकाबले में रायबाकिना की ताकतवर और सटीक गेम ने स्वियाटेक की करियर ग्रैंड स्लैम जीतने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इगा स्वियाटेक और एलेना रायबाकिना के बीच ये मुकाबला 93 मिनट तक चला। दोनों ही अपने 12वें आमने-सामने के मैच में लय तलाशती दिखीं। शुरुआती गेम्स में सर्विस पर पकड़ ढीली रही और ब्रेक का सिलसिला चलता रहा। हालांकि निर्णायक मौकों पर रायबाकिना ने खुद को बेहतर तरीके से संभाला और पहले सेट में अहम बढ़त बनाते हुए 7-5 से अपने नाम किया। पहले सेट के बाद मुकाबले की दिशा पूरी तरह बदल गई। दूसरे सेट में रायबाकिना ने आक्रामक खेल दिखाया और स्वियाटेक को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने आखिरी नौ में से आठ गेम जीतकर मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। इस जीत के साथ ही रायबाकिना ने स्वियाटेक के खिलाफ अपना आमने-सामने का रिकॉर्ड 6-6 से बराबर कर लिया। इस मैच में सर्विस का बड़ा रोल रहा। स्वियाटेक की पहली सर्विस केवल 49 प्रतिशत ही सफल रही, जिसका फायदा रायबाकिना ने लगातार उठाया। रायबाकिना ने पहले सेट में 0-40 की स्थिति से शानदार वापसी की और इसके बाद अपने अगले आठ सर्विस गेम में सिर्फ 12 अंक गंवाए।



रायबाकिना ने पिछले अक्टूबर से 19 में से 18 मुकाबले जीते हैं। यह उनकी लगातार आठवीं टॉप-10 खिलाड़ी के खिलाफ जीत है। 2022 विंबलडन चैंपियन रायबाकिना अब सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी और अपने तीसरे करियर ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेंगी।

# भारतीय टीम क्यों घर पर लगातार हार रही टेस्ट सीरीज

## राहुल द्रविड़ ने खोले सारे राज, बताया कहां हो रही गड़बड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम अक्टूबर 2024 से नवंबर 2025 के बीच दो टेस्ट सीरीज घर पर हार चुकी है. उसे न्यूजीलैंड ने 3-0 से मात दी तो साउथ अफ्रीका ने 2-0 से पीटा. इससे पहले 2012 से 2024 के बीच 12 साल तक भारत घर पर अजेय था.

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और हेड कोच राहुल द्रविड़ ने पिछले दो साल से घर पर टेस्ट सीरीज गंवाने के पीछे क्या कारण हैं. उनका कहना है कि खिलाड़ियों का तीनों फॉर्मेट खेलना, लाल गेंद के क्रिकेट की तैयारी के लिए पर्याप्त समय न मिलना और नतीजे निकालने वाली पिचें इसके पीछे की वजह हो सकती हैं. भारत ने 2012 से 2024 के बीच घर पर कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं गंवाई थी. लेकिन गौतम गंभीर के हेड कोच रहते अक्टूबर 2024 से नवंबर 2025 के दौरान 12 महीनों में दो सीरीज में घर पर हार मिली. पहले न्यूजीलैंड ने 3-0 से धूल चटाई. फिर साउथ अफ्रीका ने 2-0 से पीट दिया. भारत की घर पर टेस्ट में लगातार नाकामी पर द्रविड़ ने कुछ अहम बातें बताईं. उन्होंने 27 जनवरी को बेंगलुरु में एक इवेंट में कहा, 'एक कोच के रूप में जो बात मुझे समझ आई कि जो खिलाड़ी तीनों फॉर्मेट खेलते हैं वे एक फॉर्मेट से दूसरे में लगातार सक्रिय रहते हैं. ऐसा देखा गया है कि हमारे पास टेस्ट मैच से पहले तीन से चार दिन का समय रहता है और तब हम टेस्ट की प्रैक्टिस शुरू करते हैं. फिर पलटकर देखने पर लगता है कि इन खिलाड़ियों ने इससे पहले आखिरी बार



चार या पांच महीने पहले लाल गेंद का सामना किया था. यह एक चुनौती है. टेस्ट मैच में स्पिन लेती पिच या सीम वाली पिच पर घंटों तक खेलना आसान नहीं होता है. इसके लिए काबिलियत चाहिए होती है.'

महिला प्रीमियर लीग

# दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला प्रीमियर लीग 2026 में दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को खेले गए मुकाबले में गुजरात जायंट्स के खिलाफ 3 रन से हार का सामना करना पड़ा था। हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। जेमिमा पर धीमे ओवर रेट की वजह से 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। महिला प्रीमियर लीग की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह जुर्माना लीग के कोड ऑफ कंडक्ट के तहत मिनिमम ओवर-रेट से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण लगाया गया है। लीग ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा सीजन में यह जेमिमा रोड्रिग्स का पहला ओवर-रेट अपराध था। हार और जुर्माने का असर दिल्ली कैपिटल्स के पूरे अभियान पर साफ दिखाई दे रहा है। टीम 7 मैचों में छह अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गई है। नेट रन रेट -0.164 हो गया है। इससे प्लेऑफ में पहुंचने की उनकी राह कठिन हो गई है।



प्लेऑफ की संभावना को बनाए रखने के लिए दिल्ली को 1 फरवरी को यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ होने वाले अपने आखिरी लीग मुकाबले में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। गुजरात जायंट्स के खिलाफ मैच में दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, लेकिन स्नेह राणा और युवा बल्लेबाज निकी प्रसाद ने शानदार संघर्ष दिखाया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 70 रनों की अहम साझेदारी की, जिसने दिल्ली को मुकाबले में वापस ला दिया। राणा ने 15 गेंदों में 29 रन बनाए, जबकि प्रसाद ने सिर्फ 24 गेंदों पर 47 रनों की तूफानी पारी खेली। हालांकि, आखिरी ओवर में गुजरात की अनुभवी ऑलराउंडर सोफी डिवाइन ने बेहतरीन संयम दिखाया और सिर्फ नौ रन देकर दिल्ली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

# 61वां शतक ठोक रूट ने रचा इतिहास

## तोड़ दिया ब्रायन लारा का महारिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में शतक लगाकर जो रूट ने कई रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं. उन्होंने इस मुकाबले में 111 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली. ये उनके वनडे करियर का 20वां और अंतर्राष्ट्रीय करियर में कुल 61वां शतक रहा. इसी बीच उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में खास कीर्तिमान बना दिया है. वो अब सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में ब्रायन लारा को पीछे छोड़ आठवें नंबर पर आ गए हैं.

**ब्रायन लारा को पीछे छोड़ा-** श्रीलंका के खिलाफ 111 रनों की पारी खेलने के बाद जो रूट ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 506 पारियों में बल्लेबाजी करके 22,413 रन बना लिए हैं. उन्होंने ब्रायन लारा को पीछे छोड़ा, जिन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर में 22,358 रन बनाए थे. रूट अपने शानदार करियर में अब तक 61 शतक और 116 फिफ्टी लगा चुके हैं.



### अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में अब केवल सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, कुमार संगाकारा, रिकी पोंटिंग, महेला जयवर्धने, जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ ही उनसे आगे हैं.

- 34,357 रन - सचिन तेंदुलकर
- 28,215 रन - विराट कोहली
- 28,016 रन - कुमार संगाकारा
- 27,483 रन - रिकी पोंटिंग
- 25,957 रन - महेला जयवर्धने
- 25,534 रन - जैक्स कैलिस
- 24,208 रन - राहुल द्रविड़
- 22,413 रन - जो रूट

### विराट कोहली से बहुत पीछे

जो रूट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 22 हजार से अधिक रन बना चुके हैं, लेकिन इस सूची में वो विराट कोहली से बहुत पीछे हैं. विराट टी20 और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ ह्रष्ठढ्ढ मैच ही खेलते हैं. विराट के नाम 626 पारियों में 28,215 रन हैं. एक तरफ रूट ने 61 शतक लगाए हैं, वहीं विराट के नाम तीनों फॉर्मेट में 85 शतक हैं. अकेले एकदिवसीय क्रिकेट में ही विराट 54 सेंचुरी लगा चुके हैं, जो विश्व में सबसे अधिक हैं.

श्रीलंका वर्सेस इंग्लैंड

# श्रीलंका घर पर 5 साल बाद ओडीआई सीरीज हारा

## इंग्लैंड को 3 साल में पहली बार बाहर मिली जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड ने श्रीलंका को कोलंबो में 27 जनवरी को खेले गए आखिरी वनडे में हराकर तीन मैच की सीरीज 2-1 से अपने नाम की. इस नतीजे से दोनों ही टीमों के हालिया वनडे रिकॉर्ड पर अलग-अलग असर पड़ा. श्रीलंका को जहां पांच साल में पहली बार घर पर वनडे सीरीज में हार मिली थी. इंग्लैंड ने तीन साल बाद पहली बार घर से बाहर कोई वनडे सीरीज जीती. आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में कप्तान हैरी ब्रूक और जो रूट के शतकों से इंग्लिश टीम ने 357 रन का स्कोर बनाया. श्रीलंकाई टीम ने



मुकाबला अच्छा किया लेकिन 53 रन से हार मिली. उसकी तरफ से पवन रथनायके ने 121 रन की शतकीय पारी खेली. पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड की तरफ से बल्लेबाजों की मददगार पिच पर आतिशी खेल देखने को मिला. ब्रूक ने पांचवें नंबर पर आकर 66 गेंद में 11 चौकों व नौ छक्कों से 136 रन बनाए. रूट ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 108 गेंद में 111 रन की पारी खेली. जैकब बेथेल के बल्ले से 65 रन आए. श्रीलंका ने भी माकूल जवाब दिया. पथुम निसंका ने 25 गेंद में 50 रन उड़ा दिए तो बाकी बल्लेबाजों ने भी तेजी से रन जुटाए. इससे रनगति पकड़ में रही. मिडिल ऑर्डर में रथनायके ने खूंटा गाड़ दिया. उन्होंने वनडे करियर का पहला शतक लगाया. लेकिन दूसरी तरफ से विकेट लगातार गिरते रहे. नतीजा रहा कि श्रीलंकाई टीम 20 गेंद पहले ही सिमट गई. विकेट हाथ में रहते तो मैच जीता जा सकता था.

**इंग्लैंड को मार्च 2023 के बाद घर से बाहर ओडीआई सीरीज में मिली जीत-** इस नतीजे का असर यह हुआ कि इंग्लैंड ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की. उसे पहले मैच में हार मिली थी लेकिन आखिरी दोनों वनडे जीतकर शानदार वापसी की. यह इंग्लैंड की मार्च 2023 में बांग्लादेश में वनडे सीरीज जीतने के बाद घर से बाहर पहली सफलता रही. इस दौरान उसे वर्ल्ड कप 2023, चैंपियंस ट्रॉफी 2025, भारत दौरे, न्यूजीलैंड दौरे पर पराजय झेलनी पड़ी. श्रीलंका को 5 साल पहले घर पर किसने हराया था. श्रीलंका का घर पर पर 2021 से वनडे में चला आ रहा दबदबा समाप्त हुआ. उसने 2021 में शिखर धवन की कप्तानी वाली भारतीय टीम के सामने सीरीज गंवाने के बाद से घर पर सारी वनडे सीरीज जीती. इस दौरान 2024 में भारत को भी मात दी थी.

## संक्षिप्त समाचार

### फरीदाबाद के बीके अस्पताल के बंद कमरे में मिला कंकाल

● 2 साल पुराने राज खोलेगा डीएनए टेस्ट

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद के बीके (बादशाह खान) अस्पताल में ट्यूबवेल के बंद पड़े कमरे से एक कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कंकाल को कब्जे में लेकर ईएसआई मेडिकल कॉलेज में रखवा दिया है। बुधवार को इसका पोस्टमार्टम होगा।

**दो साल से खराब**



इस कंकाल के दो वर्ष पुराना होने की आशंका है, क्योंकि यह ट्यूबवेल दो वर्ष से खराब था और इसी वजह से यहां कोई आवाजाही नहीं थी। बीके अस्पताल में जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। कर्मचारी यहां पर अंडरग्राउंड केबल दबा रहे थे। बूंदाबांदी शुरू होने के कारण केबल दबा रहे कर्मचारी इस ट्यूबवेल के कमरे के अंदर पहुंचे तो वहां कंमाल पड़ा देख उल्टे पैर दौड़ लिए। उन्होंने इस मामले की सूचना स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को दी। स्वास्थ्य विभाग से सूचना मिलने के बाद एनआईटी-तीन पुलिस चौकी प्रभारी मनोज कुमार अपनी टीम के साथ पहुच गए। कुछ देर बाद एसजीएम नगर थाना एसएचओ सुनील कुमार और अपराध शाखा की टीम भी पहुंची। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर एनआईटी-तीन स्थित ईएसआई मेडिकल कॉलेज के शवगृहमें रखवा दिया। एनआईटी-तीन पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि यह कंकाल पुरुष का है या महिला। यह अभी पता नहीं चल सका है।

**नासिक में रफ्तार का कहर**

### सरकारी अफसर के नाबालिग बेटे ने बीएमडब्ल्यू से स्कूटर को मारी टक्कर

**नासिक, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नासिक में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां कथित तौर पर पुराना हिसाब चुकाने के इरादे से 16 साल के एक नाबालिग ने तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार से स्कूटर को पीछे से टक्कर मार दी। इस खौफनाक हादसे में स्कूटर सवार दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक आरोपी नाबालिग एक सरकारी अधिकारी का बेटा है। यह घटना शनिवार, 24 जनवरी को नासिक शहर के गंगापुर रोड इलाके में हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों किशोर सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, लेकिन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने उसे ट्रैक कर हिरासत में ले लिया।

**पुराने विवाद का बदला लेने का आरोप**–पुलिस के अनुसार, घायल हुए दोनों किशोर आपस में दोस्त हैं और घटना के वक्त गंगापुर रोड से गुजर रहे थे।

शिकायत में कहा गया है कि 16 वर्षीय आरोपी ने उन्हें पहचान लिया और बीएमडब्ल्यू से पीछा करते हुए स्कूटर को जानबूझकर पीछे से टक्कर मारी।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तीनों के बीच पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी रंजिश के चलते आरोपी ने गुस्से में आकर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि टक्कर मारने का मकसद सिर्फ डराना नहीं बल्कि जान से मारने का था।

**यूएस सांसद इल्हान उमर पर मिनियापोलिस में हमला**

# भाषण के दौरान फेंका तरल पदार्थ, हमलावर गिरफ्तार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद इल्हान उमर पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने अचानक हमला कर दिया। उमर मिनियापोलिस के एक टाउन हॉल में लोगों को संबोधित कर रहीं थीं, तभी हमलावर उनके करीब पहुंचा और उमर पर अज्ञात पदार्थ फेंक दिया।

मौके पर मौजूद पुलिस ने हमलावर को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**गृह मंत्री से की इस्तीफे की मांग**– दरअसल इसी महीने ट्रंप के आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंट ने मिनियापोलिस में एक महिला



की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इल्हान उमर इस घटना के खिलाफ भाषण दे रहीं थीं, तभी उनपर ये हमला हो गया। हमले से ठीक पहले उमर की खत्म करने और गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम के इस्तीफे की मांग कर रहीं थीं।

**भाषण के बीच हुआ हमला**– इल्हान उमर के भाषण के दौरान काले रंग की जैकेट में एक व्यक्ति उनके पास पहुंचा। उसके हाथ में एक सिरिंज थी। उसने सिरिंज को उमर की तरफ निशाना लगाते हुए दबाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिरिंज में कोई तरल पदार्थ भरा था, जिसमें से सिरके जैसी स्मैल आ रही थी। हालांकि, इस हमले में उमर को कोई चोट नहीं आई। हमले के बाद उमर घबरा गईं थीं, लेकिन उन्होंने खुद को संभालते हुए कहा कि वो डरने वाली नहीं हैं।

### फोरेंसिक टीम कर रही है जांच

मिनियापोलिस पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार करते हुए काउंटी जेल में मामला दर्ज किया है। उसके खिलाफ थर्ड कैटेगरी का अपराध दर्ज किया गया है। घटना की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने अज्ञात पदार्थ का सैंपल ले लिया है। घटना की जानकारी देते हुए इल्हान उमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷मैं ठीक हूं। ऐसे छोटे-मोटे हमलावर मुझे मेरा काम करने से नहीं रोक सकते हैं। मैं इनकी धमकियों से डरने वाली नहीं हूं। मेरा साथ देने वाले लोगों का मैं दिल से आभार व्यक्त करती हूं।

### ट्रंप की आलोचक हैं इल्हान उमर

इल्हान पर हमले के बाद व्हाइट हाउस की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इल्हान उमर को ट्रंप के कट्टर आलोचकों में गिना जाता है। ट्रंप भी कई बार उमर पर निशाना साध चुके हैं। दिसंबर में कैबिनेट मीटिंग के दौरान ट्रंप ने उमर को कचरा करार देते हुए उनके दोस्तों को भी कचरा बताया था।

# आधी रात से सिर्फ 85 सेकंड दूर...

**डूम्सडे क्लाक को क्यों कहा जाता है तबाही की घड़ी?**

**मास्को/वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया के परमाणु वैज्ञानिकों ने डूम्सडे क्लाक यानी प्रलय की घड़ी को अब तक की सबसे खतरनाक स्थिति में पहुंचा दिया है। यह घड़ी अब आधी रात से केवल 85 सेकंड दूर है, जो वैश्विक विनाश के बेहद नजदीक होने का संकेत माना जाता है। बुलेटिन आफ द एटामिक साइंटिस्ट्स संस्था ने बताया कि अमेरिका, रूस और चीन जैसे परमाणु शक्ति संपन्न देशों का आक्रामक रवैया, परमाणु हथियार नियंत्रण समझौतों का कमजोर होना, यूक्रेन और मध्य पूर्व के युद्ध,




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के खतरे और जलवायु परिवर्तन इस फैसले की मुख्य वजह हैं।

**प्रलय की घड़ी आधी रात से केवल 85 सेकंड दूर**– संस्था ने कहा कि बिना नियंत्रण के सैन्य सिस्टम में एआइ के इस्तेमाल से खतरे बढ़ रहे हैं। एआइ का दुरुपयोग जैविक हथियार बनाने और झूठी सूचनाएं फैलाने में भी हो सकता है। साथ ही जलवायु परिवर्तन से जुड़ी समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं। संस्था की अध्यक्ष एलेक्जेंड्रा बेल ने कहा कि यह स्थिति दुनिया भर में नेतृत्व की विफलता को दिखाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि बढ़ती राष्ट्रवादी सोच और ताकत दिखाने की राजनीति मानवता को और बड़े संकट की ओर ले जा रही है।

### क्या है डूम्सडे क्लाक, ये दुनिया के लिए चेतावनी क्यों?

डूम्सडे क्लाक कोई असली घड़ी नहीं, बल्कि एक प्रतीक है। इसे यह बताने के लिए बनाया गया है कि इंसान खुद अपने हाथों से दुनिया को खत्म करने के कितने करीब पहुंच गया है। इसमें आधी रात का मतलब है- वैश्विक तबाही, जैसे परमाणु युद्ध या ऐसी आपदा जिससे मानव सभ्यता बच न सके। इस घड़ी को 1947 में बुलेटिन आफ द एटामिक साइंटिस्ट्स नाम की संस्था ने शुरू किया था, जिसका गठन अल्बर्ट आइंस्टीन और जे राबर्ट ओपनहाइमर ने किया था। डूम्सडे क्लाक को हर साल वैज्ञानिकों और सुरक्षा विशेषज्ञों की एक टीम तय करती है। वे यह देखते हैं कि दुनिया में हालात कैसे हैं। अगर हालात बिगड़ते हैं तो घड़ी आधी रात के करीब लाई जाती है। अगर दुनिया सुरक्षित दिशा में जाती है तो घड़ी पीछे भी की जा सकती है। उदाहरण के लिए, शीत युद्ध के बाद एक समय यह घड़ी 17 मिनट दूर तक चली गई थी, जो सबसे सुरक्षित दौर माना गया।

# आतंक का नया गठजोड़, हमास और लश्कर कमांडर के बीच दोहा में मीटिंग

**दोह, एजेंसी।** दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय आतंकी संगठनों के बीच बढ़ते तालमेल की ओर इशारा करते हुए एक बड़ा खुलासा सामने आया है। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक सीनियर कमांडर फैसल नदीम ने पहली बार सार्वजनिक रूप से हमास से संपर्क और उसके शीर्ष नेताओं से मुलाकात की बात कबूल की है। इस कबूलनामे की वजह से भारत समेत अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। अमेरिकी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों की सूची में शामिल लश्कर और हमास के बीच यह सीधा संपर्क एक उभरते वैश्विक आतंकी नेटवर्क की ओर संकेत करता है।

**दोहा में हुई हमास नेतृत्व से मुलाकात**– एनडीटीवी रिपोर्ट के अनुसार, एक वीडियो में पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग के कमांडर फैसल नदीम ने



बताया कि उसने साल 2024 में कतर की राजधानी दोहा में हमास के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी। पीएमएमएल को लश्कर-ए-तैयबा का राजनीतिक मुखौटा माना जाता है।

फैसल नदीम के अनुसार, इस यात्रा में उसके साथ सैफुल्लाह कसूरी भी मौजूद था। कसूरी को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड बताया जाता है। नदीम ने दावा किया कि दोनों की मुलाकात हमास के वरिष्ठ नेता खालिद मशाल से हुई।

**भारतीय एजेंसियों के लिए अहम सबूत**– भारतीय खुफिया एजेंसियों का मानना है कि यह बयान दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व में सक्रिय आतंकी नेटवर्कों के बीच सीधे समन्वय का ठोस प्रमाण है। विश्लेषकों के मुताबिक, यह गठजोड़ लॉजिस्टिक्स, प्रचार और ऑपरेशनल अनुभव साझा करने तक सीमित नहीं रह सकता।

**अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठ सकता है मामला**

काउंटर-टेररिज्म विशेषज्ञों के मुताबिक, चूंकि हमास और लश्कर-ए-तैयबा दोनों ही अमेरिका समेत कई देशों द्वारा प्रतिबंधित आतंकी संगठन घोषित हैं, ऐसे में इनके बीच किसी भी तरह का सहयोग अंतरराष्ट्रीय कानूनों का गंभीर उल्लंघन है। भारतीय खुफिया तंत्र इस उभरते गठजोड़ पर कड़ी नजर रखे हुए है। अधिकारियों के अनुसार, इस मामले को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स और अन्य वैश्विक मंचों पर उठाने की संभावना भी तलाशी जा रही है।

### पहले भी सामने आ चुकी है नजदीकियों की तस्वीर

गौरतलब है कि इससे पहले हमास के वरिष्ठ कमांडर नाजी जहीर और लश्कर कमांडर राशिद अली संधू की मुलाकात को लेकर भी खबरें आई थी। ये मुलाकात पाकिस्तान के गुजरांवाला में हुई थी।

यह मुलाकात पीएमएमएल द्वारा आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हुई, जहां नाजी ज़हीर मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद थे और राशिद संधू एक राजनीतिक नेता की आड़ में शामिल हुआ था। एक वीडियो में दोनों को एक साथ मंच साझा करते देखा गया।

सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, इस तरह खुले मंच पर मौजूदगी लश्कर और हमास के बीच बढ़ते भरोसे और गहरे होते रिश्तों को दिखाती है। जानकारी के मुताबिक, नाजी जहीर अक्टूबर 2023 के बाद से अब तक करीब 15 बार पाकिस्तान का दौरा कर चुका है।

अधिकारियों का कहना है कि बार-बार की यात्राएं और सार्वजनिक कार्यक्रमों में मौजूदगी इस बात का संकेत हैं कि दोनों संगठन अब अपने रिश्तों को छिपाने में संकोच नहीं कर रहे।

# ऑस्ट्रेलिया की राह पर फ्रांस: 15 साल से छोटे बच्चे नहीं चला पाएंगे सोशल मीडिया, स्कूल में मोबाइल ले जाने पर भी रोक



**सिडनी, एजेंसी।** मीडिया के बढ़ते प्रभाव और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले उसके असर के मद्देनजर एक बड़े वैश्विक बदलाव के संकेत के रूप में आस्ट्रेलिया के बाद अब फ्रांस की नेशनल असेंबली ने भी एक ऐतिहासिक विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए इंटरनेट मीडिया के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। सोमवार देर रात हुए मतदान में इस विधेयक को 130-21 के भारी अंतर से पारित किया गया। यह कानून न केवल इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म्स को विनियमित करेगा, बल्कि हाई स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी पूरी तरह रोक लगाएगा।

**15 साल से छोटे बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन**– फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस कानून को फास्ट-ट्रैक करने का अनुरोध किया है ।

### बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु यह ऐतिहासिक कदम

इंटरनेट मीडिया के बढ़ते प्रभाव और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले उसके असर के मद्देनजर एक बड़े वैश्विक बदलाव के संकेत के रूप में आस्ट्रेलिया के बाद अब फ्रांस की नेशनल असेंबली ने भी एक ऐतिहासिक विधेयक को मंजूरी दे दी है।

इसके तहत 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए इंटरनेट मीडिया के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। सोमवार देर रात हुए मतदान में इस विधेयक को 130-21 के भारी अंतर से पारित किया गया।

# गियर अटकने से रनवे पर फिसला नासा का विमान

**आग और धुएं के बीच इमरजेंसी लैंडिंग**



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी स्पेस रिसर्च कंपनी नासा का एक प्लेन हवा में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान के दौरान प्लेन में कुछ तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण आनन-फानन में प्लेन को टेक्सस के एक हवाईअड्डे पर लैंड करवाया गया। लैंडिंग के दौरान प्लेन के पिछले हिस्से में आग और धुआं निकलने लगा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

ये नासा का एक रिसर्च प्लेन था, जिसकी इमरजेंसी बेली लैंडिंग हुई। प्लेन को टेक्सस के ह्यूस्टन में एलिंगटन हवाई अड्डे पर उतारा गया। तकनीकी खराबी के कारण प्लेन का लैंडिंग गियर नहीं खुल पाया, ऐसे में प्लेन रनवे पर फिसलते हुए लैंड हुआ।

**रनवे पर फिसलते हुए की लैंडिंग**– वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि प्लेन हवाई पट्टी पर उतरने के बाद रनवे पर फिसलने लगा है, जिसके बीच प्लेन के पिछले हिस्से से आग और धुआं निकल रहा है। नासा ने भी घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्लेन में मौजूद पायलट समेत सभी सदस्य बिल्कुल सुरक्षित हैं।

**मानसून से पहले तैयारी**

# गुरुग्राम में सड़क-सीवर समेत कई परियोजनाएं मंजूर




**नई दिल्ली , एजेंसी।** गुरुग्राम को अधिक व्यवस्थित और आधुनिक बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को मेयर राजरानी मल्होत्रा की अध्यक्षता में आयोजित वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक में 142 करोड़ रुपये की 25 विकास परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी दी गई। शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए इस बजट का एक बड़ा हिस्सा सीवर नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण, नई सड़कों के निर्माण और जलभराव की समस्या को जड़ से खत्म करने पर खर्च किया जाएगा। वहीं, स्वच्छता के क्षेत्र में सेकेंडरी कलेक्शन पॉइंट्स का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। बैठक में घनी आबादी वाले क्षेत्रों की वर्षों पुरानी और जर्जर हो चुकी सीवर व्यवस्था को सुधारने पर विशेष जोर दिया गया। सिविल लाइंस, सदर बाजार, जैकबपुरा और वार्ड-27 जैसे इलाकों में 600 मिमी व्यास वाली पुरानी सीवर लाइनों का पुनर्वास किया जाएगा। इससे शहर के मध्य क्षेत्र में आए दिन होने वाली सीवर ओवरफ्लो की समस्या से हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

**मानसून से पहले जल निकासी की तैयारी**– जलभराव से मुक्ति दिलाने के लिए सेक्टर-9 और 9ए सहित अन्य प्रभावित इलाकों में स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज (बरसाती नाला) सिस्टम बिछाने और डिस्पोजल नेटवर्क विकसित करने के प्रस्तावों को पास किया गया है। निगम का लक्ष्य है कि मानसून से पहले जल निकासी व्यवस्था को मजबूत कर दिया जाए तकि मुख्य सड़कों पर पानी जमा न हो।

**गुणवत्ता और समयसीमा पर ध्यान दिया जाएगा**–मेयर राजरानी मल्होत्रा ने कहा कि ये सभी योजनाएं सीधे तौर पर नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी हैं और इनका उद्देश्य गुरुग्राम को एक व्यवस्थित शहर बनाना है।

### अटल पार्क को विकसित किया जाएगा

एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत धर्मपुर गांव में अटल पार्क एवं अटल स्मृति केंद्र विकसित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई है। इस पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की एक प्रतिमा भी लगाई जाएगी। पार्क में अटल के स्मृति केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट सिस्टम में आधुनिक सीसीएमएस पैनल लगाए जाएंगे।

# गुरुग्राम की पालम विहार कॉलोनी के लिए नई गुड न्यूज, MCG ने बनाया विकास कार्यों का खाका



**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम की न्यू पालम विहार कॉलोनी के निवासियों के लिए एक नई गुड न्यूज है। हाल ही में नियमित हुई इस कॉलोनी में 6 करोड़ रुपये की लागत से बुनियादी ढांचे का कायाकल्प किया जाएगा।

मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लंबे समय से नरकीय जीवन जी रहे न्यू पालम विहार कॉलोनी के 20 हजार से अधिक लोगों की सुध लेते हुए गुरुग्राम नगर निगम ने विकास कार्यों का खाका तैयार कर लिया है। निगम आयुक्त द्वारा विस्तृत कार्य रिपोर्ट (डीपीआर) को मंजूरी मिलने के बाद अब टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बता दें कि न्यू पालम विहार कॉलोनी लंबे समय से नगर निगम की फाइलों में अवैध श्रेणी में होने के कारण विकास की दौड़ में पिछड़ी हुई थी।

यहां न तो पीने के पानी की सरकारी लाइन थी और न ही सीवर निकासी का कोई पुख्ता इंतजाम। स्थानीय निवासी अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा निजी टैंकरों से पानी मंगवाने और सीवर टैंक साफ करवाने में खर्च करने को मजबूर थे।

- **जल निकासी का अलग नेटवर्क तैयार होगा**– समस्या के स्थायी समाधान के लिए निगम ने जल निकासी का अलग नेटवर्क तैयार करने का निर्णय लिया है, जिससे बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या नहीं होगी। पाइपलाइन डालने के बाद सड़कों के पुनरुद्धार का काम भी इसी बजट के तहत किया जाएगा। वर्तमान में कॉलोनी की अधिकांश गलियां कच्ची हैं या टूट चुकी हैं, जिससे पैदल चलना भी दूभर रहता है।
- **सीवर व्यवस्था सुधरेगी**– छह करोड़ रुपये के इस बजट का एक बड़ा हिस्सा पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन नेटवर्क को मजबूत करने पर खर्च होगा। नई पाइपलाइन बिछने से लोगों को सीधे निगम की सप्लाई का स्वच्छ पानी मिल सकेगा। साथ ही, आधुनिक तकनीक से सीवर लाइन बिछाई जाएगी ताकि भविष्य में ओवरफ्लो या लीकेज की समस्या न रहे। इन कार्यों के पूरा होते ही क्षेत्र की स्वच्छता रैंकिंग में भी सुधार होने की उम्मीद है।

# निकाय चुनाव को ले कोषांगों का हुआ गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा विभिन्न निर्वाचन कोषांगों का गठन किया गया है। प्रत्येक कोषांग में एक वरीय पदाधिकारी एवं एक नोडल पदाधिकारी नामित किया गया हैं।

गठित कोषांगों का विवरण इस प्रकार है:- ***नगरपालिका निर्वाचन कोषांग*** वरीय पदाधिकारीः शताब्दी मजूमदार, उप विकास आयुक्त, बोकारो, नोडल पदाधिकारीः मो. शफीक आलम, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बोकारो। ***कार्मिक कोषांग***- वरीय पदाधिकारीः शताब्दी मजूमदार, उप विकास आयुक्त, बोकारो, नोडल पदाधिकारीः प्रेमचन्द्र कुमार सिन्हा, स्थापना उप समाहर्ता, बोकारो। ***मतपत्र एवं मतपेटिका कोषांग***- वरीय पदाधिकारीः मुमताज अंसारी, अपर समाहर्ता, बोकारो,नोडल पदाधिकारीः द्वारिका बेग, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी। ***सामग्री कोषांग***- वरीय पदाधिकारीः मेनका, निदेशक, भूमि परियोजना एवं पुनर्वास, नोडल पदाधिकारीः ऋतुराज कुमार प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी। ***परिवहन कोषांग***- वरीय पदाधिकारीः शताब्दी मजूमदार, उप विकास आयुक्त, बोकारो, नोडल पदाधिकारीः मारुति मिंज, जिला परिवहन पदाधिकारी। ***विधि-व्यवस्था सह आदर्श आचार संहिता कोषांग***- वरीय पदाधिकारीः शताब्दी मजूमदार, उप विकास आयुक्त, नोडल पदाधिकारीः प्रांजल ढांडा, अनुमंडल पदाधिकारी, चास एवं मुकेश मछुआ, अनुमंडल पदाधिकारी, बेरमो। ***हेल्पलाइन एवं जन शिकायत निवारण कोषांग***- वरीय पदाधिकारीः मुमताज अंसारी, अपर समाहर्ता, बोकारो, नोडल पदाधिकारीः मोहम्मद शफीक आलम, जिला पंचायत राज पदाधिकारी। ***प्रेक्षक कोषांग***- वरीय पदाधिकारीः मुमताज अंसारी, अपर समाहर्ता, बोकारो, नोडल पदाधिकारीः रवि कुमार, जिला खनन पदाधिकारी, बोकारो। ***प्रशिक्षण कोषांग***- वरीय पदाधिकारीः प्रभाष दत्ता, जिला नजारत सह उप समाहर्ता, बोकारो, नोडल पदाधिकारीः जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बोकारो एवं अतुल चौबे, जिला शिक्षा अधीक्षक, बोकारो। **मीडिया कोषांग**-वरीय पदाधिकारीः शताब्दी मजूमदार, उप विकास आयुक्त, बोकारो, नोडल पदाधिकारीः रवि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, बोकारो। ***निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग***- वरीय पदाधिकारीः मुमताज अंसारी, अपर समाहर्ता, बोकारो, नोडल पदाधिकारीः नवनीत निश्चल, राज्य कर सहायक आयुक्त, बोकारो अंचल। ***सूचना प्रौद्योगिकी कोषांग***- वरीय पदाधिकारीः मेनका, निदेशक, भूमि परियोजना एवं पुनर्वास, नोडल पदाधिकारीः धनंजय कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, बोकारो। ***नियंत्रण कक्ष***-वरीय पदाधिकारीः मुमताज अंसारी, अपर समाहर्ता, बोकारो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) द्वारा सभी नामित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें, ताकि नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

## दुर्घटना में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**निरसा**। बीती रात ईसीएल मुगमा के चापापुर कोलियरी ओसीपी के वाहन की चपेट में आने से 19 वर्षीय मिथुन कुम्भकार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिथुन प्राइवेट नौकरी से लौट रहा था। सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे, जहां परिजन 20 लाख रुपये मुआवजा एवं एक नियोजन की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। उनका आरोप है कि कंपनी ग्रामीण सड़क का उपयोग करती है, लेकिन सड़क पर लाइटिंग और सुरक्षा गार्ड्स जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं हैं।

परिजन और ग्रामीणों का कहना है कि जब तक प्रबंधन के साथ सकारात्मक वार्ता नहीं होती, तब तक शव यहीं रखा रहेगा और विरोध जारी रहेगा। इसी के चलते ओसीपी का परिचालन भी रुक गया है। स्थानीय प्रशासन और भाजपा जिलाध्यक्ष सहित कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और वार्ता की, लेकिन परिजनों की मांगें पूरी नहीं हो सकीं।

# नगरपालिका चुनाव में संपत्ति विरूपण पर सख्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के दौरान सार्वजनिक एवं निजी संपत्तियों के विरूपण को रोकने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड ने सख्त निर्देश जारी किया हैं। जिसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त अजय नाथ झा ने चास - बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी एवं आदर्श आचार संहिता कोषांग को कानून के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को निर्देशित किया है।

आयोग ने कहा है कि चुनाव प्रचार के समय अभ्यर्थियों एवं उनके समर्थकों द्वारा सरकारी एवं निजी भवनों की दीवारों पर पोस्टर चिपकाने, नारे लिखने, बैनर टांगने और चुनाव चिन्ह पेंट करने की लगातार शिकायतें मिलती रही हैं। इससे न केवल भवनों को नुकसान होता है बल्कि क्षेत्र की सुंदरता भी प्रभावित होती है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि संपत्ति विरूपण अधिनियम, 1987 की धारा-3 के अंतर्गत सार्वजनिक दृश्य में किसी भी प्रकार से संपत्ति को विरूपित करना दंडनीय अपराध है। दोषी पाए जाने पर छह माह तक की सजा, एक हजार रुपये तक जुमार्ना अथवा दोनों का प्रावधान है।

सभी अभ्यर्थियों को स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि बिना भवन मालिक की लिखित अनुमति के किसी भी सरकारी या निजी भवन, दीवार, चहारदीवारी या खंभों पर पोस्टर, बैनर, झंडा नहीं लगाए जाएंगे और न ही नारे लिखे जाएंगे।

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि चूंकि नगरपालिका निर्वाचन दलगत आधार पर नहीं हो रहा है, इसलिए किसी भी राजनीतिक दल के नाम, चिन्ह या बैनर-पोस्टर के माध्यम से प्रचार पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

अभ्यर्थी मतदाताओं के बीच पोस्टर या पर्ची वितरित कर सकते हैं, लेकिन मुद्रित सामग्री पर प्रेस का नाम एवं पता तथा हस्तलिखित सामग्री पर लेखक का नाम एवं पता अंकित होना अनिवार्य होगा।

सड़क संकेतक, मील के पत्थर, रेलवे लेवल क्रॉसिंग, प्लेटफॉर्म के नाम पट्ट, बस अड्डे एवं जन सुविधा हेतु लगाए गए सभी सूचना पट्टों को सार्वजनिक संपत्ति की श्रेणी में माना जाएगा।

यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा संपत्ति विरूपण की घटना सामने आती है, तो संबंधित अभ्यर्थी को अपने खर्चे पर विरूपण हटाकर संपत्ति को मूल स्वरूप में बहाल करना होगा। किसी भी परिस्थिति में सरकारी खर्च से विरूपण नहीं हटाया जाएगा।

संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। उल्लंघन की स्थिति में संपत्ति विरूपण अधिनियम, 1987 तथा भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बोकारो। जिला अंतर्गत नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं सुचारू संचालन को लेकर प्रशिक्षण कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता प्रशिक्षण कोषांग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने की। इस अवसर पर उन्होंने कोषांग में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्वाचन प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। वरीय प्रभारी द्वारा प्रशिक्षण की समयबद्धता, गुणवत्ता एवं राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी कर्मियों को समुचित एवं स्पष्ट प्रशिक्षण दिया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया निर्विघ्न संपन्न कराई जा सके। बैठक के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के स्पष्ट निर्धारण तथा समन्वय के साथ कार्य करने पर भी चर्चा की गई। साथ ही, सभी कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं गंभीरता के साथ करें।

# साहित्यलोक के 34वें स्थापना दिवस पर मिथिला एकेडमी में साहित्यिक समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। साहित्यिक संस्था साहित्यलोक के 34वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया। मिथिला सांस्कृतिक परिषद व साहित्यलोक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी, बोकारो जगरनाथ लोहरा, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ अतुल कुमार चौबे, मिथिला सांस्कृतिक परिषद के महासचिव नीरज चौधरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, सचिव दिलीप कुमार झा, मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा, विजय शंकर मल्लिक, साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर व महाकवि विद्यापति की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया। गायक उमेश कुमार झा ने सरस्वती वंदना व उदीयमान गायिका आंचल पाठक ने महाकवि विद्यापति की रचना जय जय भैरवि असुर भयाउनि.. की सुमधुर प्रस्तुति की। तबले पर हर्षित झा ने संगति की। इस अवसर पर



अमन कुमार झा द्वारा लिखित मैथिली नाटक पुस्तक 'टीक रखनिहार बाबा' का लोकार्पण किया गया। कवयित्री शैलजा झा ने इस नाटक पुस्तक पर समीक्षा आलेख प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि डीएसई डॉ चौबे ने इस साहित्यिक कार्यक्रम की सराहना की।प्रथम सत्र का संचालन उमेश कुमार झा ने किया।

दूसरे सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार सुखनंदन सिंह 'सदय' की अध्यक्षता व सुनील मोहन ठाकुर के संचालन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।काव्यपाठ की शुरूआत कवि अरुण पाठक ने की।

साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा ने साहित्यलोक के संस्थापक शिक्षाविद तुलानंद मिश्र, वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा व गिरिजा नंद झा 'अर्धनारीश्वर' सहित इस संस्था से आत्मीयता से जुड़े रहे कुमार मनीष अरविंद, भुटकुन झा, उदय कुमार झा, महाकवि स्वर्गीय दया कांत झा, विनय कुमार मिश्र आदि के योगदान को स्मरण किया।

# निकाय चुनाव को ले प्रपत्र पांच की सूचना का प्रकाशन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगर पालिका) सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के क्रम में बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे प्रपत्र पाँच का विधिवत सूचना का प्रकाशन किया। इसके साथ ही संबंधित निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अगले चरण में प्रवेश कर गई है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रपत्र पाँच के प्रकाशन के उपरांत निर्वाचन से जुड़ी आगे की सभी कार्रवाइयां राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप संपन्न की जाएंगी।

उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी निर्वाचन संपन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

साथ ही उन्होंने आम मतदाताओं से अपील की कि वे निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें। प्रशासन द्वारा निर्वाचन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की जा रही हैं तथा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

# कृषि मेला सह प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में किसान हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा आज आयोजित विशाल जिला स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें जिले के गोविंदपुर, धनबाद, तोपचांची, बाघमारा, बलियापुर, कलियासोल, निरसा, पूर्वी टुंडी, एगारकुंड सहित विभिन्न प्रखंडों से आए हजारों की संख्या में किसानों ने अपने उत्पादों के साथ उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि कृषि मेला सह पदर्शनी का उद्देश्य किसानों के समग्र विकास के लिए किया गया है। उनके ज्ञानवर्धन के साथ उत्कृष्ट कृषि उत्पादों का प्रदर्शन करने का प्लेटफॉर्म मिला है। किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और



उनकी समस्याओं का सीधा समाधान करना भी इसका उद्देश्य है। उन्होंने कहा प्रदर्शनी में सॉइल टेस्टिंग के तीन एवं दो मिनी लैब भी हैं। जहां किसानों को खेती और उत्पाद बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन मिला है। किसानों को मोडर्न खेती के साथ जैविक खेती के बारे में भी बताया गया है। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी डॉ अभिषेक मिश्र ने मंच से किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी हर छोटी-बड़ी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग का लक्ष्य किसानों की आय दोगुनी करना और उन्हें हर संभव सरकारी लाभ पहुंचाना है।

मेले के दौरान किसानों ने सिंचाई, खाद की उपलब्धता और आधुनिक उपकरणों से जुड़ी अपनी समस्याओं से उप विकास आयुक्त को अवगत कराया। उप विकास आयुक्त ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और किसानों को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को किसानों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया।

मौके पर उप विकास आयुक्त सन्नी राज, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी डॉक्टर अभिषेक मिश्र, जिला सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश, जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण, विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड प्रमुख व अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

## राजस्व ग्रामों में लगाए गए शिविरों का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार मछियारा को स्वावलम्बी पंचायत बनाने को लेकर विगत दस दिनों से विभिन्न राजस्व ग्रामो में लगाए जा रहे शिविर का आज समापन हो गया। गुरूजी स्व. शिबू सोरेन के कर्म भूमि रहे यह पंचायत मुख्यतः आदिवासी बहुल इलाका है जिनको शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, शुद्ध पेयजल आदि बुनियादी सुविधाओ एवं आधारभूत संरचनाओं का आकलन कर लोगो से आवेदन लेकर कुछ का निराकरण शिविर में ही कर दिया गया। जबकि बाकि आवेदन लेकर अग्रसर कार्यवाही के लिए जिला भेज दिया गया।

पिछले उन्नीस जनवरी से अट्ठाइस जनवरी तक विभिन्न गाँवो में कैम्प लगाकर सभी छूटे लाभुकों का नया आधार, सुधार एवं अद्यतन, पेंशन ऑन स्पोर्ट स्वीकृति, जन्म, जाती, आवासीय, आय प्रमाण पत्र निर्माण आदि शिविर में ही किया गया। जबकि आवास आदि का आवेदन लेकर अग्रसारित कर दिया गया। शिविर के लगाने से ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यो को घर के बगल में हो गया।

# बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए बायो-टॉयलेट की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। बोकारो इस्पात संयंत्र के अंदर शॉप फ्लोर में कार्यरत महिला कर्मियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके लिए नवीनतम तकनीक युक्त बायो टॉयलेट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इस कड़ी में पहला बायो-टॉयलेट 28 जनवरी को कोल्ड रोलिंग मिल विभाग में उपलब्ध कराया गया. ज्ञातव्य है कि संयंत्र के शॉप फ्लोर में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए सीईडी विभाग के माध्यम से अलग-अलग विभागों में कुल चार बायो-टॉयलेट लगाया जाएगा।

## बीएसएल में आरएमपी एवं सिंटर प्लांट संचालन को मिली मजबूती

बोकारो इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग के सीएसपी-1 में नवीनीकृत एयर कंप्रेसर का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (यूटिलिटीज) एसआर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) प्रकाश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) पी. चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एंड सीसी) बी. प्रसाद, महाप्रबंधक (आरएमपी)एमके सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि बोकारो इस्पात संयंत्र में ईएसपी फ्ल्यू डस्ट का निर्वासन, आरएमपी विभाग के निर्बाध संचालन तथा सिंटर प्लांट में सिंटर निर्माण प्रक्रिया के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह प्रक्रिया सीओ एंड सीसी के सीएसपी-1 में स्थापित एयर कंप्रेसर के माध्यम से संचालित होती है। उपकरण की अधिक आयु एवं अन्य तकनीकी कारणों के चलते यह एयर कंप्रेसर दिनांक 09 जनवरी 2026 को खराब होकर गैर-कार्यात्मक हो गया, जिसके परिणामस्वरूप निर्वासन प्रक्रिया बाधित हुई और आरएमपी एवं सिंटर प्लांट के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने लगा।

इस चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने हेतु मुख्य महाप्रबंधक (यूटिलिटीज) एस.आर. सिंह के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। सहायक महाप्रबंधक (एसीवीएस) पंकज कुमार एवं उप प्रबंधक (गैस यूटिलिटीज) आर.एन. देव के नेतृत्व में एसीवीएस एवं गैस यूटिलिटीज टीम ने इस समस्या के इन-हाउस समाधान का दायित्व संभाला। टीम द्वारा हॉट स्ट्रिप मिल में उपलब्ध एक निष्क्रिय एयर कंप्रेसर की पहचान की गई तथा आंतरिक संसाधनों के माध्यम से उसे पुनः कार्यशील बनाते हुए सीओ एंड सीसी के सीएसपी-1 स्थित कंप्रेसर हाउस में सफलतापूर्वक स्थानांतरित एवं स्थापित किया गया।

इस कार्य के निष्पादन में सेंट्रल मेंटेनेंस, सिंटर प्लांट, हॉट स्ट्रिप मिल, सीओ एंड सीसी, सीईडी एवं आरएमपी विभागों का उल्लेखनीय सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय के परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण कार्य रिकॉर्ड समय में पूर्ण किया जा सका। इस उपलब्धि में सेंट्रल मेंटेनेंस (मैकेनिकल) विभाग के एस.पी. वर्मा एवं पी.के. महतो की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

# तम्बाकू के अन्दर 4000 से अधिक जहरीले तत्व होते हैं : जिला परामर्शी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के संयुक्त तत्वधान में सेमिनार का आयोजन सेक्टर 12 स्थित डी ए वी इस्पात विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के शिक्षक गौतम कुमार के द्वारा किया गया।

जिला परामर्शी मो असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव पर जानकारी दिया गया। सभागार में उपस्थित सभी बच्चों को बताया गया कि तम्बाकू का सेवन किसी भी रूप में लिया जाय तो हमारे शरीर को नुकसान करता है। भारत में लगभग कुल 27 करोड 50 लाख लोग किसी न किसी रूप से तम्बाकू का प्रयोग करते है। जिसमे झारखण्ड में 5.1 प्रतिशत बच्चे 13-15 आयु वर्ग के तम्बाकू का प्रयोग करना शुरू कर देते हैं। जिला परामर्शी ने बताया कि कम आयु में निकोटीन का लत लगना शरीर को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाता है तम्बाकू मनुष्य के शरीर में 4000 से अधिक जहरीले तत्व होते हैं जो शरीर में जाने के बाद कई बीमारियां पैदा करती हैं। जैसे हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर, फेफडे का कैंसर, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर, दांत खराब होना, बाल का गिरना, मोतियाबिन्द, अस्थमा, आदि है। बच्चों को तम्बाकू छोडने हेतु तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व उसमें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई साथ ही तम्बाकू छोडने हेतु टाल फ्री नं0 1800-11-



2356 को भी साझा किया गया।

डॉ प्रशान्त कुमार मिश्रा मनोचिकित्सक सदर अस्पताल बोकारो द्वारा सभी विद्यार्थी को तनाव क्या है? इसके प्रकार जैसे सकारात्मक तनाव व नकारात्मक तनाव के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि सकारात्मक तनाव हमें समस्याओं का सामना करने के लिए प्रेरित करता है। सभी छात्रों को बताया गया कि तनाव के मुख्य कारण पढाई में अव्वल आना, आर्थिक तंगी होना, नींद न आना, पारिवारिक समस्या होना, दैनिक परेशानियां हैं।

डॉ प्रशान्त कुमार मिश्रा मनोचिकित्सक सदर अस्पताल बोकारो द्वारा सभी बच्चों को बताया गया यदि आपको यह शारीरिक लक्षण महसूस हो जैसे थकान, सिरदर्द, नींद के पैटर्न में बदलाव, पाचन में बदलाव, खटटी डकार आना, सांस फूलना, भ्रम की स्थिति, निर्णय लेने मे कठिनाई व आत्म विश्वास की कमी महसूस हो तो आप समझ सकते है कि आपको मानसिक तनाव है।

डॉ प्रशान्त कुमार मिश्रा मनोचिकित्सक सदर अस्पताल बोकारो द्वारा सभी बच्चों व शिक्षको को बताया गया कि हम अपने आपको को तनाव से मुक्त रखने के लिये क्या तरीका अपना सकते है। इसके लिये सुगंध का सहारा लें, गर्म पानी से नहायें, शराब का सेवन बिल्कुल नही करें, योग करे, टाईम मैनेजमेन्ट के अनुसार कार्य करें, अपनी सीमाओं को समझें, बहसबाजी न करे, चाय काफी का सेवन कम करें आदि। डा0 मिश्रा द्वारा अन्त में सभी लोगों को बताया गया कि तनाव से आजकल हर कोई ग्रसित है। सभी शारीरिक और मानसिक परेशानियों का जड तनाव ही है। एक सामान्य सा लगने वाला तनाव भी कई बीमारियों को जन्म देता है जिससे छुटकारा पाना आसान नही होता है इस लिए छोटी छोटी बातो को मन पर हावी न होने दें यदि किसी को मानसिक सम्बन्धित कोई सुझाव लेना है तो टाल फ्री नं0 14416 पर सम्पर्क कर सकते है।

इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य सुनील कुमार, शिक्षक गौतम कुमार, जयन्त संडिलिया के साथ जिला परामर्शी मो0 असलम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास के अलावा विद्यालय के बच्चे व कर्मी उपथित थे।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत, आज पेटरवार प्रखंड के पेटरवार +2 उच्च विद्यालय के मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय खिलाड़ियों की टीमों ने भाग लिया और सड़क सुरक्षा के प्रति युवाओं में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग को सड़क सुरक्षा के नियमों को खेल-खेल में सीखने और अपनाने के लिए प्रेरित करना। यह टूर्नामेंट राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत स्थानीय प्रशासन की पहल का हिस्सा था, जिससे ट्रैफिक नियमों का पालन और सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा मिले। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी पेटरवार द्वारा टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों को ट्रॉफी, मेडल तथा सुरक्षा जागरूकता पोस्टर वितरण कर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के बीच में यातायात विभाग के प्रतिनिधियों ने भी खिलाड़ियों एवं दर्शकों को हेलमेट पहनने, गति सीमा का पालन करने और मोबाइल का उपयोग न करने जैसे नियमों का महत्व को समझाया। कार्यक्रम का समापन एक सड़क सुरक्षा शपथ के साथ किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों और दर्शकों ने हम सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे तथा दूसरों को भी प्रेरित करेंगे जैसी शपथ लिया।

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल फोन नंबर: 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com**